नई दिल्ली
रविवार, 5 मई, 2024
वैशाख मास कृष्ण पक्ष, द्वादशी वर्ष : 28, अंक : 24
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 41
न्यून. 27

हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

11 एशियन अंडर-22 : भारतीयों ने पक्के किए रिकॉर्ड 43 पदक

देश का बजट 48 लाख करोड़ है, 70 करोड़ महिलाएं हैं, कहां से लाएगी कांग्रेस 70 लाख करोड़

भाजपा के प्रदेश चुनाव प्रभारी नितिन नवीन से हरिभूमि और आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी का चुनावी संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खास खबर

भाजपा के छत्तीसगढ़ प्रदेश चुनाव प्रभारी और बिहार के मंत्री नितिन नवीन का कहना है कि कांग्रेस की महिलाओं को एक-एक लाख देने की योजना पूरी तरह से हवा हवाई है। देश का बजट 48 लाख करोड़ का है, देश में 70 करोड़ महिलाओं की आबादी है, कांग्रेस बताएं 70 लाख करोड़ कहां से लाकर देगी महिलाओं को। कोई भी योजना बनाने से पहले यह तो देखना रहता है कि पैसा कहां से आएगा। हरिभूमि और आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी से चुनावी संवाद में उनसे हुई बातचीत प्रस्तुत है।

■ *नींद कितनी उड़ी हुई है आपकी, विधानसभा चुनाव के बाद सो भी नहीं पाएं होंगे लोकसभा का चुनाव आ गया?*

■ नींद हमारी उड़ी हुई नहीं है। हमारे कार्यकर्ता मेहनतकश हैं। लगातार मेहनत करके प्रदेश में सरकार बनाने का काम किया है। हम वो लोग हैं जो एक सफलता के बाद अगली सफलता के लिए संघर्ष करने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। हमारे प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, राष्ट्रीय अध्यक्ष हमेशा एक नई चुनौती को सामने रखते हैं। हम लोग भी उनकी प्रेरणा से काम करने वाले लोग हैं। किसी भी तरह की कोई परेशानी नहीं है। सभी काम में लगे हैं।

▶▶ **छत्तीसगढ़ में 11 में से 9 सीटों पर नए चेहरों को मैदान में उतारने का कारण क्या है?**

▶▶ भाजपा में कई बार अलग-अलग निर्णय होते हैं। दिल्ली नगर निगम में पार्टी ने एक बार तय किया जितने भी पार्षद हैं वो चुनाव लड़वाने का काम करेंगे और नए चेहरे चुनाव लड़ेंगे। कई बार लोग संगठन में भेजे जाते हैं, कई बार सरकार में भेजे जाते हैं। पार्टी अपना आकलन करके तय करती है कि किसको क्या जिम्मेदारी देनी है।

▶▶ **एक तरफ आप लोग 25 करोड़ को गरीबी से बाहर बताते हैं, एक तरफ 80 करोड़ को मुफ्त राशन की बात करते हैं, यह तो विरोधाभास है?**

▶▶ कोरोनाकाल में हर व्यक्ति एक वक्त के खाने के लिए परेशान था, तब प्रधानमंत्री ने देश के ऐसे व्यक्तियों की चिंता करने का काम किया। पीडीएस के माध्यम से हम 80 करोड़ परिवारों की सेवा कर रहे हैं। आज अगर 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं तो यह भी हमारी उपलब्धि है।

▶▶ **राहुल गांधी कहते हैं सरकार बनी तो महिलाओं को एक-एक लाख रुपए साल का देंगे?**

▶▶ पांच साल में ये छत्तीसगढ़ में महिलाओं को पांच सौ रुपए नहीं दे पाएं। हमारी सरकार बनने पर हमने वादे के मुताबिक महिलाओं को एक-एक हजार देना प्रारंभ कर दिया है। तीन किस्त भी मिल गईं हैं। जहां तक कांग्रेस की योजना का सवाल है तो कांग्रेस को बताना चाहिए, देश का बजट है 48 लाख करोड़ का और देश में महिलाओं की आबादी है 70 करोड़, ये इनको देने के लिए कहां से पैसा लाएंगे। ये 70 लाख करोड़ कहां से लाएंगे। कौन से घोटाले से लाएंगे। कॉमनवेल्थ घोटाले से या ▶▶ शेष पेज 5 पर

DHIRSONS
JEWELLERS PVT. LTD.
DHIRAJ DHIR GROUP
₹65800/-
LAJPAT NAGAR-II: D-32, Central Market
New Delhi - 110024, Ph: 47284728

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

पीएम मोदी आज अयोध्या में करेंगे रोड शो

अयोध्या। पीएम नरेंद्र मोदी आज अयोध्या आ रहे हैं। नामांकन से पहले पीएम मोदी रामलला के दर्शन कर आशीर्वाद भी लेंगे। वे यहां रोड शो करेंगे। मोदी का रोड शो राम मंदिर के गेट से शुरू होकर लता मंगेशकर चौक तक जाएगा। इस दौरान राम पथ के दोनों तरफ उनके स्वागत के लिए तय 80 पाइंट पर विभिन्न वर्ग के करीब एक लाख लोग पुष्प वर्षा के साथ पीएम का स्वागत करने के लिए खड़े रहेंगे। रोड शो शाम चार बजे राम जन्मभूमि पथ से शुरू होगा।

नीट परीक्षा आज, जूते बड़े बटनों वाली पैंट बैन

नई दिल्ली। मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट का आयोजन आज देशभर के 571 शहरों में पेन पेपर मोड में होगा। एग्जाम 13 भाषाओं में दोपहर 2 बजे से 5.20 बजे तक होगा। इस वर्ष 23,81,833 उम्मीदवारों ने पंजीकरण कराया है। परीक्षार्थियों को जूते पहनने और कई चेनों वाले और बड़े बटनों वाले पेंट पहनने की अनुमति नहीं है। जूलरी पहनने, सन ग्लासेस, घड़ी, टोपी पहनकर एग्जाम देने की अनुमति नहीं है। धर्म से जुड़ी चीजें पहन रहे हैं, तो उन्हें दोपहर 12.30 बजे तक रिपोर्ट करना होगा।

सात मई को होने हैं तीसरे चरण के चुनाव

◆ **चुनावी वाकयुद्ध :** मंगलसूत्र मुद्दे के बाद हर हमले का जवाब दे रही हैं प्रियंका, वहीं भाजपा भी हमलावर

पीएम ने राहुल को कहा- 'शहजादा' प्रियंका ने मोदी को बोला- 'शहंशाह'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के मतदान नजदीक हैं। ऐसे में दिग्गज नेताओं में वाकयुद्ध जारी है।

शनिवार को गुजरात के बनासकांठा पहुंची प्रियंका ने पीएम नरेंद्र मोदी पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि जब राहुल 4000 किलोमीटर चले थे तो पीएम मोदी अपने महल में बैठे थे और उन्हें किसानों की दुर्दशा समझ में नहीं आएगी। मालूम हो कि प्रधानमंत्री मोदी अपने चुनावी भाषणों में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को शहजादा कहते रहे हैं। 3 मई को पीएम ने अमेठी से चुनाव नहीं लड़ने को लेकर राहुल गांधी की आलोचना करते हुए कहा था कि मैंने आपको पहले बताया था कि शहजादा वायनाड में हार के डर से अपने लिए एक और सुरक्षित सीट की तलाश शुरू कर देगा। वह 2019 में अमेठी हारने के बाद इतना डर गया था कि उसने दक्षिण ▶▶ शेष पेज 5 पर

3 मई को पीएम ने अमेठी से चुनाव नहीं लड़ने को लेकर राहुल गांधी की आलोचना करते हुए कहा था कि मैंने आपको पहले ही बताया था कि शहजादा वायनाड में हार के डर से अपने लिए एक और सुरक्षित सीट की तलाश शुरू कर देगा।

प्रियंका बोलीं- मेरा भाई 4 हजार किमी पैदल चला तब आप महलों में बैठे थे

▶▶ ***प्रियंका ने पूछा-क्या आपने पीएम मोदी को किसी किसान से मिलते देखा है?***

▶▶ ***हम सभी को संविधान के महत्व को समझना होगा***

सिर्फ बड़े लोगों की चिंता आम आदमी की नहीं

कांग्रेस नेत्री ने आगे कहा कि पीएम मोदी मेरे भाई को 'शहजादा' कहते हैं। मैं आपको बताना चाहती हूं कि मेरा भाई 4,000 किलोमीटर चला, देश के लोगों से मिला और उनसे पूछा कि उनके जीवन में क्या समस्याएं हैं। दूसरी ओर सम्राट नरेंद्र मोदी महलों में रहते हैं वह किसानों और महिलाओं की मजबूरी को कैसे समझ पाएंगे? नरेंद्र मोदी सत्ता से घिरे हुए हैं। उनके आसपास के लोग उनसे डरते हैं, अगर कोई आवाज उठाता भी है तो उस आवाज को दबा दिया जाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें सिर्फ बड़े लोगों की चिंता है, आम आदमी की नहीं। आज के प्रधानमंत्री की कार्यशैली देखिए। गुजरात ने पीएम मोदी को सम्मान दिया, सत्ता दी, लेकिन वह सिर्फ बड़े लोगों के साथ ही नजर आते हैं। क्या ▶▶ शेष पेज 5 पर

ये चुनाव गरीब चाय वाले के बेटे और चांदी का चम्मच लेकर पैदा हुए राहुल के बीच : शाह

दमन। केंद्र शासित प्रदेश दमन और दीव के दमन शहर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि मौजूदा चुनावी मुकाबला एक गरीब चाय बेचने वाले के बेटे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चांदी का चम्मच लेकर पैदा हुए राहुल गांधी के बीच है। उन्होंने कहा कि मोदी ने मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में अपने 23 साल के कार्यकाल के दौरान कभी कोई छुट्टी नहीं ली। वहीं, राहुल बाबा भारत में गर्मी बढ़ने पर थाईलैंड के बैंकॉक चले जाते हैं। एक तरफ 'इंडी' गठबंधन से जुड़ी पार्टियां हैं जिन पर 12 लाख करोड़ रुपए के घोटाले और भ्रष्टाचार का आरोप है। दूसरी तरफ, हमारे पास 23 साल के साफ-सुथरे कार्यकाल वाले मोदी हैं। शाह ने आरोप लगाया कि 'इंडिया' गठबंधन ने दलितों, आदिवासियों और पिछड़े वर्गों के लिए ▶▶ शेष पेज 5 पर

आज से थम जाएगा लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण का प्रचार

7 मई को 12 राज्यों की 93 सीटों में होगा मतदान, इनमें गुजरात की 26

कर्नाटक की 14, महाराष्ट्र की 11, यूपी की 10, मप्र की 8, छग की 7, बिहार की 5, असम व पश्चिम बंगाल की 4-4, गोवा और दादर नगर हवेली की 2 सीट शामिल हैं।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

7 मई को आम चुनाव के लिए तीसरे चरण की वोटिंग होगी, इसमें 12 राज्यों के 94 लोकसभा क्षेत्रों में वोट डाले जाएंगे। इन सीटों पर चुनाव प्रचार 5 मई को शाम 6 बजे से थम जाएगा। इनमें गुजरात की 26, कर्नाटक की 14, महाराष्ट्र की 11, यूपी की 10, मप्र की 8, छग की 7, बिहार की 5, असम व पश्चिम बंगाल की 4, गोवा और दादर नगर हवेली की 2 सीट शामिल हैं।

चुनाव आयोग ने जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग रजौरी सीट पर मतदान की तिथि बदल थी। अब इस सीट पर 7 मई को तीसरे चरण में मतदान नहीं होगा। अनंतनाग रजौरी लोकसभा सीट के लिए 25 मई को छठे चरण में वोटिंग होगी। अभी तक दो चरणों में 190 सीटों पर मतदान हो चुका है। पहले चरण में 19 अप्रैल को 66.14 फीसदी वोटिंग हुई थी और दूसरे चरण में 26 अप्रैल को 66.71 फीसदी मतदान हुआ था। तीसरे चरण के मतदान के बाद 284 सीटों पर मतदान की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी।

हाई प्रोफाइल सीटों पर होगी वोटिंग

मध्य प्रदेश से 2 और कर्नाटक से एक पूर्व सीएम की प्रतिष्ठा दांव पर

तीसरे चरण के चुनाव में कई दिग्गजों का भविष्य टिका हुआ है। मध्यप्रदेश के विदिशा में शिवराज सिंह चौहान, गुना शिवपुरी से ज्योतिरादित्य सिंधिया और राजगढ़ में दिग्विजय सिंह के लिए भी तीसरे चरण में वोट डाले जाएंगे। छत्तीसगढ़ की कोरबा और रायपुर जैसी हाई प्रोफाइल सीटों पर सात मई को वोटिंग होगी, जहां से सरोज पांडे और बृजमोहन अग्रवाल चुनाव लड़ रहे हैं। यूपी में मुलायम परिवार के अक्षय यादव, डिंपल यादव, आदित्य यादव के भाग्य का फैसला भी गुरुवार को होगा। आगरा में एस पी सिंह बघेल और एटा में राजवीर सिंह की सीटों पर थर्ड फेज में मतदान होगा। 7 मई को महाराष्ट्र की 11 लोकसभा सीटों पर भी वोट डाले जाएंगे। बारामती सीट पर ▶▶ शेष पेज 5 पर

खेतों के किनारे बैठा देख ग्रामीण डरे

राजस्थान पहुंचा चीता ट्रैंकुलाइज कर वापस कूनो ले आई टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कूनो नेशनल पार्क से नर चीता पवन एक बार फिर बाहर निकलकर राजस्थान पहुंच गया। करीब 50 किमी पैदल चलते हुए नर चीता पवन चंबल नदी को पार करके राजस्थान के करौली जिले की सीमा में जा पहुंचा। शनिवार की सुबह राजस्थान के करौली जिले के सिमारा गांव के ग्रामीणों की नींद खुली तो उन्हें पवन खेतों के किनारे दिखा। इसके बाद यहां गांव के ग्रामीणों की भीड़ लग गई। राजस्थान पहुंची श्योपुर के कूनो पार्क की टीम ने राजस्थान के वन विभाग के अधिकारियों की सहयोग से पवन ट्रैंकुलाइज ▶▶ शेष पेज 5 पर

भाजपा उम्मीदवार संबित पात्रा की राह हुई आसान

पुरी से कांग्रेस उम्मीदवार सुचारिता ने वापस किया टिकट, कहा- चुनाव के लिए पैसे नहीं

एजेंसी ▶▶ पुरी

ओडिशा में कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। पुरी से कांग्रेस उम्मीदवार सुचारिता मोहंती ने अपना टिकट पार्टी को वापस कर दिया है। उनका कहना है कि उनके पास चुनाव प्रचार के लिए पैसे नहीं हैं। चुनाव लड़ने के लिए पार्टी ने फंड ही नहीं दिया, यही वजह है कि वह अपना टिकट वापस कर रही हैं। बता दें कि सुचारिता मोहंती पुरी में कांग्रेस के टिकट पर भाजपा नेता संबित पात्रा के खिलाफ चुनावी मैदान में थीं। लेकिन अब वह पीछे हट गई हैं। मोहंती का कहना ▶▶ शेष पेज 5 पर

अपने दम पर प्रचार के लिए फंड नहीं जुटा सकी

सुचारिता मोहंती ने चुनाव लड़ने से इनकार करते हुए कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल को एक चिट्ठी लिखी। इसमें उन्होंने चुनाव लड़ने से मना कर दिया। बता दें कि इससे पहले सूरत और इंदौर में भी कांग्रेस उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया था, अब पुरी में भी बिल्कुल वैसा ही हुआ है। सुचारिता का कहना है कि अपने दम पर वह चुनाव प्रचार के लिए पैसे नहीं जुटा सकीं, इसीलिए उन्होंने चुनाव नहीं लड़ने का फैसला लिया है।

पुंछ में वायुसेना के वाहनों पर आतंकियों ने की गोलीबारी

एक जवान शहीद, 4 घायल हुए सेना ने भी दिया 'करारा जवाब'

एजेंसी ▶▶ पुंछ

जम्मू-कश्मीर के पूंछ में आतंकियों ने एक बार फिर कायराना हरकत की है। जानकारी के मुताबिक दहशतगर्दों ने पुंछ के सुरनकोट में वायुसेना के वाहनों पर गोलीबारी की है।

हमले को अंजाम देकर आंतकी मौके से फरार हो गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि हमला शाम को छह बजे के करीब शशिधर के पास हुआ जब वाहन जिले के सुरनकोट इलाके में सनाई टॉप की ओर जा रहे थे। शुरुआती जानकारी के मुताबिक हमले में पांच जवान घायल हुए हैं, अस्पताल में उपचार के लिए ले जाया गया है। इलाज के दौरान एक जवान ने दम तोड़ दिया। एक जवान गंभीर रूप से घायल है। हमले के दौरान अन्य ▶▶ शेष पेज 5 पर

अनंतनाग में खाई में गिरा सेना का वाहन

दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के वेरीनाग इलाके में एक वाहन के खाई में गिर जाने से एक सैन्यकर्मी की मौत हो गई और नौ अन्य घायल हो गए। एक अधिकारी ने बताया कि 19 आरआर का सेना वाहन बटागुंड वेरिनाग में सड़क से फिसलकर खाई में गिर गया। अधिकारी ने कहा कि अभी तक सेना के एक जवान की मौत की पुष्टि हुई है, जबकि नौ अन्य को ▶▶ शेष पेज 5 पर

नागरिकों को परेशान करने की अनुमति नहीं मिलेगी

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से जीएसटी में 'नोटिस और गिरफ्तारियों' का ब्योरा मांगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के प्रावधानों के तहत नोटिस जारी करने और गिरफ्तारियों का ब्योरा देने को कहा है।

अदालत ने कहा है कि वह कानून की व्याख्या कर सकता है और किसी भी उत्पीड़न से बचने के लिए उचित दिशानिर्देश तय कर सकता है। जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस बेला एम त्रिवेदी की एक विशेष बेंच ने ये निर्देश जीएसटी अधिनियम, सीमा शुल्क अधिनियम और पीएमएलए के विभिन्न प्रावधानों को चुनौती देने वाली 281 याचिकाओं की सुनवाई करते हुए दिए। इसमें जीएसटी ▶▶ शेष पेज 5 पर

एएसजी ने कहा-नोटिस और गिरफ्तारियों से 'असुविधा' हम ठीक कर देंगे

पीठ ने केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू से कहा कि नोटिस और गिरफ्तारियों की वजह से लोगों का उत्पीड़न हो सकता है और अगर हमें लगता है कि प्रावधान में अस्पष्टता है तो हम इसकी अनुमति नहीं देंगे। हम इसे ठीक कर देंगे। सभी मामलों में लोगों को सलाखों के पीछे नहीं भेजा जा सकता है। पीठ ने कुछ याचिकाकर्ताओं की ▶▶ शेष पेज 5 पर

बाइडेन के भारत को 'जेनोफोबिक' कहने पर विदेश मंत्री जयशंकर की दो टूक

बोले- मेहमाननवाजी के लिए जाना जाता है हमारा देश

जयशंकर ने कहा कि भारत हमेशा से एक अनोखा देश रहा

सीएए को लेकर जारी आलोचनाओं पर जयशंकर ने कहा कि सार्वजनिक तौर पर कई लोगों का कहना है कि सीएए के कारण दस लाख मुसलमान इस देश में अपनी नागरिकता खो देंगे। उन्होंने आगे कहा कि उनसे हिसाब क्यों नहीं लिया जा रहा है? क्योंकि, कोई भी नागरिकता नहीं खोने वाला है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने हाल ही में भारत को जेनोफोबिक (विदेशियों के प्रति अत्यधिक नापसंदगी या डर रखने वाला) बताया था। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए केंद्रीय विदेश मंत्री ने बाइडन की टिप्पणी को खारिज कर दिया। जयशंकर ने बताया कि भारत विभिन्न समाज के लोगों का स्वागत करता है। यह देश मेहमाननवाजी के लिए जाना जाता है। जयशंकर ने इस आरोप का भी खंडन किया ▶▶ शेष पेज 5 पर

विभिन्न समाज के विभिन्न लोग भारत में आते हैं



दो अप्रैल को जो बाइडेन ने कहा था कि भारत, चीन, रूस और जापान की जेनोफोबिक प्रकृति ही उनकी आर्थिक परेशानियों के लिए जिम्मेदार है। अमेरिका की अर्थव्यवस्था इसलिए बढ़ रही है, क्योंकि वह अपनी धरती पर अप्रवासियों का स्वागत करता है। बाइडेन ▶▶ शेष पेज 5 पर

अमेरिका का डैमेज कंट्रोल...

हमारे निश्चित तौर पर जापान और भारत के साथ मजबूत संबंध

बाइडेन के जेनोफोबिक वाले बयान पर व्हाइट हाउस ने प्रतिक्रिया दी थी। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन जीन पियरे ने बताया कि राष्ट्रपति बाइडेन इस बारे में टिप्पणी कर रहे थे कि अप्रवासियों का देश में होना कितना जरूरी है और यह हमारे देश को कैसे मजबूत बनाते हैं। वह इस बारे में इसलिए बात कर रहे थे क्योंकि यह हमारे सहयोगियों के साथ हमारे संबंधों से जुड़ा है। हमारे निश्चित तौर पर जापान और भारत के साथ मजबूत संबंध हैं। राष्ट्रपति ने बीते तीन वर्षों में इन देशों के साथ राजनयिक संबंधों को मजबूत करने पर फोकस किया है।

खबर संक्षेप

डीयू: एसओएल का 62वां स्थापना दिवस कल, मुख्य अतिथि होंगे उपराष्ट्रपति

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग (एसओएल) का 62वां स्थापना दिवस कल, सोमवार को मनाया जा रहा है। दिल्ली विश्वविद्यायल के कन्वेंशन हॉल में सुबह 10 बजे आयोजित होने वाले इस समारोह में भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ मुख्य अतिथि होंगे। एसओएल की निदेशक प्रो. पायल मागो ने शनिवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि इस आयोजन का थीम विकसित भारत के निर्माण में मुक्त शिक्षा का योगदान है। उन्होंने बताया कि इस समारोह की अध्यक्षता दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह करेंगे। बताया गया कि इस समारोह के दौरान एसओएल के तीन विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया जाएगा। इनमें से दिल्ली विश्वविद्यालय के टॉपर रही दो छात्राओं पायल सिंह, (टॉपर, बी.ए. लाइब्रेरी साइंस) तथा नैन्सी गोयल (टॉपर, एम.ए. राजनीति विज्ञान) को पुरस्कृत करने के साथ ही अर्जुन पुरस्कार विजेता दीक्षा डागर को भी कार्यक्रम के दौरान सम्मानित किया जायेगा।

'वड़ा पाव' गर्ल की गिरफ्तारी से पुलिस ने किया इनकार

नई दिल्ली। 'वड़ा पाव' गर्ल के नाम से मशहूर चंद्रिका दीक्षित को पुलिस द्वारा गिरफ्तार करने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। वहीं, दिल्ली पुलिस ने शनिवार को वीडियो पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि चंद्रिका को गिरफ्तार नहीं किया गया है और ना ही उसके खिलाफ कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है। पुलिस ने बताया कि महिला का इलाके के लोगों से झगड़ा हुआ था जिस वजह से वहां भीड़ के कारण जाम लग गया था। पुलिस कुछ देर के लिये उसे थाने ले गई थी। गौरतलब है कि 'वड़ा पाव' गर्ल के नाम से मशहूर चंद्रिका दीक्षित बाहरी दिल्ली के मंगोलपुरी इलाके में फूड स्टॉल चलाती हैं। कुछ दिन पहले, उन्होंने एक वीडियो पोस्ट किया था, जिसमें उनके और स्थानीय लोगों के बीच कुछ बहस होती दिख रही है। यह मामला तब का है जब वह अपने स्टॉल के पास लोगों को वड़ा पाव परोस रही थी। पुलिस का कहना है कि उस दौरान स्टॉल के पास भारी भीड़ जमा हो गई थी, जिससे इलाके में यातायात प्रभावित हुआ। पुलिस को इलाके में ट्रैफिक जाम के बारे में स्थानीय नागरिकों से शिकायत मिली थी। शिकायत के बाद पुलिस की एक टीम वहां पहुंची और दीक्षित को थाने ले गई। पुलिस ने कहा कि जब उसके ठेले पर भारी भीड़ थी और उसके खिलाफ शिकायत की गई थी, उस समय उसे कुछ समय के लिए हिरासत में लिया गया था। बाद में छोड़ दिया गया था।

नांगलोई: 8 महीने पहले हुई थी शादी

युवक की गला रेतकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

बाहरी जिले के नांगलोई थाना अंतर्गत राव विहार में एक युवक की घर में ही गला रेतकर हत्या कर दी गई। मृतक का नाम अमरजीत (30) बताया गया है। वह बिहार का रहने वाला था। एक दिन बाद उसकी बिहार जाने की टिकट थी। घर में बदबू आने के बाद मामले का खुलासा हुआ। शव पोस्टमॉर्टम के लिये संजय गांधी अस्पताल भिजवाया गया है।

डीसीपी जिमी चिरम के अनुसार वारदात की सूचना शनिवार सुबह 8 बजकर 22 मिनट पर मिली। पुलिस राव विहार की गली नंबर छह में मकान नंबर ए 286 पर पहुंची। कॉल मृतक के चाचा लक्ष्मण ने की थी। उसने बताया कि अमरजीत जोमेटो में डिलीवरी ब्वॉय के रूप में काम करता था। आठ महीने पहले उसकी शादी हुई थी। पत्नी बिहार में गांव में रहती है। अमरजीत इस घर में 10 साल से रह रहा था। घर चाचा लक्ष्मण का ही है। चाचा लक्ष्मण ज्वालापुरी में परिवार के साथ रहते हैं। अमरजीत का भाई भी नांगलोई में ही गली नंबर चार में रह रहा है। उसका अमरजीत से संपर्क नहीं हो पा रहा था। इसलिये उसने चाचा को उसके घर भेजा। घर से बदबू आने के बाद पुलिस को सूचना दी गई। आशंका है कि हत्या 2 या 3 मई की रात की गई है। पुलिस आसपास के लोगों व परिजनों से पूछताछ कर रही है। इसके साथ ही अमरजीत के कॉल रिकॉर्ड की भी जांच की जा रही है।

मयूर विहार मर्डर केस में शामिल रहे पांच आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली। मयूर विहार इलाके में 17 अप्रैल को सामने आये हत्या केस को पुलिस ने सुलझाते हुये पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के नाम अनुज, पवन, अभिनव राज, संदीप और मुकेश कुमार है। इन्हें तीन दिनों के रिमांड पर लेकर केस की आगे पड़ताल जारी है। डीसीपी अपूर्वा गुप्ता ने बताया कि 17 अप्रैल को लाल बहादुर अस्पताल के ड्यूटी कांस्टेबल ने मयूर विहार थाने में सूचना दी कि 28 वर्षीय अशोक उर्फ ठंडा पानी निवासी त्रिलोकपुरी को हरगोविंद नामक रिक्शा चालक अस्पताल लाया था। ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर द्वारा उक्त व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया गया। सूचना मिलने पर एसआई विशाल लांबा एलबीएस अस्पताल पहुंचे और शव का निरीक्षण किया तो मृतक के शरीर पर कई चोटें मिली। इसके बाद जांच अधिकारी ने प्रत्यक्षदर्शी रिक्शा चालक हरगोविंद की तलाश करने का गंभीर प्रयास किया, लेकिन वह कहीं नहीं मिला। उसका मोबाइल फोन भी नेटवर्क कवरेज क्षेत्र से बाहर था। इसके बाद मृतक के शव को पोस्टमार्टम की कार्यवाही के लिए एलबीएस अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया गया। मयूर विहार थाने में हत्या का मामला दर्ज किया गया। अपराध की गंभीरता को देखते हुई एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया। तकनीकी निगरानी और सीसीटीवी फुटेज और सीडीआर के विश्लेषण की मदद से कई संदिग्धों की पहचान की गई है। इसके बाद पुलिस ने गहन जांच की जिससे आरोपियों की पहचान की गई और उन्हें दिल्ली के विभिन्न इलाकों से पकड़ा गया। आरोपी व्यक्तियों ने बताया कि मृतक अशोक उर्फ ठंडा पानी को स्विफ्ट डिजायर कार में संजय झील से अगवा किया गया था। अपहरण के दौरान मृतक के साथ मारपीट की गयी। पिटाई के बाद आरोपियों ने अशोक को चांद सिनेमा, कल्याणपुरी के पास छोड़ दिया। वहां उन्होंने रिक्शा चालक हरगोविंद को 500 रुपये देकर उसे अस्पताल पहुंचाने को कहा था। इसके बाद रिक्शा चालक उसे अस्पताल ले गया। पुलिस आरोपियों को तीन दिन के रिमांड पर लेकर अपहरण और पिटाई का कारण पता लगाने का प्रयास कर रही है।

दिल्ली व यूपी में 50 जगह रेड के बाद दबोचे हथियारों के 11 सौदागर

12 पिस्टल, दो मैगजीन, 50 कारतूस और 30 खोखे बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

- गिरफ्तार लोगों में विक्रेता, आपूर्तिकर्ता, ट्रांसपोर्टर और खरीददार शामिल

अपराध शाखा ने 15 दिनों तक नॉन स्टॉप 50 जगहों पर रेड कर अवैध हथियारों के 11 सौदागरों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 12 अत्याधुनिक सेमी ऑटोमेटिक पिस्टल, दो मैगजीन, 50 कारतूस और 30 खोखे जब्त किए गए है। गिरफ्तार लोगों में विक्रेता, आपूर्तिकर्ता, ट्रांसपोर्टर और खरीददार शामिल बताये गये हैं। इस पूरे सिंडिकेट का भंडाफोड़ करने के लिए पुलिस को लगभग तीन हजार किलोमीटर की दौड़ लगानी पड़ी। आरोपियों के नाम सालिम, हर्ष त्यागी, शाकाल, शाकिब, विपिन, इमरान, जीशान, अहसान, कदीम, मुल्ला नवाब, शमीम उर्फ हाजी हैं। पुलिस के अनुसार दिल्ली में आगामी चुनावों के मद्देनजर, अपराध शाखा की टीमों द्वारा अवैध हथियारों के आपूर्तिकर्ताओं पर निगरानी बढ़ाने का टास्क दिया गया था। टीम द्वारा हथियार सिंडिकेट के बारे में अधिक से अधिक जानकारी इकट्ठा की गई। कुल 11 लोगों को गिरफ्तार करके एक अंतरराज्यीय अवैध हथियार सिंडिकेट का भंडाफोड़ हुआ। सबसे पहले शाकिब नाम के एक व्यक्ति को पकड़ा गया। वह अवैध हथियार को दिखाते हुए अपनी कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर डाल रहा था। शाकिब को जहांगीरपुरी से पकड़ा। पूछताछ करने पर पता चला कि शाकिब ने अपना वीडियो और पोस्ट डिलीट कर दिया है, लेकिन उसने स्वीकार किया कि वह इमरान उर्फ बल्लू से हथियार खरीदता था और इलाके में अन्य व्यक्तियों को बेचता था। पूछताछ के बाद दो और लोगों को दबोचा गया। इस प्रकार कड़ी से कड़ी मिलाते हुये पूरी श्रृंखला को धर दबोचा गया। इस पूरे सिंडीकेट तक पहुंचने के लिये टीम ने दिल्ली, खुर्जा, अलीगढ़, सिकंदराबाद और मुजफ्फरनगर में 50 से ज्यादा छापे मारे। सभी लोगों ने आपूर्तिकर्ता से 50 हजार से लेकर 70 हजार रुपये तक की कीमत पर हथियार खरीदे। पूछताछ के दौरान सरगना मोहम्मद शमीम उर्फ हाजी शमीम ने खुलासा किया कि वह पिछले 20 वर्षों से हथियार आपूर्ति का काम कर रहा है।

'होर्डिंग' गिरा, ऑटो रिक्शा चालक घायल

नई दिल्ली। उत्तर पूर्वी दिल्ली के गोकुलपुरी बाजार में शनिवार तड़के एक क्षतिग्रस्त 'साइनेज होर्डिंग' गिरने से एक व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि तड़के 3.30 बजे ऑटो रिक्शा चालक अजब सिंह (42) उर्फ अजय एक बेंच पर बैठा था कि तभी एक ट्रक होर्डिंग वाले खंभे से टकराया जिसके बाद धातु का बोर्ड उसके ऊपर गिर गया। पुलिस उपायुक्त (उत्तर-पूर्व) जॉय टिर्की ने कहा कि सिंह को जीटीबी अस्पताल ले जाया गया जहां उसका इलाज किया जा रहा है और उसकी हालत स्थिर है। घटना में सिंह का ऑटो रिक्शा और एक महिंद्रा पिकअप वैन भी क्षतिग्रस्त हो गई। टिर्की ने कहा कि क्रेन बुलाई गई और क्षतिग्रस्त 'होर्डिंग' को हटा दिया गया। गोकुलपुरी पुलिस थाने में लापरवाही से गाड़ी चलाने और दूसरों की जान या व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालने से संबंधित आरोपों के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने बताया कि ट्रक चालक को पकड़ने के लिए एक टीम गठित की गई है।

हवालात से फरार हुआ व्यक्ति फिर दबोचा

नई दिल्ली। दिल्ली के राजौरी गार्डन थाने में चोरी के एक मामले में गिरफ्तार व्यक्ति हवालात की सलाखें तोड़कर पुलिस हिरासत से फरार हो गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि दीपक आरडीएक्स को बाद में उसी इलाके से पकड़ लिया गया। उन्होंने बताया कि दीपक को पिछले सप्ताह चोरी के एक मामले में गिरफ्तार कर राजौरी गार्डन थाने के समीप 'स्पेशल स्टाफ ऑफिस' की अस्थायी हवालात में रखा गया था। अधिकारी ने बताया कि उसके (दीपक) हिरासत से फरार होने के बाद पुलिसकर्मियों ने अपने वरिष्ठ अधिकारियों को तुरंत इसकी सूचना दी। उन्होंने बताया कि दीपक को अगले ही दिन उसी इलाके से टीम ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ राजौरी गार्डन थाने में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 224 (किसी व्यक्ति द्वारा उसकी कानूनी गिरफ्तारी में बाधा डालना) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

38 करोड़ से ज्यादा कीमत की हेरोइन जब्त, तीन विदेशी नागरिक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

स्पेशल सेल ने ड्रग्स तस्करी के आरोप में तीन नाइजीरियाई नागरिकों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 38.44 करोड़ रुपये मूल्य की 7.688 किलो हेरोइन बरामद हुई। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि हेरोइन दिल्ली और पड़ोसी राज्यों में सप्लाई की जानी थी। बरामद हेरोइन नाइजीरिया से लाई गई थी। इनकी गिरफ्तारी द्वारका और जनकपुरी इलाके से हुई है। डीसीपी अमित कौशिक के अनुसार नाइजीरियाई नागरिकों के नाम ब्लेसिंग ओपरा, डेविड किगोजी व उबा नवाची ओजीजी हैं। दिल्ली में तीनों अलग-अलग इलाके में किराए पर घर लेकर रहते थे। मार्च के पहले सप्ताह में सेल को इनके बारे में इनपुट मिला था। करीब दो माह तक गहन जांच पड़ताल के बाद तीनों लोगों को पकड़ा गया। ब्लेसिंग ओपरा पिछले साल जून में बिजनेस वीजा पर भारत आया था। शुरु में उसने रेडीमेड गारमेंट्स का काम किया। इसके बाद ड्रग्स सप्लायरों के संपर्क में आकर हेरोइन की डिलीवरी करने लगा। एग्बे 2021 में मेडिकल वीजा पर भारत आया था। दिल्ली में रहने के दौरान वह अन्य नाइजीरियाई और अफ्रीकी नागरिकों के संपर्क में आया। मेडिकल वीजा 2022 में समाप्त होने पर वह अवैध रूप से भारत में रहकर तस्करी करने लगा। उबा नवाची ओजिजी 2021 में बिजनेस वीजा पर भारत आया था। उसने पहले भारत से नाइजीरिया तक बच्चों के कपड़ों का निर्यात शुरू किया। इसी बीच एग्बे के संपर्क में आकर उसने तस्करी का धंधा शुरू कर दिया। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि बरामद हेरोइन नाइजीरिया से तस्करी करके लाई गई थी। हवाई अड्डे पर एक्स रे मशीन और कानून प्रवर्तन एजेंसियों से बचने के लिए, सेलो टेप और कार्बन पेपर की मदद से नारकोटिक्स पदार्थ का पैकेट तैयार किया जाता था। उसे अच्छी तरह से सिलाई के बाद बैकपैक बैग में छुपाया जाता था।

ओखला में कार से दो करोड़ से ज्यादा बरामद, आईटी विभाग की जांच जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

ओखला में बीएमडब्ल्यू कार से शनिवार को बड़ी रकम बरामद हुई। आनन फानन में पुलिस, आईटी विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल में जुट गये। शुरुआती तौर पर 15 करोड़ की बात सामने आई थी लेकिन कुछ घंटे बीतने के बाद पुलिस की तरफ से बताया गया कि लगभग दो करोड़ की रकम दो कार्टूनों में भरी हुई थी। आगे की जांच इनकम टैक्स विभाग कर रहा है। दक्षिण पूर्वी जिले के डीसीपी राजेश देव ने बताया कि कार से बरामद हुई रकम लगभग दो करोड़ है। हालांकि उन्होंने यह भी साफ किया कि रकम अभी काउंट करना बाकी है। शनिवार शाम तक रकम को लेकर इनकम टैक्स विभाग के अधिकारी और स्थानीय एसडीएम मौके पर मौजूद थे। कार में दो लोग सवार थे। चुनावों के समय इतनी बड़ी रकम मिलने पर आईटी विभाग गहनता से पूछताछ कर पता लगाने का प्रयास कर रहा है कि रकम किसकी है और कहां से लाई गई व कहां ले जाई जा रही थी।

एनडीएमसी का शिकायत निवारण शिविर आयोजित

नई दिल्ली। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने अपने क्षेत्र के निवासियों और सेवा उपयोगकर्ताओं को सूचना, सुविधा और शिकायत निवारण प्रदान करने के लिए जयसिंह मार्ग स्थित एनडीसीसी कन्वेंशन सेंटर में एक सुविधा शिविर का आयोजन किया। एनडीएमसी प्रशासन ने शनिवार को उक्त जानकारी देते हुए बताया कि इसमें एनडीएमसी के संबंधित अधिकारियों ने शिविर में जनता से 98 शिकायतें प्राप्त की। निवासियों की अधिकांश शिकायतें कार्मिक, सिविल इंजीनियरिंग, बागवानी, स्वास्थ्य, प्रवर्तन, वाणिज्यिक, कर और संपदा विभागों से संबंधित हैं। इसके अलावा सैकड़ों स्थानीय निवासियों और सेवा उपयोगकर्ताओं ने नागरिक सेवाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए सुविधा शिविर का दौरा किया।

गुमशुदा व्यक्ति की तलाश



अरुण मांझी

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका नाम **अरुण मांझी, पुत्र अरुण मांझी,** निवासी प्लॉट नं. 22, भूतल, खसरा नं. 4/16, गांव हस्तल, शिव विहार, दिल्ली। आयु 44 वर्ष, कद 5'6", रंग सांवला, लम्बा चेहरा, पतला शरीर, जो लाल रंग की टी–शर्ट, ग्रे रंग का पजामा तथा पैरों में सफेद रंग का चप्पल पहने हुए दिनांक 09.04.2024 को अपने घर से लापता है। स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव प्रयास करने के बावजूद भी इस व्यक्ति के बारे में पता नहीं चल सका है। इस संदर्भ में डीडी 41ए, दिनांक 13.04.2024 को थाना रणहौला, दिल्ली में दर्ज है।

यदि किसी व्यक्ति को इस लापता व्यक्ति के बारे में कोई भी जानकारी या सूचना हो तो निम्नलिखित को सूचित करने की कृपा करें।

वेबसाइट: http://cbi.nic.in
ईमेल: cic@cbi.gov.in
फैक्स: 011-23011334
फोन नं.: 011-23014046, 23015218

थाना प्रभारी
थाना: रणहौला, दिल्ली
फोन: 9311735687, 9728196764

DP/5207/OD/2024

पहचान की अपील

एतदद्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका **नाम: नामालूम, पिता का नाम: नामालूम, पता: नामालूम, उम्र:** लगभग 35 वर्ष, **लिंग:** पुरूष, **कद:** लगभग 5 फुट 6 इंच, **चेहरा:** गोल, **रंग:** गेहुँआ, **आँख व मुँह:** दोनो बंद, **चोट:** गर्दन ट्रेन द्वारा कटी हुई, **शरीर:** मध्यम, **पहनावा:** गहरे नीले रंग की पैन्ट पहने है, का शव दिनांक **01.05.2024** को रेलवे ट्रैक, मुख्य लाइन, केएम पोल नंबर 10/12–14 के बीच, शकूर बस्ती रेलवे स्टेशन, दिल्ली, थाना सराय रोहिला रेलवे स्टेशन के क्षेत्र मे पाया गया। शव को सब्जी मण्डी अस्पताल, दिल्ली की मॉचर्री में संरक्षित रखा गया है। इस संदर्भ में **DD No. 04A U/s 174 Cr.P.C. dated 01.05.2024** के तहत थाना सराय रोहिला रेलवे स्टेशन, दिल्ली में रिपोर्ट दर्ज है। अगर किसी को इस शव के बारे में कोई भी जानकारी मिले तो कृप्या निम्नलिखित फोन नम्बरों पर सूचित करें।

थानाध्यक्ष
थाना सराय रोहिला रेलवे स्टेशन, दिल्ली
फोन नं 011-28711697, 8750871308

DP/5316/RLY/2024

दिल्ली पुलिस, एनएसजी ने एयरपोर्ट मेट्रो स्टेशन और स्कूल में किया मॉक ड्रिल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने राष्ट्रीय सुरक्षा गारद (एनएसजी) के साथ मिलकर शुक्रवार देर रात और शनिवार तड़के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआई), राजीव चौक मेट्रो स्टेशन और आरके पुरम स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल में सुरक्षा अभ्यास किया। लगभग 200 विद्यालयों को बम की झूठी खबर मिलने के कुछ दिन बाद यह अभ्यास किया गया।

एनएसजी कमांडो और दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार रात 10 बजे आईजीआई हवाई अड्डे पर अभ्यास किया। अभ्यास के हिस्से के रूप में हवाई अड्डे की सुरक्षा का जिम्मा संभाल रहे केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) को एक नकली आतंकी हमले के बारे में सूचना दी गई। इस संबंध में एक अधिकारी ने बताया कि दमकल विभाग और दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) जैसी अन्य एजेंसियां भी इस अभ्यास में शामिल हुईं। यह अभ्यास कम से कम आधा घंटे तक चला। पुलिस उपायुक्त (आईजीआई) ने संवाददाताओं से कहा कि घबराने की कोई जरूरत नहीं है। यह एक आतंकी हमले के खिलाफ सुरक्षा अभ्यास (मॉक ड्रिल) है, जिसे अन्य एजेंसियों के साथ समन्वित तरीके से आयोजित किया जा रहा है। ठीक इसी तरह का अभ्यास राजीव चौक मेट्रो स्टेशन पर रात एक बजे और हैदराबाद हाउस में रात 1.30 बजे किया गया। आरके पुरम स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल में रात तीन बजे सुरक्षा अभ्यास किया गया। स्कूल में सुरक्षाकर्मियों ने आतंकी हमले और बम लगाने जैसी घटनाओं के खिलाफ अपनी तैयारियों का अभ्यास किया। इससे पहले शुक्रवार को ताज पैलेस होटल, द्वारका स्थित यशो भूमि, कश्मीरी गेट मेट्रो स्टेशन और नए संसद भवन में सुरक्षा अभ्यास किया गया। अधिकारी ने कहा कि बुधवार को ईमेल के जरिये बम की सूचना भले ही झूठी निकली लेकिन वे कोई जोखिम नहीं लेना चाहते, इसलिए सुरक्षा अभ्यास किया गया।



दिल्ली पुलिस
शांति सेवा न्याय

राष्ट्रीय विधिक सेवाएं प्राधिकरण
के तत्वाधान में एवं
दिल्ली यातायात पुलिस
के सहयोग से
दिल्ली राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण
द्वारा
नेशनल लोक अदालत
का आयोजन

11 मई 2024 (शनिवार)
प्रातः 10:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक

भुगतान योग्य ट्रैफिक चालानों के निपटारे के लिए
सभी प्रकार के वाहनों (व्यवसायिक वाहनों सहित) ऑन द स्पॉट का चालान और नोटिस
जो दिल्ली यातायात पुलिस वेबसाइट पर दिनांक 31.01.2024 तक लंबित हैं।

द्वारका | कड़कड़डूमा | पटियाला हाउस | रोहिणी | राउस एवेन्यू
साकेत एवं तीस हज़ारी न्यायालय परिसरों के किसी भी कोर्ट में

नोटः– इस नेशनल लोक अदालत में सभी वाहनों (व्यवसायिक वाहनों सहित) के, केवल भुगतान योग्य (compoundable) चालान जो दिल्ली यातायात पुलिस की वेबसाइट पर दिनांक 31.01.2024 तक लंबित हैं इस लोक अदालत में लिए जायेंगे। भुगतान अयोग्य, जो नियमित/इवनिंग/ डिजिटल कोर्ट भेजा जा चुका है, जो भुगतान हो चुका है अथवा कोर्ट ने संज्ञान लेने से इनकार कर दिया है, नहीं लिए जायेंगे।

प्रत्येक लोक अदालत बैंच में 1000 चालान/ नोटिस लिये जायेंगे तथा सभी कोर्ट परिसरों की 180 लोक अदालत बैंचों में कुल 1,80,000 चालानों का निपटारा किया जायेगा। केवल 07 नोटिस/ चालान (05 नोटिस, 02 चालान) प्रति निजी वाहन एवं (02 नोटिस/चालान) प्रति व्यवसायिक वाहन इस लोक अदालत में लिये जायेंगे।

सभी चालान/ नोटिस पर्ची दिल्ली यातायात पुलिस की वेबसाइट से डाउनलोड किये जायेंगे। चालान/ नोटिस का निपटारा करने हेतु चालान/ नोटिस की पर्ची का प्रिंट आउट लाना अनिवार्य है। प्रिंट आउट निकालने की कोई भी सुविधा कोर्ट परिसरों में नहीं होगी।

चालान/नोटिस का प्रिंट आउट निकालने के लिए
https://traffic.delhipolice.gov.in/notice/lokadalat पर लॉगिन करना होगा।

यह लिंक 07 मई, 2024 को प्रातः 10:00 बजे से चालानों की तय सीमा पूरी होने तक खुला रहेगा।
यदि आप अपने चालान/नोटिस का निपटारा चाहते हैं तो चालान में उल्लेखित कोर्ट परिसर एवं कोर्ट संख्या में दिये गये समय पर ही जायें।

कृपया लोक अदालत में अपने चालान/नोटिस की पर्ची का प्रिंट आउट साथ लेकर जायें।

नोटः–
- चालान डाउनलोड करने के तरीके को जानने के लिए क्यूआर कोड नंबर–1 को स्कैन करें।
- वादियों द्वारा चालान पर्चियां सीधे ऊपर दिए गए लिंक से या नीचे दिए गए क्यूआर कोड नंबर–2 स्कैन करके डाउनलोड की जा सकती हैं।

क्यूआर कोड–1 चालान कैसे डाउनलोड करें देखने के लिए स्कैन करें
क्यूआर कोड–2 चालान डाउनलोड के लिए स्कैन करें

दिल्ली राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण
राउज़ एवेन्यू जिला कोर्ट्स कॉम्पलेक्स, तीसरा तल,
पंडित दीन दयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली–110002
हेल्पलाइनः 1516
24 घंटे यातायात हेल्पलाइन 011-25844444/1095

आप हमसे जुड़ें–
https://twitter.com/dtptraffic
https://www.facebook.com/dtptraffic
एक यातायात प्रहरी बनें ऐप डाउनलोड करें
Google Play App Store

DP/9657/2024

पुलिस आयुक्त, दिल्ली को ई–मेल करें: cp.sanjayarora@delhipolice.gov.in | लिखें: पुलिस आयुक्त, दिल्ली को पोस्ट बॉक्स नं. 171, जीपीओ, नई दिल्ली पर

तुरंत पुलिस सहायता के लिए कॉल करें – 112

सोमनाथ भारती, कुलदीप कुमार और महाबल मिश्रा उत्साह से भरे आए नजर

इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों ने दाखिल किये नामांकन पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों ने शनिवार को गाजे-बाजे के साथ नामांकन दाखिल किया। पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी कुलदीप कुमार, पश्चिमी दिल्ली से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी महाबल मिश्रा और नई दिल्ली से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी सोमनाथ भारती ने शनिवार को नामांकन यात्रा निकाल कर उत्साह के साथ नामांकन दाखिल किया। इस दौरान इनके साथ पार्टी के वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहे। सोमनाथ भारती की नामांकन यात्रा में आप के दिल्ली प्रदेश संयोजक एवं कैबिनेट मंत्री गोपाल राय, कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज, मेयर डॉ. शैली ओबेरॉय समेत कई विधायक व पार्षद भी मौजूद रहे। वहीं कुलदीप कुमार के नामांकन यात्रा में आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह, कैबिनेट मंत्री आतिशी और विधायक दिलीप पांडे मुख्य रूप से मौजूद रहे और महाबल मिश्रा के नामांकन यात्रा में आप नेता राज्यसभा सांसद संजय सिंह और कैबिनेट मंत्री कैलाश गहलोत समेत विधायक व नेता मौजूद रहे। नई दिल्ली लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी सोमनाथ भारती घर के बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद लेकर नामांकन के लिए निकले। सोमनाथ भारती के साथ उनकी पत्नी, दोनों बच्चे भी थे। वहीं कुलदीप कुमार ने नामांकन दाखिल करने से पहले अपने माता-पिता, पूर्व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया की पत्नी सीमा सिसोदिया का आशीर्वाद लिया। इसके बाद डॉ. भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नामांकन के लिए निकले। वहीं पश्चिमी दिल्ली से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी महाबल मिश्रा ने नामांकन दाखिल करने से पहले भगवान श्रीराम का आशीर्वाद लिया और नामांकन जुलूस निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में समर्थकों ने हिस्सा लिया। इस दौरान राज्यसभा सांसद संजय सिंह और कैबिनेट मंत्री कैलाश गहलोत समेत विधायक व नेता मौजूद रहे।

इस बार चुनाव लोकतंत्र और संविधान बचाने का है चुनाव : भारती

सोमनाथ भारती ने कहा कि इस बार का चुनाव अलग चुनाव है। इस बार का चुनाव सीधे-सीधे लोकतंत्र और संविधान बचाने का चुनाव है। इस बार के चुनाव में और कोई दूसरी राय नहीं है। 10 साल पुरानी भाजपा की सरकार ने देश को हर स्तर पर कमजोर करने का काम किया है। चाहे हम लोकतंत्र के मसले को देख लें, संविधान को देख लें। इन्होंने लोकतंत्र को तार-तार किया है। तीन बार के चुने हुए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को बिना सबूत के रात के अंधेरे में गिरफ्तार करके ले गए। यह देश की जनता देख रही है कि किस प्रकार से देश में तानाशाही चरम सीमा पर है। आज हर तरफ एक ही बात है कि अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी का जनता अपने वोट से जवाब देगी। हम अहिंसावादी और गांधीवादी लोग हैं। गांधीवादी अपनी बारी का इंतजार करता है।

दिल्ली के लोग भाजपा की तानाशाही का अंत करेंगे : कुलदीप

नामांकन के उपरांत कुलदीप कुमार ने कहा कि उन तानाशाहों के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करने के लिए यह लोग शहीद-ए-आजम भगत सिंह की पीली पगड़ी और बाबा साहब की नीली पट्टी बांध कर लोग निकले हैं। जो तानाशाह दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल में डालने का काम करते हैं। हमने पूर्व शिक्षा मंत्री की विधानसभा क्षेत्र से रोड शो शुरू करके संदेश देने का काम किया है कि भाजपा कितनी भी ताकत लगा ले, लेकिन पूर्वी दिल्ली के लोग मनीष सिसोदिया के साथ खड़े हैं। दिल्ली के लोग अबकी बार जेल का जवाब वोट से देंगे। इनकी तानाशाही का अंत करने का काम करेंगे।

केजरीवाल की अवैध गिरफ्तारी से दिल्ली के लोगों में भारी रोष : महाबल

इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी महाबल मिश्रा ने कहा कि इस बार मुझे कोई चुनौती नहीं दिखाई दे रहा है। अरविंद केजरीवाल की नाजायज गिरफ्तारी से लोगों के मन में रोष है। क्योंकि वो गरीब की मदद करते हैं। अरविंद केजरीवाल की गारंटी हर घर में दिखाई देती है। उन्होंने लोगों को फ्री बिजली पानी की सुविधा दी। दिल्ली में स्वास्थ्य और शिक्षा को बेहतर किया। मोहल्ला क्लीनिक बनवाए। आज दिल्ली के अस्पतालों में एमआरआई और सीटी स्कैन जैसे महंगे टेस्ट मुफ्त में होते हैं। उन्होंने बुजुर्गों के तीर्थयात्रा योजना चलाई। महिलाओं और फ्री बस यात्रा की सुविधा दी। अब महिलाओं को हर महीने 1 हजार रुपए भी मिलेगा। वहीं, भाजपा की गारंटी जुमले के अलावा कुछ नहीं है। मैं आम आदमी पार्टी और केजरीवाल के काम के आधार पर वोट मांग रहा हूं।

भाजपा हारेगी दिल्ली की सातों सीटें : संजय सिंह

सांसद संजय सिंह ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने लोकतंत्र के अंदर एक बहुत बड़ा उदाहरण पेश किया है। अरविंद केजरीवाल ने बाबा साहब के संविधान के प्रति अपनी आस्था जताते हुए पूर्वी दिल्ली लोकसभा की समान्य सीट से एक वंचित दलित समाज से आने वाले कुलदीप कुमार को चुनाव लड़ाया है। आज जिस तरह से भाजपा बाबा साहब के संविधान, आरक्षण, लोकतंत्र और चुनाव को खत्म करने की कोशिश कर रही है, एक निर्वाचित मुख्यमंत्री को जेल में डाल दिया है। यह सही समय है कि जनता जेल का जवाब वोट से देगी और भाजपा की दिल्ली की सातों सीटों पर करारी हार होगी और इंडिया गठबंधन जीतेगा।

जन सैलाब देखकर साफ है कुलदीप कुमार बनने वाले हैं सांसद : आतिशी

कैबिनेट मंत्री आतिशी ने कहा कि जितनी बड़ी संख्या में पूर्वी दिल्ली के लोग निकलकर आए हैं, उससे साफ दिख रहा है कि कुलदीप कुमार इस बार पूर्वी दिल्ली के सांसद बनने वाले हैं। दिल्ली के लोगों ने मन बना लिया है कि अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी का जवाब अपने वोट से देंगे।

पूरे देश में उठ रही है तानाशाही के खिलाफ आवाज : राय

आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश संयोजक एवं कैबिनेट मंत्री गोपाल राय ने कहा कि पूरे देश में भाजपा की तानाशाही के खिलाफ आवाज उठा रही है। नई दिल्ली लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी सोमनाथ भारती ने नामांकन किया। पूरे दिल्ली के अंदर लोग दो प्रमुख मुद्दों पर चर्चा कर रहे हैं। पहला, नई दिल्ली लोकसभा के लोगों ने भाजपा को वोट देकर 10 साल तक सांसद बनाया। यहां से जीत कर भाजपा की सांसद केंद्रीय मंत्री भी बनी, लेकिन 10 साल में नई दिल्ली के लोगों के लिए कुछ काम नहीं किया। लोगों में भारी नाराजगी है।

कांग्रेस उम्मीदवार जय प्रकाश ने भरा पर्चा, यादव सहित कई नेता रहे मौजूद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

चांदनी चौक लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन व कांग्रेस के उम्मीदवार वरिष्ठ नेता जय प्रकाश अग्रवाल ने अपना पर्चा दाखिल किया। नामांकन पूर्व जयप्रकाश अग्रवाल ने यमुना बाजार स्थित मरघट वाले प्राचीन बाबा हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना की और आर्शीवाद लिया। इस मौके पर अंतरिम प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव, प्रदेश प्रभारी दीपक बावरिया, चुनाव प्रबंधन और समन्वय कमेटी अध्यक्ष सुभाष चौपड़ा, दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री हारुन यूसूफ, कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन अनिल भारद्वाज और दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल आदि मौजूद थे। नामांकन से पूर्व जुलूस के रूप में निकली अग्रवाल की रैली में कांग्रेस कार्यकर्ता ढोल नगाड़े बजाते और नाचते गाते दिखाई दिए। समर्थकों सहित अलीपुर अलीपुर जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय में नामांकन के बाद अग्रवाल ने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनावों में इंडिया गठबंधन के सभी उम्मीदवार भारी मतों से जीत दर्ज करने जा रहे है। उन्होंने कहा कि चांदनी चौक सीट नहीं बल्कि मेरा घर रहा है, यहां का बच्चा बच्चा मुझे जानता है। मैं चाहे चांदनी चौक सीट से प्रतिनिधि रहा या नहीं लेकिन मेरा जुड़ाव हर व्यक्ति से, हर कार्यकर्ता से बराबर रहा है। इस मौके पर अंतरिम प्रदेश अध्यक्ष यादव ने कहा कि दिल्ली में गठबंधन से भाजपा की हालत खराब हो गई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता, नेता पूरी निष्ठा, समन्वय और सूझबूझ के साथ सभी सातों लोकसभा सीटों पर भाजपा को करारी शिकस्त देने के लिए काम कर रहे है। पिछले 10 वर्षों में भाजपा सांसदों को दिल्ली के विकास और लोगों के हितों के लिए कोई कार्य नहीं किया है।

जय प्रकाश अग्रवाल ने चुनाव पूर्व ही की हार स्वीकार : भाजपा

नई दिल्ली। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि चांदनी चौक संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी जय प्रकाश अग्रवाल ने चुनाव पूर्व ही अपनी हार स्वीकार कर ली है। इसलिए उन्होंने अपना नामांकन भरने के दिन संसदीय क्षेत्र से नामांकन के लिए स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ जुलूस में जाना तो दूर शनिवार को नामांकन पूर्व संसदीय क्षेत्र में आना भी जरूरी नहीं समझा। दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने शनिवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उक्त बयान दिया। उन्होंने बताया कि परम्परागत रूप से देश ही नहीं दुनिया भर में चुनाव प्रत्याशी अपने नामांकन के दिन चुनाव क्षेत्र में एकत्र हो कर अपने समर्थकों की ताकत दिखा कर नामांकन करने जाते हैं पर अपना दसवां चुनाव लड़ रहे जयप्रकाश अग्रवाल ने चुनाव में निश्चित हार को भांपते हुऐ नामांकन यात्रा निकालना तो दूर नामांकन की सुबह अपने चुनाव क्षेत्र के किस मंदिर मस्जिद में आना भी जरूरी नहीं समझा। प्रवक्ता ने कहि कि जयप्रकाश अग्रवाल 1952 से 2024 के बीच दिल्ली के पहले ऐसे प्रत्याशी बने जो अपनी नामांकन यात्रा अपने क्षेत्र से भी नहीं निकाल पाये।

अंतिम जरूरतमंदों तक पहुंच रहा है मोदी सरकार की आर्थिक नीतियों का लाभ : ओम प्रकाश धनखड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- दिल्ली में चार्टेड अकाउंटेंट की नॉर्दन इंडिया रीजनल काउंसिल को किया संबोधित

भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने में चार्टेड अकाउंटेंट (सी.ए.) की अहम भूमिका रही है। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़ ने शनिवार को द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टेड अकाउंटेंट ऑफ इंडिया के नॉर्दन इंडिया रीजनल काउंसिल को संबोधित करते हुए उक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की आर्थिक नीतियों का लाभ अंतिम जरूरतमंद तक पहुंच रहा है। पिछले दस वर्षों में भारत की इकॉनोमी में ऐतिहासिक सुधार हुआ है। भारत दुनिया की सबसे तेजी से उभरती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। हमारी सरकार ने एक देश एक टैक्स की नीति को आगे बढ़ाया है। नए टैक्स स्लैब की नीति बनाई है जिसके तहत माध्यम एव नौकरीपेशा वर्ग को सात लाख रुपए तक की वार्षिक आय पर कर से राहत मिली है। उद्यमियों को इंस्पेक्टर राज से छुटकारा मिला है। पारदर्शी टैक्स नीति से टैक्स कलेक्शन में भारी बढ़ोतरी हुई है। टैक्स से प्राप्त धन से गरीब कल्याण के कार्य हुए हैं।

अरविंद सिंह लवली सहित कई कांग्रेस नेताओं ने थामा भाजपा का दामन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अरविंद सिंह लवली शनिवार को भाजपा में शामिल हो गए। उन्होंने हाल ही में आम आदमी पार्टी के साथ कांग्रेस के चुनावी गठबंधन पर नाराजगी जताते हुए दिल्ली कांग्रेस के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। लवली के साथ दिल्ली की शीला दीक्षित सरकार में मंत्री रहे राजकुमार चौहान, पूर्व विधायक नसीब सिंह, पूर्व विधायक नीरज बसोया और दिल्ली युवक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अमित मलिक ने भी भाजपा का दामन थाम लिया। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री सरदार हरदीप सिंह पुरी, भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े, दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा की उपस्थिति में पांचों दिल्ली कांग्रेस नेता भाजपा में शामिल हुए।

इस अवसर पर लवली ने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद किया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमें उस वक्त मौका दिया है जब हम सभी राजनीतिक रूप से खोए हुए थे। उन्होंने कहा कि राष्ट्र के निर्माण में और दिल्ली की भ्रष्टाचारी सरकार के खिलाफ लड़ाई में हम लगातार अपना योगदान देंगे। उन्होंने कहा कि दिल्ली वाले चाहते हैं कि भाजपा की सरकार बने। दिल्ली में पिछले 10 सालों में जो नकारात्मक माहौल हुआ है उसे बदलने के लिए हम पूरी तरह से तैयार है और आगामी समय में दिल्ली के अंदर भी भाजपा का परचम लहरायेगा।

राजकुमार चौहान ने कहा कि शराब घोटाला करने वाले लोग किस प्रकार से दिल्ली की जनता को लूटने का काम कर रहे हैं, इन सभी बातों को हम जनता के बीच लेकर जाएंगे। आम आदमी पार्टी ने जनता से किए गए हर वायदों को झूठा साबित किया है। वहीं, पूर्व विधायक नसीब सिंह ने कहा कि आज दिल्ली के अंदर एक ऐसी पार्टी है जिसने दिल्ली के लोगों से झूठे वायदें करके उन्हें गुमराह करने का काम किया है। भ्रष्टाचार में पूरी तरह से लिप्त केजरीवाल सरकार के साथ कांग्रेस ने जनता के प्रति अपने भरोसे को खो दिया है। जबकि पूर्व विधायक नीरज बसोया ने कहा कि दिल्ली के अंदर गठबंधन सिर्फ चुनाव में सीटों को लेकर है जबकि आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच कोई तालमेल नहीं है। आम आदमी पार्टी जो कांग्रेस को भ्रष्टाचारी बताकर बदनाम कर सत्ता में आई, आज खुद भ्रष्टाचार में डूबी हुई है इसलिए उसने कांग्रेस के साथ हाथ मिला लिया है। केन्दीय मंत्री सरदार हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि भाजपा और बाकी पार्टियों में काफी अंतर है। एक पार्टी जो रामलीला मैदान से शुरु हुई और गाड़ी बंगला लेने से मना करती रही उसके नेता रामलीला मैदान से आलीशान आवास में पहुंच गए। उन्होंने कहा कि आज हमारे सामने दिल्ली में कई समस्याएं हैं और आम आदमी पार्टी ने अपने कार्यकाल में कोई विकास कार्य नहीं किया जिससे दिल्ली की हालात और बदतर हो गई है लेकिन हमें उम्मीद है कि आगामी चुनाव में हम ना सिर्फ जीतेंगे ही बल्कि दिल्ली के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाएं जाएंगे।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि मैंने शुरु से कहा है कि जो व्यक्ति दिल्ली से प्यार करता है वह कभी उन लोगों के साथ खड़ा नहीं हो सकता जिन्होंने दिल्ली को लूटने का काम किया है। जिस दिन यह तय हुआ था कि शराब घोटाला की परते अब खुलने लगी है तो उस दिन नसीब सिंह और नीरज बसोया ने ट्वीट कर जांच का स्वागत किया था। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों के भाजपा में शामिल होने से हमें और मजबूती मिलेगी और इस भ्रष्टाचारी सरकार का हम और डट कर सामना करेंगे।

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष शास्त्री की घर वापसी, लंबे समय बाद कांग्रेस में आए

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली कांग्रेस में आए भूचाल के बीच पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर योगानंद शास्त्री की घर वापसी के रूप में कांग्रेस के लिए एक अच्छी खबर भी सामने आई। शनिवार को प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी दीपक बावरिया और अंतरिम प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव सहित अन्य नेताओं की मौजूदगी में डॉक्टर शास्त्री ने कांग्रेस की पुनः सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश प्रभारी बावरिया ने कांग्रेस का पटका पहनाकर शास्त्री को सदस्यता प्रदान की। इस मौके पर डॉक्टर शास्त्री ने कहा कि कांग्रेस में वापसी पर काफी खुशी हो रही है। वहीं प्रभारी बावरिया ने कहा कि डॉक्टर शास्त्री के कांग्रेस में वापस आने का लाभ पार्टी को लोकसभा चुनाव में मिलेगा। क्योंकि शास्त्री सुलझे हुए नेता है और उनकी अपनी अलग पहचान है। इस मौके पर अंतरिम प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि डा0 शास्त्री दिल्ली के वरिष्ठ नेताओं में से एक है, इनके कांग्रेस में वापसी होने पर दिल्ली कांग्रेस संगठन और मजबूत होगा। बता दें कि डा0

योगानंद शास्त्री ने 2020 में दिल्ली विधानसभा चुनाव से ठीक पहले उस समय के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सुभाष चोपड़ा से मतभेदों के चलते पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। जिसके बाद नवंबर 2021 में वह राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) में शामिल हो गए थे। डॉ. शास्त्री के कद का प्रभाव रहा कि एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने खुद अपनी मौजूदगी में उन्हें पार्टी की सदस्यता प्रदान कराई थी। एनसीपी ने डॉक्टर शास्त्री को पार्टी राष्ट्रीय महामंत्री और दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी।

शास्त्री विधानसभा अध्यक्ष सहित दो बार रहे दिल्ली सरकार में मंत्री

कांग्रेस में रहते हुए डॉक्टर शास्त्री तीन बार दिल्ली विधानसभा के सदस्य यानी विधायक चुने गए और दो बार मंत्री भी बने। वहीं उन्होंने 2008 से 2013 तक दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष की पारी भी निभाई। डाक्टर शास्त्री ने पहली बार 1998 में जीत दर्ज की ओर शीला दीक्षित की कैबिनेट में विकास, खाद्य और नागरिक आपूर्ति जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालयों के मंत्री बने। इसी प्रकार 2003 में दूसरी पारी में भी उन्होंने दीक्षित कैबिनेट में स्वास्थ्य और समाज कल्याण मंत्री की जिम्मेदारी निभाई। जबकि तीसरी पारी 2008 में पार्टी ने उन्हें विधानसभा अध्यक्ष जैसे पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी। डाक्टर शास्त्री दो बार मालवीय नगर विधानसभा सीट से और एक बार महरौली विधानसभा सीट से विधायक चुने गए।



खबर संक्षेप

मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों की फूली सांस

गाजियाबाद। यहां मोदीनगर की चार कॉलोनियों में शनिवार सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले कई लोगों की अचानक सांस फूल गई। वॉक के लिए निकले लोगों को अचानक खांसी आने लगी। सांस लेने में भी परेशानी हुई। सभी को एक जैसी परेशानी हुई। यह लोग किसी तरह जब कॉलोनी से बाहर आए तो उन्हें राहत मिली। लोगों का कहना है कि कॉलोनी के पास लगे उद्योग से खतरनाक गैस रिसाव हुआ है। जिससे उन्हें परेशानी हुई।

रेलवे टिकट बुकिंग के नाम पर ठगी, गिरफ्तार

गुरुग्राम। साइबर क्राइम साउथ पुलिस ने रेलवे टिकट बुकिंग के नाम पर ठगी करने वाले युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से ठगी में प्रयोग किया गया एक मोबाइल फोन बरामद किया है। पुलिस मामले में जांच कर रही है। साउथ थाना पुलिस को शिकायत मिली थी कि रेलवे टिकट बुकिंग के नाम पर ठगी हुई है। जिस पर एसीपी साइबर क्राइम प्रियांशु दीवान के निर्देशानुसार कार्य करते हुए इंस्पेक्टर मनीष कुमार ने आरोपी को पकड़ लिया।



स्टॉक मार्केट में निवेश के नाम पर ठगी, 2 काबू

गुरुग्राम। साइबर क्राइम वेस्ट पुलिस ने स्टॉक मार्केट में निवेश करा ठगी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने ठगी गई राशि में से 4 लाख 80 हजार रुपए शिकायतकर्ता को वापस दिला दिए हैं। पुलिस मामले में जांच कर रही है। करीब चार महीने पहले एक व्यक्ति ने साइबर क्राइम थाना वेस्ट में एक शिकायत दी कि उसके साथ जालसाजों ने ज्यादा रिटर्न का लालच देकर स्टॉक मार्केट में इन्वेस्ट करने के नाम पर करीब 5.84 लाख रुपए की ठगी कर ली। जिस पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी।

फ्लैट का ताला तोड़ रहे दो चोरों को लोगों ने पकड़ा

गाजियाबाद। गाजियाबाद के राजनगर एक्सटेंशन की केडब्ल्यू सृष्टि सोसाइटी में चोरी करने घुसे चार चोरों में से दो को निवासियों ने पकड़ लिया। मौके पर पुलिस बुलाकर चोरों को उनके हवाले कर दिया है। जिसके बाद से लोगों में काफी गुस्सा देखने को मिल रहा है। सोसाइटी निवासी नीतू सिंह का कहना है कि सोसाइटी में पहले भी चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। जिससे रहवासी बहुत परेशान हैं।

बायर्स ने हरेरा कार्यालय के बाहर किया प्रदर्शन

गुरुग्राम। माहिरा प्रोजेक्ट्स के बायर्स ने रेरा गुरुग्राम के कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान बायर्स ने नो होम नो वोट के नारे लगाए। प्रदर्शन कर रहे बायर्स ने बताया कि माहिरा प्रोजेक्ट्स के लॉन्च हुए कम से कम चार से छह साल हो चुके हैं, लेकिन अभी तक प्रोजेक्ट पूरा करके नहीं दिया गया है। वहीं, अब कंपनी के निदेशक सिकंदर सिंह छोक्कर को गिरफ्तार कर लिया गया है। ऐसे में प्रोजेक्ट्स पूरा होने की उम्मीद और कम हो गई है।

HARERA GURUGRAM

फरीदाबाद
लोकसभा चुनाव

छठवें दिन 12 उम्मीदवारों ने दाखिल किए नामांकन पत्र

> जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि नामांकन के छठे दिन इंडियन नेशनल लोक दल के प्रत्याशी सहित कुल 12 ने नामांकन दाखिल किए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि नामांकन के छठे दिन इंडियन नेशनल लोक दल के प्रत्याशी सहित कुल 12 लोगों ने नामांकन दाखिल किए। उन्होंने बताया कि पहले, दूसरे दिन कोई नामांकन नहीं और तीसरे दिन तीन प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किए गए थे। इसी प्रकार छठे दिन बारह प्रत्याशियों में नामांकन पत्र दाखिल करने वालों में इंडियन नेशनल लोक दल से सुनिल तेवतिया, बहुजन समाज पार्टी से किशन ठाकुर, राष्ट्र निर्माण पार्टी से भारत भूषण कोली, सम्राट मिहिर भोज समाज पार्टी से ज्ञान चंद बैंसला, निर्दलीय सुनील कुमार, निर्दलीय राजेश गौतम, निर्दलीय गिर्राज, बहुजन समाज पार्टी से कवरिंग कैंडिडेट विकास ठाकुर ने शनिवार को नामांकन पत्र दाखिल किए। वही इंडियन नेशनल कांग्रेस के महेन्द्र प्रताप सिंह और इंडियन नेशनल कांग्रेस से कवरिंग कैंडिडेट विजय प्रताप द्वारा दो-दो फॉर्म जमा कराए गए हैं।

29 को जारी की गई थी अधिसूचना

लोकसभा आम चुनाव 2024 को लेकर 10 फरीदाबाद लोकसभा के लिए गत सोमवार को अधिसूचना जारी करने के साथ ही आम चुनाव के लिए नामांकन का कार्य भी शुरू हो गया था।

विक्रम सिंह, जिला निर्वाचन अधिकारी

भाजपा प्रत्याशी को हजारों लोगों ने दिलाया बड़ी जीत का भरोसा

फरीदाबाद को स्मार्ट सिटी बनाकर विकास की दौड़ में रखा सबसे आगे

भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर अपने चुनावी अभियान के तहत बड़खल विधानसभा क्षेत्र के एनआईटी 3 जी ब्लाक में युवा भाजपा नेता साहिल अरोड़ा द्वारा आयोजित स्वागत समारोह में पहुंचे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने कहा है कि दस सालों में प्रधानमंत्री मोदी ने पूरे विश्व में अपनी काबलियत का लोहा मनवा दिया है, आज समूचा विश्व भारत के आगे नतमस्तक है और विश्वगुरु बनने की ओर तेजी से अग्रसर है।

गुर्जर अपने चुनावी अभियान के तहत बडखल विधानसभा क्षेत्र के एनआईटी 3 जी ब्लाक में युवा भाजपा नेता साहिल अरोड़ा द्वारा आयोजित स्वागत समारोह में उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। समारोह में भारी संख्या में मौजूद शहर के गणमान्य लोगों ने उन्हें भारी बहुमत से विजयी बनाकर तीसरी बार लोकसभा में भेजने का भरोसा दिलाया।

खास बातें

- गुर्जर ने कहा फरीदाबाद के लोगों के सुख दुख में शामिल होते रहे
- जिसका भार ज्यादा हो, उसे समर्थन देना

यहां की जनता मेरे लिए भगवान समान

समारोह में उमड़ी भीड़ देख भाजपा प्रत्याशी गुर्जर ने कहा कि वह फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र को मंदिर मानते है और यहां रहने वाले लोग उनके लिए भगवान के समान है। वह सदैव उनके सुख-दुख में शामिल होते रहे है। जितना विकास उन्होंने अपने दस वर्षो के सांसद रहते हुए किया है, उतना विकास किसी भी सांसद ने नहीं किया, इसलिए अपने विवेक रुपी तराजू में पूर्व सांसदों के कार्यो तथा मेरे द्वारा कराए गए विकास कार्यो को तौलना, जिसका भार ज्यादा हो, उसे समर्थन देना और मैं यह विश्वास के साथ कह सकता हूं कि मैंने इस लोकसभा क्षेत्र में भरपूर विकास करवाया है।

कांग्रेस के प्रत्याशी के पक्ष में धौज में उमड़ा जनसैलाब

भारतीय जनता पार्टी ने किया देश के ताने-बाने को खराब

कांग्रेस विधायक दल हरियाणा के उप-नेता एवं पूर्व केबिनेट मंत्री आफताब अहमद ने कहा कि भाजपा ने देश का ताना-बाना खराब कर दिया है इसलिए आज लोकतंत्र और प्रजातंत्र दोनों ही खतरे में है। देश-प्रदेश में शांति और सौहार्द्र बनाने के लिए इंडिया गठबंधन को सत्तासीन करना जरूरी है। क्योंकि भाजपा देश में जाति-धर्म, हिन्दू-मुस्लिम और मंदिर-मस्जिद की बात कर लोगों का बांटने का कार्य कर रही है। लोगों ने विकास के लिए देश में भाजपा की सरकार बनाई थी मगर सत्ता के मद में भाजपाई रास्ते से भटक गए हैं ऐसे इनके अहंकार को वोट की चोट से जवाब देने का सही वक्त अब आ गया है, जिससे कि इन्हें आमजन की वोट की ताकत का अहसास हो सके। आफताब अहमद शनिवार को फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र के एनआईटी विधानसभा क्षेत्र के गांव धौज में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित कर रहे थे। सभा में आसपास के 8 गांवों के हजारों लोगों ने एकजुट हो सभी की ओर से कांग्रेस प्रत्याशी अपने बाबू महेन्द्र प्रताप सिंह को पगड़ी बांधकर भारी मतों से विजयी बनाने का आश्वासन दिया। वहीं पूर्व केबिनेट मंत्री आफताब अहमद को भी समाज की ओर से पगडी बांधकर सम्मान किया गया। सभा में जजपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष हाजी अख्तर हुसैन ने जजपा छोड़कर अपने समर्थकों सहित कांग्रेस में शामिल होने का ऐलान भी किया।

मनी लॉंड्रिंग, ह्यूमन ट्रैफिकिंग व ड्रग्स में संलिप्तता का भय दिखाकर लाखों ठगे

फर्जी पुलिस अफसर बन महिला से ठगी करने के मामले में 12.6 लाख फ्रीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

साइबर क्राइम थाना ईस्ट पुलिस ने बैंककर्मी महिला से 18 लाख की ठगी करने के मामले में 12.6 लाख की राशि फ्रीज करा दिया है। आरोपी ने फर्जी पुलिस अधिकारी बनकर महिला को मनी लॉंड्रिंग, ह्यूमन ट्रैफिकिंग व ड्रग्स में संलिप्तता का भय दिखाकर ठगी की थी। पुलिस आरोपियों से जानकारी एकत्रित करने में जुटी है और उन तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

दरअसल, साइबर क्राइम थाना ईस्ट पुलिस को दी शिकायत में महिला ने कहा कि वह सेक्टर-53, गुरुग्राम में रहती है और बैंक में नौकरी करती है। उसके पास वीरवार को एक कॉल आई जिसमें फोन करने वाले ने बताया कि महिला ने फेडेक्स एक्सप्रेस से कूरियर बुक किया है। जो थाइलैंड जा रहा है और कूरियर में 5 पार्सपोर्ट, 3 क्रेडिट कार्ड, एक किलो एमडीएमए (ड्रग्स) है।

कॉल मुंबई साइबर सेल में ट्रांसफर कर दी थी

मुंबई साइबर सेल में कॉल ट्रांसफर कर दी गई। यही नहीं इससे पहले महिला से स्काईप के माध्यम से वीडियो कॉल करके बताया गया कि इसका बैंक में फर्जी खाता खुला हुआ है और उस बैंक खाते में बड़ी-बड़ी ट्रांजैक्शन हुई हैं। फिर इसको मनी लॉन्ड्रिंग, ह्यूमन ट्रैफिकिंग व ड्रग्स इत्यादि में संलिप्तता का भय दिखाते हुए इसको गिरफ्तार करने की बात कही। उन्होंने आरबीआई बैंक के नाम से वेरिफिकेशन कराने के नाम पर इसके बैंक खाते से 18 लाख रुपए धोखे से ट्रांसफर कराए गए। महिला की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी।

जानकारी एकत्रित करने में जुटी पुलिस

इसके बाद उस बैंक खाते से अन्य किसी बैंक खाते में हुए ट्रांजैक्शन की जानकारी एकत्रित कर कुल 12 लाख 60 हजार रुपए फ्रीज करा दिए। पुलिस टीम उपरोक्त मामले की जानकारी एकत्रित करने में जुटी है और आरोपियों तक पहुंचने के लिए हर सम्भव प्रयास किए जा रहे है।

रैन बसेरे की सुविधा का लाभ ले रहे

सड़क किनारे सोने वालों को मिल रही नगर निगम के शेल्टर होम में शरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने सड़क के किनारे सोने वालों को शेल्टर होम पहुंचने के लिए निगम अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है। अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव को नोडल नामित किया गया है। अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव ने बताया कि नगर आयुक्त की निर्देश के क्रम में रात्रि के समय गाजियाबाद नगर निगम के जोनल प्रभारी अपनी टीम के साथ अपने क्षेत्र में ऐसे व्यक्तियों को जो सड़क के किनारे, सेंट्रल वर्ज पर सोते हुए मिलते हैं उन्हें प्रवर्तन दल गाड़ी से पास के रैन बसेरे में पहुंचने का कार्य किया जा रहा है। जहां आवश्यकता अनुसार उनके सोने की सुविधा कराई जा रही है1 रात 7 बजे से लेकर लगभग 11 तक गाजियाबाद नगर निगम की टीम सड़कों पर दुर्बल वर्ग के आश्रयहीन व्यक्तियों को सड़क किनारे से रेन बसेरों तक पहुंचाने के कार्य में जुटी रहती है1

ननि कर्मी निराश्रितों को रैन बसेरों में ले जाते

कौशांबी मेट्रो स्टेशन, आनंद विहार रोड, मोहन नगर बस स्टैंड, शहीद स्थल मेट्रो स्टेशन, शास्त्री नगर चौराहा, नया में पुराना बस स्टैंड, कवि नगर फ्लाईओवर, घंटाघर जीटी रोड, नया रेलवे स्टेशन गाजियाबाद व अन्य क्षेत्र में जहां भी निराश्रित सड़कों पर सोते हुए मिलते हैं उनको पास के रैन बसेरे में जोंन की टीम द्वारा छोड़ा जाता है, वसुंधरा जोन अंतर्गत ईडीएम मॉल कौशांबी रैन बसेरे, सिटी जोन अंतर्गत ग्रीनहाउस नसीरपुर फटक के पास रेन बसेरा, मोहन नगर जोन अंतर्गत लाजपत नगर का रैन बसेरा, प्रताप विहार रैन बसेरा जिसमें निराश्रितों को रात्रि सोने के लिए भेजा जाता है।

ब्राह्मण सभा का चरित्र निर्माण शिविर, कहा-

माता-पिता की मर्जी से ही बच्चे करें शादी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

ब्राह्मण सभा द्वारा आरंभ किए गए चरित्र निर्माण कार्यक्रम के तहत डबुआ कॉलोनी स्थित सर्वोदय पब्लिक सीनियर सेकंडरी स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में नौवीं से बारहवीं कक्षा तक की हर समाज छात्राओं ने भाग लिया। इस मौके पर मुख्य रूप से जिला फरीदाबाद ब्राह्मण सभा के प्रधान बृजमोहन बातिस, एडवोकेट महेश शर्मा, कृष्ण कौशिक व विद्यालय के चेयरमैन आरके शर्मा मुख्य रूप से मौजूद रहे।

मुख्य वक्ता ब्राह्मण सभा के प्रधान बृजमोहन बातिश ने बच्चियों को बताया कि हिंदू समाज के रीति-रिवाज हैं पूरी तरह से वैज्ञानिक तौर पर बनाए गए हैं। जो प्रेम विवाह के माध्यम से अपने जाति व धर्म से बाहर जाकर शादी करती हैं, उनके

वैवाहिक जीवन में परेशानियां खड़ी होती हैं। वहीं एक पिता अपनी बेटी की सुख समृद्धि के लिए व अपने मेल का परिवार ढूंढकर एक सुयोग्य वर ढूंढता है। पिता के द्वारा जो बेटी की शादी की जाती है वह दो परिवारों को जोडन्ने वाली होती है।

उन्होंने बताया कि हिंदू समाज में गौत्र बचाकर शादी करने की प्रथा है । यह पूरी तरह से वैज्ञानिक है। इसलिए शादी करते समय सिर्फ यह नहीं देखा जाता है कि लड़का-लड़की एक जाति के हैं बल्कि यह देखना नितांत आवश्यक होता है कि गोत्र तो एक नहीं है।

हाजी मूसा हत्याकांडः सगा भाई ही निकला हत्यारा

पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

नन्दग्राम पुलिस ने 55 वर्षीय हाजी मूसा हत्याकांड का खुलासा कर दिया है। पुलिस के मुताबिक मूसा की हत्या सम्पत्ति विवाद के चलते उनके सगे भाई ने ही की थी। उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

एसीपी सूर्यबली मौर्य ने बताया कि शाहरुख खान निवासी 100 फीटा रोड, हिन्डन विहार ने थाना नन्दग्राम गाजियाबाद ने तहरीर दी कि मेरे चाचाओ ने छुरे से एक राय होकर मेरे पिता हाजी मूसावर्ष की हत्या कर दी । जाते समय जान से मारने की धमकी देकर भाग गये है।

घटना का तत्काल संज्ञान लेते हुए, थाना स्तर पर टीमो का गठन किया गया। चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर मेरठ तिराहे के पास से अहसान नामक युवक को गिरफ्तार किया है। जो मूसा का सगा भाई है।

जमीन बेचने से रोकने पर आया गुस्सा

पूछताछ में अहसान ने बताया कि मृतक हाजी मूसा मेरा सगा भाई था, हमारी पुस्तैनी जमीन मकान गांव सैदपुर थाना भोजपुर गाजियाबाद में है, जिसमें मेरे तीन भाई इदरीश, बिल्लू व शेरु रहते है । गांव के मकान व घरा का बंटवारा नही हुआ है, मैं व मेरा भाई गुलजार उर्फ सुंदर गांव के मकान व घर के हिस्से को बेचना चाहते थे । जिसके लिए अपने बड़े भाई हाजी मूसा से बार बार हिस्सा बंटवारे की बात कही लेकिन हाजी मूसा हिस्सा बांटने को मना कर देता था । मेरे मन में तभी से हाजी मूसा को सबक सिखाने की बात आ गई थी, मैंने अपने भाई गुलजाल उर्फ सुंदर को भी इस बारे में कई बार कहा था, हाजी मूसा के पास अच्छी खासी प्रॉपर्टी है, मैं व गुलजार उर्फ सुंदर हाजी मूसा के पास 2 मई की शाम को आए व हिस्सा बंटवारा करने के लिए कहने लगे तो हाजी मूसा ने बंटवारा करने से मना कर दिया। तब मेरे भाई गुलजार उर्फ सुंदर ने गुस्से से हाथ में लिए चाकू से हाजी मूसा पर कई वार किए और दोनों भाई वहां से भाग गए।

लैपटॉप नकदी व पर्स के साथ अन्य सामान गायब

टाटा स्टील के सेल्स हेड की चाकुओं से गोदकर हत्या, सड़क किनारे मिली लाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

शालीमार गार्डन थाना क्षेत्र के राजेंद्र नगर में टाटा स्टील के सेल्स हेड विनय त्यागी की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। त्यागी का शव लहूलुहान हालत में घर से कुछ दूर सड़क किनारे पड़ा मिला। शव मिलने के बाद पूरे इलाके में हड़कम्प मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

एसीपी शालीमार गार्डन सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि विनय कुमार

त्यागी टाटा स्टील के सेल्स में कार्यरत थे। शुक्रवार की रात में उन्होंने अपनी पत्नी रुचि त्यागी को राजेंद्र नगर मेट्रो स्टेशन के पास की लोकेशन भेजी थी। जब वह पति को लेने मेट्रो स्टेशन पहुंची तो उन्हें वहां विनय नहीं मिले। इसके बाद उन्होंने तलाश किया। लेकिन कुछ पता नहीं चला। गौरव का शव लहूलुहान स्थिति में मिला। उधर रिश्तेदार गौरव ने जीजा का लैपटॉप नकदी और पर्स के अलावा अन्य सामान गायब होने का आरोप लगाया है।

शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया

शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस टीम घटनास्थल के पास लगे कैमरे की फुटेज को चेक करने के साथ हर बिंदु पर जांच कर रही है।

सिद्धार्थ गौतम, एसीपी शालीमार गार्डन

जरूरतमंदों के दस्तावेज रखवा लेते थे आरोपी

फर्जी कंपनी बनाकर खातों में अवैध तरीके से रुपए लेकर ठगी करने वाले 5 को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

थाना कौशाम्बी पुलिस व साइबर टीम ने फर्जी कम्पनी बनाकर विभिन्न राज्यों व जिलों से अपने खातों में अवैध तरीके से रुपए लेकर ठगी करने वाले अन्तर्राजीय गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार कियाहै। उनके कब्जे से 7 मोहरे, 10 मोबाइल फोन, 1 टैब, 41 एटीएम, 5 चेक बुक, 4 बोटर आईडी कार्ड, 4 आधारकार्ड, 4 पैन कार्ड, 2 डीएल व घटना में प्रयुक्त 1 होंडा सिटी गाड़ी बरामद की गई है।

डीसीपी कौशाम्बी निमिष पाटिल ने बताया कि आरोपियों में आकाश त्यागी, मनोज कुमार, अमरेश कुमार सिंह, उनमन जैन, नितिश शर्मा को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में यह तथ्य प्रकाश में आया कि गिरोह के सभी सदस्य मिलकर फर्जी / गलत पते पर

कंपनी खोलकर व जरूरतमंदों को तलाशकर उनके नाम पर फर्जी कंपनी बनाकर एवं फर्जी पते पर बैक खाता खुलवाकर उसके बैकिग संबंधी दस्तावेज अपने पास रख लेते थे। और उनको कमीशन के रूप मे पैसे दे देते थे। उनके बैक खातों के लेने-देन का कंट्रोल बदमाशों पास ही होता था ।

बैंक खाते का पता फर्जी होता था

कंपनी बनाने तथा बैंक खाता खुलवाने में जो भी दस्तावेज लगाते थे उनका पता फर्जी होता था । जिससे इन्हें कोई पकड़ नहीं पाता था । जो रुपए प्राप्त होते थे उसका बटबारा गैंग लीडर मनोज कुमार सिंह करता था । इन लोगों को जो भी फर्जी कम्पनी बनाने के लिये नाम पते की आवश्यकता होती थी वह नितिश शर्मा ही उपलब्ध कराता था । मनोज कुमार सिंह व नमन जैन तथा गैंग के अन्य साथियों के साथ मिलकर लोगों को धोखा देकर ठगी करने का काम करते है ।

आज सीतापुर आएंगे पीएम नरेंद्र मोदी

शाम को अयोध्या में रामलला के दर्शन के बाद करेंगे रोड शो, 80 जगहों पर विभिन्न वर्ग के करीब एक लाख लोग पुष्प वर्षा से करेंगे भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अयोध्या

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज दिन में सीतापुर में जनसभा को संबोधित करेंगे और शाम को अयोध्या में रामलला का दर्शन करने के बाद रोड शो निकालेंगे। इस दौरान 80 जगहों पर विभिन्न वर्ग के करीब एक लाख लोग पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत करेंगे। पीएम नरेंद्र मोदी के रोड शो को ऐतिहासिक और भव्य बनाने के लिए भाजपा ने तैयारी शुरू कर दी है। पीएम मोदी वाराणसी में नामांकन करने से पहले अयोध्या में 5 मई को रामलला के दर्शन कर रोड शो करेंगे। इस दौरान एक बार फिर अयोध्या को राममय कर राम मंदिर के संदेश को पूरे देश में प्रसारित करने की योजना पर काम शुरू है। पीएम के महर्षि वाल्मीकि इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उतरने के एक घंटा पहले सीएम योगी आदित्यनाथ भी अयोध्या पहुंच कर तैयारी की जानकारी हासिल करेंगे। चुनाव के बीच पीएम मोदी पहली बार अयोध्या जा रहे हैं। इससे पहले भी वह कई मौकों पर अयोध्या में रामलला के दर्शन कर चुके हैं। एसएसपी राजकरन नैयर ने बताया कि जिस रूट से पीएम जाएंगे उस पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। एसपीजी टीम भी गुरुवार से अयोध्या पहुंच चुकी है।

खास बातें

- एसपीजी टीम गुरुवार से अयोध्या में
- सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए
- दो घंटे में पूरा होगा रोड शो

पीएम मोदी 6 मई को बरहमपुर जाएंगे

6 मई सुबह सवा दस बजे वह बरहमपुर जाएंगे। दोपहर पौने एक बजे नबरंगपुर, दोपहर साढ़े तीन बजे राजमुंदरी और पौने छह बजे अनकपल्ले पहुंचेंगे। 6 मई की रात को पीएम गुजरात के गांधी नगर राजभवन में रुकेंगे।

400 बूथों पर आमंत्रण दिया

भाजपा के महानगर जिला अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि पीएम के रोड शो की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। 400 बूथों पर कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों ने स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को रोड शो में आने के लिए आमंत्रित भी किया। पीएम के रोड शो में समाज के 80 वर्ग के लोगों की भागीदारी रहेगी। उनके रोड शो के दौरान राम पथ को फूलों और बैनर पोस्टर एवं झंडे से सजाया गया है।

1.9 किमी लंबा रोड शो

पीएम मोदी अयोध्या में 1.9 किमी लंबा रोड शो करेंगे। मोदी का रोड शो राम मंदिर के गेट से शुरू होकर लतामंगेशकर चौक तक जाएगा। इस दौरान राम पथ के दोनों ट्रैक के किनारे उनके स्वागत के लिए तय 80 पाइंट पर विभिन्न वर्ग के करीब एक लाख लोग पुष्प वर्षा के साथ पीएम का स्वागत करने के लिए खड़े रहेंगे। पीएम का रोड शो शाम चार बजे राम जन्मभूमि पथ से शुरू होकर लता मंगेशकर चौक तक 1.9 किमी दूरी तय करेगा, जिसे पूरा करने में दो घंटे का समय लगेगा।

दोपहर में पहुंचेंगे आगरा

प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार पीएम नरेंद्र मोदी नई दिल्ली से दोपहर 12.50 बजे भारतीय वायुसेना के विमान से आगरा एयरपोर्ट पहुंचेंगे। वहां से दोपहर 1.40 बजे एमआई-17 हेलीकॉप्टर से उड़कर दोपहर 2.35 बजे इटावा जनपद के ढाकपुरा हेलीपैड पर उतरेंगे। वहां जनसभा को संबोधित करने के बाद 3.30 बजे हरगांव के लिए रवाना होंगे। उनका हेलीकॉप्टर जनसभा स्थल के पास शाम 4.35 बजे उतरेगा। वह हेलीपैड से हरगांव चीनी मिल की लैगून फील्ड में बने मुख्य मंच तक अपनी फ्लीट से सड़क मार्ग से 4.45 बजे धारूहेड़ा पहुंचेंगे।

शाम को जनसभा को करेंगे संबोधित

पीएम मोदी शाम 4.45 बजे से 5.25 बजे तक जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद वह शाम 5.30 बजे हेलीपैड से अयोध्या के लिए रवाना होंगे। वह शाम 6.40 बजे अयोध्या पहुंचेंगे। जहां वह रामलला के दर्शन पूजन संग रोड शो करेंगे। पीएम नरेंद्र मोदी रात को भुवनेश्वर राज भवन में रुकेंगे।

खबर संक्षेप

20 साल की लड़की का मिला अधजला शव

मथुरा। मथुरा के गोवर्धन के अंतर्गत अडींग नहर की पटरी पर शुक्रवार सुबह युवती का अधजला शव मिला।

आशंका है कि उसकी हत्या कर शव जलाने का प्रयास किया गया। युवती के साथ रेप भी आशंका जताई जा रही है। सूचना मिलने पर एसएसपी ने मौके पर जाकर मामले की जानकारी की। युवती की शिनाख्त कर खुलासे के लिए चार टीमें लगाई हैं। ग्रामीणों से मिली सूचना पर एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय, सीओ गोवर्धन आलोक सिंह मौके पर पहुंच गए। काफी प्रयास के बाद भी युवती की शिनाख्त नहीं हो सकी।

एटीएस ने 3 अपराधी दबोचे, 2 पिस्टल बरामद

रांची। झारखंड पुलिस के आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) ने कुख्यात अमन साहू

उर्फ अमन साव गिरोह के तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान रामगढ़ जिले के पतरातू थाना क्षेत्र के शहीद भगत सिंह चौक उपरटांड़ सांकुल निवासी विकास कुमार कुम्हारटोली सांकुल निवासी गुलशन कुमार व महताब आलम के रूप में हुई और इन तीनों को रामगढ़ के पतरातू थाना क्षेत्र से गिरफ्तारी किया गया। उनके पास से दो देसी पिस्टल, 21 कारतूस, एक मोटरसाइकिल व दो मोबाइल बरामद किए गए हैं।

फर्रुखाबाद लोकसभा क्षेत्र के कमालगंज में विपक्ष पर बरसे सीएम योगी आदित्यनाथ

सपा और कांग्रेस ने भारत के इस्लामीकरण की रची साजिश, 'वोट जिहाद' नहीं चलेगा

एजेंसी ▶▶ कानपुर

फर्रुखाबाद लोकसभा क्षेत्र के कमालगंज में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को जनसभा को संबोधित किया। मंच से सीएम ने सपा, बसपा और कांग्रेस पर जमकर हमला किया। उन्होंने कहा कि सपा और कांग्रेस नक भारत के इस्लामीकरण की साजिश रची है और इसके तहत ये लोग यहां पर 'वोट जिहाद' की बात करते हैं।

वोट में जिहाद नहीं होता है, दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की मजबूती के लिए हमें वोट करना होता है। 'जिहाद' से अगर इतना ही प्यार है, तो पाकिस्तान जाइए। उन्होंने कहा कि पिछड़ों, दलितों के आरक्षण पर सेंध लगाने के लिए रंगनाथ मिश्र व सच्चर कमेटी की रिपोर्ट लाई गई थी। उन्होंने कहा कि मां गंगा की पावन जल धारा से अभिसिंचित जनपद फर्रुखाबाद सहित पूरे देश में 'फिर एक बार मोदी सरकार' की लहर है। यहां की जनता का विश्वास और समर्थन मोदी जी के साथ है, भाजपा के साथ है।

सीएम ने जनता से अपील करते हुए कहा कि तीसरे चरण के मतदान में सुबह 10 बजे तक 50 फीसद मतदान हो जाना चाहिए। पहले मतदान, फिर जलपान का संकल्प लें।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इंडी गठबंधन देश में डकैती डालने की योजना बना रहा है। भारत की धरती राम-कृष्ण की धरती है यहां वोट जिहाद नहीं चलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीबों के हितों में काम किया है। सपा-कांग्रेस की सरकार में गरीबों की योजनाओं में भ्रष्टाचार कैसे हो इसके लिए काम किया जाता था।

खास बातें

- अपने मतदान अधिकार का प्रयोग करें
- पहले मतदान फिर जलपान का संकल्प लें
- पीएम मोदी ने गरीबों के हित में काम किया
- पीएम मोदी के नेतृत्व में देश की सीमाएं सुरक्षित हुईं

पीएम मोदी ने गरीबों के हित में काम किया

सीएम योगी ने कहा कि इंडी गठबंधन देश में डकैती डालने की योजना बना रहा है। भारत की धरती राम-कृष्ण की धरती है, यहां वोट जिहाद नहीं चलेगा। पीएम नरेंद्र मोदी ने गरीबों के हितों में काम किया है। सपा-कांग्रेस की सरकार में गरीबों की योजनाओं में भ्रष्टाचार कैसे हो इसके लिए काम किया जाता था। उन्होंने कहा कि आज अयोध्या में राम मंदिर बनकर तैयार हो चुका है।

दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा

सीएम योगी ने कहा कि फर्रुखाबाद के जनप्रतिनिधि दर्शन कराने के लिए आप को ले जाएंगे। आज कर्फ्यू-दंगा मुक्त भारत हो गया है। नया भारत किसी को छेड़ता नहीं है, लेकिन अगर कोई छेड़ेगा तो उन्हें छोड़ता भी नहीं हैं। दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा है। देश की सीमाएं सुरक्षित हुई हैं। फर्रुखाबाद विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। गंगा मईया का पुल के साथ ही एक्सप्रेसवे जोड़ने का काम किया जा रहा है।

राम को लाने वालों को लेकर आएं

सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस और सपा के लोग पहले कहते थे कि राम नहीं हैं, अब अयोध्या में मंदिर बन जाने के बाद कह रहे हैं कि हम राम को मानते हैं, उनकी पूजा अर्चना करते हैं। उन्होंने कहा कि पहले अयोध्या में गोलियां चला करती थीं लेकिन अब अयोध्या में परिंदा भी पर नहीं मार सकता है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में दर्शन करने के बाद त्रेता युग का स्मरण होता है। सीएम योगी ने कहा कि जो राम को लाएं हैं, आप लोग उन्हें सत्ता में लेकर आएं। योगी ने कहा कि एक कुख्यात माफिया की मौत पर सपा अध्यक्ष 'फातिहा' पढ़ने उसके घर जाते हैं।

मैनपुरी, बदायूं और संभल में गरजे अखिलेश

संविधान मंथन का चुनाव जनता ने बदला अपना मन

एजेंसी ▶▶ मैनपुरी

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शनिवार को मैनपुरी, बदायूं और संभल में प्रत्याशियों के समर्थन में जमकर प्रचार किया। मैनपुरी में डिंपल यादव के समर्थन में जनसभा संबोधित करते हुए सपा मुखिया अखिलेश यादव ने भाजपा पर जमकर हमला बोला।

यादव ने कहा कि समुद्र मंथन की तरह संविधान मंथन का चुनाव है। एक तरफ वो लोग हैं जो संविधान को बदलना चाहते हैं। एक तरफ हम लोग हैं जो संविधान की रक्षा करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि मुझे पूरा भरोसा है इस चुनाव में संविधान बदलने निकले और 400 पार का नारा देने वालों को जनता ने बदलने का मन बना लिया है। भाजपा के भाषण में आम जनता का दुख दर्द शामिल नहीं है। भाजपा ने सभी वादे भुला दिए। पीछे देखते हैं तो हर वादा झूठा निकला और बात झूठी निकली। किसानों की आय दोगुनी नहीं हुई। महंगाई में किसान खेती कर रहे हैं। फसल का भाव लेने जाते हैं तो खेती घाटे का सौदा हो गई है। किसान दुखी हैं।

किसानों को एमएसपी नहीं मिल रहा

अखिलेश ने कहा कि तीन काले कानून सरकार लाई थी। अगर वो कानून लागू हो गए होते तो किसानों की जमीन छिन जाती थी। एमएसपी भी किसानों को नहीं मिलती। बड़े-बड़े उद्योगपति न केवल खेतों की तरफ देख रहे होते बल्कि पैदावार भी लूटने का काम करते हैं। किसानों ने कानूनों के खिलाफ धरना दिया। सरकार के खिलाफ लड़ते रहे। किसान पीछे नहीं हटे। एक हजार किसानों ने आत्महत्या की, लेकिन किसान नहीं हटे। काले कानून हटे तभी किसान वापस आए। 16 लाख करोड़ का कर्ज उद्योगपतियों का किया माफ। किसानों का कर्ज माफ नहीं किया। इंडिया गठबंधन माफ करेगा किसानों का कर्ज। न केवल कर्ज माफ किया जाएगा, बल्कि किसानों की एमएसपी की लड़ाई भी पूरी होगी। उन्हें इसका अधिकार दिलाने का काम करेंगे।

नौजवानों को नौकरी नहीं

बदायूं जिले के नाधा में अखिलेश ने कहा कि नौजवानों ने परीक्षा दी, लेकिन पेपर लीक हो गया। परीक्षा रद्द हो गई और घर लौट के आ गए। लेकिन नौकरी नहीं मिली। इस सरकार में एक, दो नहीं 10 से ज्यादा परीक्षाओं के पेपर हुए लीक। जो सरकार हमें और आपको बुलडोजर दिखाकर डरा रही है वो अपना लीकेज नहीं रोक पा रही है। उन्होंने कहा कि पहले और दूसरे चरण में लोगों ने भाजपा को पलटा है। तीसरे चरण में लोग सफाया करने जा रहे हैं, क्योंकि इन्होंने हर वर्ग के साथ नकली बातें की हैं। दस साल का हिसाब-किताब देखेंगे तो इनकी हर बात झूठी निकलेगी, वायदे झूठे निकलेंगे।

पेज एक का शेष

भाजपा के प्रदेश चुनाव...

और किसी घोटाले से। पैसा कहां से लाकर देंगे बताना पड़ेगा न। एक बात और है आज देश में मोदी की गारंटी चलती है। राहुल की बात पर कौन भरोसा करता है। राहुल गांधी तो पार्टी के लोगों के साथ न्याय नहीं कर पाएं हैं तो देश की जनता के साथ क्या न्याय करेंगे।

▶▶ जब मोदी की गारंटी चल रही है, सब अच्छा चल रहा है तो फिर कांग्रेसियों को क्यों कर भाजपा में लिया जा रहा है?

▶▶ आज मोदी जी के रास्ते को देखते हुए लोग भाजपा से जुड़ रहे हैं। आज कांग्रेस के लोग भी मोदी के कारण भाजपा में आ रहे हैं। मोदी जी की योजनाएं अच्छी हैं, नीयत सही है, सारे काम सही और अच्छे हैं। सबको पसंद आ रहे हैं। आज लोग भाजपा से लगातार जुड़ना चाह रहे हैं। जो भाजपा में आ रहे हैं, उन्होंने अपने विचारों का परित्याग किया है तब भाजपा में आ रहे हैं। अपना विस्तार करने के लिए अपना विचार नहीं छोड़ा है। जो साथ आ रहे हैं, हमारे विचारों से ही सहमत होकर आ रहे हैं।

▶▶ कांग्रेस की सूची देखकर कितना घबराएं नितिन नवीन?

▶▶ हमने देखा कांग्रेस ने उसी टोली को मैदान में उतारा है, जिसने छत्तीसगढ़ की जनता का पैसा लूटने का काम किया है। कांग्रेस को जब लंबे समय तक प्रत्याशी नहीं मिले तो उन्हीं माफियाओं को उतारने का काम किया, जो लंबे समय तक राज्य को लूटने का काम कर रहे थे। आखिर भूपेश बघेल से राजनांदगांव में उनके ही कार्यकर्ता ने क्या सवाल किया, आप कभी यहां आएं नहीं और अब चुनाव लड़ना है तो हमारी याद आई है।

▶▶ आपकी सरकार लाचार क्यों है, देश में आपकी सरकार, राज्य में आपकी सरकार, आप जिन लोगों द्वारा राज्य को लूटने का काम करना बता रहे हैं, ऐसे लोगों को जेल में होना था, फिर ये चुनाव के मैदान में क्यों हैं?

▶▶ जब ईडी और आईटी की दस्तक होती है ये लोग बेचैन हो जाते हैं। हमारे मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा है कि किसी को नहीं छोड़ा जाएगा। अभी तो चार माह की सरकार हुई है। आप चिंता क्यों कर रहे हैं, जिन्होंने भी गरीब का पैसा लिया है किसी को नहीं छोड़ा जाएगा। कोई सांसद बन जाए या कोई भी सपना देख ले, किसी को छोड़ा नहीं जाएगा। जो भी दोषी पाया जाएगा, उसको सजा तो मिलेगी ही।

▶▶ जब चरणदास महंत ने कहा, मोदी जी को ठीक करने के लिए भूपेश बघेल को दिल्ली भेजना है, इसके बारे में क्या कहते हैं?

▶▶ पहली बार देख रहे हैं, छत्तीसगढ़ में इस तरह से भाषा की मर्यादा टूट रही है। जब-जब लोगों ने मोदी जी को गाली देने का काम किया है, उनको जनता ने जवाब दिया है। इनको भी जनता करारा जवाब देगी।

▶▶ पिछले लोकसभा चुनाव में भी मोदी की लहर थी, उस समय बस्तर और कोरबा हार गए, क्या कहते हैं?

▶▶ हमारा रिकार्ड अच्छा है, इस बार ऐसा नहीं होगा। एक प्रभारी के रूप में मैं कह सकता हूं, इस बार सभी सीटें जीत रहे हैं। हमारी सरकार ने अपने वादों को पूरा किया है। किसी भी सभा में देख लें जब हमारे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मंच पर आते हैं तो किस तरह से छत्तीसगढ़ की महतारी उनको अपना आशीर्वाद देती हैं। किसानों का भी आशीर्वाद मिल रहा है।

▶▶ एक तरफ नए चेहरे हैं, एक तरफ कोरबा में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष को मैदान में उतारा है?

▶▶ मैं आपको बताता हूं। बस्तर में हमने एक मंडल अध्यक्ष को मैदान में उतारा था, उन्होंने कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज को हराने का काम किया है। हमारा राष्ट्रीय नेतृत्व सरोज पांडेय को राष्ट्रीय स्तर पर देखता है। कई राष्ट्रीय स्तर के काम किए हैं। छत्तीसगढ़ में भी वह काम कर रही हैं। उनकी यहां पर लोकप्रियता है। कोरबा प्रभारी बनाकर पार्टी ने पांच साल वहां पर पहले ही काम करवाया है। तब पार्टी ने फैसला किया है कि उनको कोरबा से चुनाव लड़वाना है। पार्टी का फैसला बिना किसी आधार के नहीं होता है।

▶▶ साय सरकार को लेकर क्या कहेंगे?

▶▶ वास्तव में ईश्वरी निर्णय है। साय सरकार का काम बहुत अच्छा चल रहा है। साय अच्छी छवि के भी मालिक हैं। वो संगठन को भी समझते हैं। सांसद रहे हैं, केंद्रीय मंत्री भी रहे हैं। अनुभव भी है, व्यवहार कुशल भी हैं। समाज के दर्द को समझते हैं, प्रशासन को भी समझते हैं।

▶▶ चुनाव के नतीजों के साथ मंत्रियों के काम का मूल्यांकन होगा या नहीं होगा?

▶▶ हर किसी को एक लक्ष्य दिया जाता है, चाहे वह विधायक हो या मंत्री हो। इसके बाद काम का मूल्यांकन तो होता है। मेरे भी काम का मूल्यांकन होता है। मुझे जो काम दिया गया था, उस पर मैं कितना खरा उतरा। मुख्यमंत्री के काम का भी मूल्यांकन होता है, मंत्रियों के काम का भी मूल्यांकन होता है, प्रदेशाध्यक्ष के काम का भी मूल्यांकन होता है। एक-एक मंत्री को जिम्मेदारी दी गई है। इसमें संदेह नहीं है चुनाव परिणाम के बाद तो मूल्यांकन होना ही है। हमेशा से यह होता रहा है, इसमें नया कुछ नहीं है।

▶▶ अटल जी ने कहा था, 11 सीटें दे दें राज्य बना देंगे, राज्य तो बन गया लेकिन आज तक 11 सीटें नहीं जीत सके, इस बार क्या कहते हैं, अटल जी का सपना सच होगा?

▶▶ अटल जी के सपनों को पूरा करने के लिए सभी कार्यकर्ता और हम लोग जुटे हुए हैं। इस बार 11 सीटें जीतने का यह सपना पूरा होगा इसके लिए मैं पूरी तरह से आश्वस्त हूं।

▶▶ मोदी की गारंटी को पूरा करना क्या मुख्यमंत्री साय की उपलब्धि मानते हैं?

▶▶ इतने कम समय में गारंटी को पूरा करना मुख्यमंत्री की उपलब्धि है। मुख्यमंत्री की यह बड़ी उपलब्धि है कि केंद्र सरकार की मदद से लगातार नक्सलियों पर कार्रवाई हो रही है। हमारी सरकार छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद को समाप्त करने के लिए काम कर रही है। हमारे मुख्यमंत्री कहते हैं, नक्सलवाद को समाप्त करने में कहीं कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। इसमें कोई संदेह नहीं है कि आने वाले समय में छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद पूरी तरह से समाप्त हो जाएगा। डॉ. रमन सिंह की सरकार में सरगुजा से नक्सलवाद समाप्त हुआ था, अब साय सरकार में बस्तर से नक्सलवाद समाप्त होगा।

पीएम ने राहुल को ...

की ओर, वायनाड की ओर रुख किया। अब, वह भाग गया है रायबरेली। ये लोग अक्सर लोगों से कहते फिरते हैं, 'डरो मत'। अब मेरी बारी है उनसे भी यही कहने की- अरे, डरो मत, भागो मत।

वे तो संविधान छीनना चाहते हैं: उन्होंने कहा कि संविधान से आपको अधिकार मिलते हैं। सबसे बड़ा अधिकार वोट देना है। संविधान ने आरक्षण के साथ-साथ नागरिकों को सवाल करने और आंदोलन करने का अधिकार भी दिया है। इसलिए, जब भाजपा के लोग कहते हैं कि संविधान बदल दिया जाएगा, तो इसका साफ मतलब है कि वे लोगों के अधिकार छीनना चाहते हैं। दुनिया के सबसे महान व्यक्तित्व में से एक महात्मा गांधी का जन्म गुजरात की भूमि पर हुआ था। सरदार पटेल, वीर रणछोड़ रबारी सहित अनेक महापुरुषों का जन्म यहीं हुआ। देश के कई महापुरुषों ने आजादी के लिए अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ लड़ाई लड़ी। उन्होंने देश को आजाद कराया और हमें एक संविधान दिया। इसलिए, हम सभी को संविधान के महत्व को समझना होगा।

ये चुनाव गरीब चाय...

निर्धारित आरक्षण को छीन लिया और इसे मुसलमानों को दे दिया। जबकि भाजपा ने हमेशा एससी, एसटी और ओबीसी के लिए आरक्षण को संरक्षित और मजबूत किया है।

सिर्फ बड़े लोगों...

आपने पीएम मोदी को किसी किसानों से मिलते देखा है? किसान काले कानूनों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। सैकड़ों किसान शहीद हो जाते हैं, लेकिन प्रधानमंत्री उनसे मिलने तक नहीं जाते। फिर जैसे ही चुनाव आते हैं और उन्हें लगता है कि उन्हें वोट नहीं मिलेगा तो पीएम मोदी कानून बदल देते हैं।

मध्य प्रदेश से 2 और...

वोटिंग होगी, जहां सुनेत्रा पवार और सुप्रिया सुले के बीच कड़ा मुकाबला है। महाराष्ट्र में नारायण राणे और अनंत गीते की सीटों पर वोटिंग होगी। गुजरात की सभी 26 सीटों पर भी तीसरे चरण में मतदान होगा। गुजरात की गांधीनगर सीट से अमित शाह भाजपा के उम्मीदवार हैं।

राजस्थान पहुंचा चीता...

कर उसका रेस्क्यू किया और फिर उसे कूनो नेशनल पार्क में लाकर सुरक्षित छोड़ दिया। सूचना के बाद राजस्थान वन विभाग के अधिकारी भी अमले के साथ पहुंच गए, जिन्होंने इसकी पहचान चीता के रूप में करते हुए मप्र के वन विभाग के अफसरों को दी। हालांकि कूनो की ट्रैकिंग टीम चीता पवन के पीछे ही लगी थी, जो राजस्थान पहुंच गई। जो ट्रैंकुलाइज कर पवन को वापस कूनो पार्क में ले आए। कूनो पार्क के अधिकारियों ने इस रेस्क्यू में लगे राजस्थान के अधिकारियों के प्रति सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है। उधर मादा चीता वीरा के भी कूनो की सीमा से बाहर होने की खबर है।

पुरी से कांग्रेस उम्मीदवार...

है कि मैंने टिकट वापस कर दिया है, क्योंकि पार्टी मुझे फंड देने में सक्षम नहीं थी। दूसरी वजह यह है कि 7 विधानसभा क्षेत्रों की कुछ सीटों पर जीतने लायक उम्मीदवारों को टिकट नहीं दिया गया है। कई कमजोर उम्मीदवारों को टिकट दिया गया है, मैं इस तरह चुनाव नहीं लड़ सकती।

एक शहीद, 4 जवान घायल...

जवानों ने तुरंत अपनी पोजीशन ली और जवाबी फायर किया। आतंकवादियों का पता लगाने और उन्हें मार गिराने के लिए बड़े पैमाने पर तलाशी और घेराबंदी अभियान शुरू किया गया है। स्थानीय राष्ट्रीय राइफल्स इकाई ने इलाके में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। वाहनों को शाहसितार के पास जनरल इलाके में एयर बेस के अंदर सुरक्षित कर लिया है।

अनंतनाग में खाई...

अलग-अलग चोटें आई हैं।

बांदीपोरा में आतंकी ठिकाना ध्वस्त: उत्तरी कश्मीर के बांदीपोरा जिले में शुक्रवार को एक आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़ कर दो एके राइफल व गोला-बारूद बरामद किया था। बांदीपोरा पुलिस ने बताया एक सूचना के आधार पर सुरक्षाबलों ने संयुक्त अभियान में, अरगाम के चंगाली जंगल में आतंकी ठिकाने से दो एके सीरीज राइफल, चार मैगजीन के साथ गोला-बारूद और अन्य सामग्री बरामद की है। उन्होंने बताया कि कानून की संबंधित धारा के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र...

अधिनियम की धारा 69 में अस्पष्टता का भी मुद्दा था, जो गिरफ्तारी की शक्तियों से संबंधित है। पीठ ने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो वह नागरिकों की स्वतंत्रता को मजबूत करने के लिए कानून की व्याख्या करेगी लेकिन नागरिकों को परेशान करने की अनुमति नहीं देगी। पीठ ने केंद्र को पिछले तीन वर्षों में एक करोड़ रुपये से पांच करोड़ रु. के कथित डिफॉल्ट के लिए जीएसटी अधिनियम के तहत जारी किए गए नोटिस और गिरफ्तारियां से सबंधित आंकड़ा पेश करने के लिए कहा है। एएसजी ने कहा कि वह 9 मई को अदालत के प्रश्नों का उत्तर देने का प्रयास करेंगे।

एएसजी ने कहा-नोटिस और ...

ओर से पेश वरिष्ठ वकील सिद्धार्थ लूथरा द्वारा दिए गए तर्कों के बाद डेटा मांगा। लूथरा ने जीएसटी कानून के तहत अथॉरिटी पर शक्तियों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह व्यक्तियों की स्वतंत्रता को कम कर रहा है। वहीं, एएसजी राजू ने कहा कि वह केंद्रीय जीएसटी अधिनियम के तहत जारी किए गए नोटिस और गिरफ्तारियों के संबंध में डेटा एकत्र करेंगे लेकिन राज्यों से संबंधित ऐसी जानकारी एकत्र करना मुश्किल होगा। इस पर पीठ ने कहा कि हम सभी डेटा चाहते हैं।

बोले- मेहमाननवाजी...

कि भारत की अर्थव्यवस्था लड़खड़ा रही है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा पेश किया गया नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) यह दर्शाता है कि भारत हर समाज के लोगों का स्वागत करता है।

विभिन्न समाज के...

ने कहा कि रूस और चीन के साथ जापान की भी अर्थव्यवस्था मजबूत हो सकती है, अगर ये भी अपनी धरती पर अप्रवासियों का स्वागत करने लगे। जयशंकर ने कहा कि भारत हमेशा से एक अनोखा देश रहा है। मैं वास्तव में कहना चाहता हूं कि यह एक ऐसा देश रहा है, जिसने सभी का स्वागत किया है। विभिन्न समाज के विभिन्न लोग भारत में आते हैं। जयशंकर ने बताया कि नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) इसका उदाहरण है। सीएए को लेकर जारी आलोचनाओं पर जयशंकर ने कहा कि सार्वजनिक तौर पर कई लोगों का कहना है कि सीएए के कारण दस लाख मुसलमान इस देश में अपनी नागरिकता खो देंगे। उन्होंने आगे कहा कि उनसे हिसाब क्यों नहीं लिया जा रहा है? क्योंकि कोई भी नागरिकता नहीं खोने वाला है।



हंसना-हंसाना सभी को भाता है लेकिन जीवन के तमाम तनावों और चुनौतियों में उलझकर हम सब हंसना-हंसाना भूलते जा रहे हैं। अनेक अध्ययनों से साबित होता है और डॉक्टर्स भी बताते हैं कि हंसने से हम अपनी ही नहीं अपनों की भी लाइफ को हेल्दी, हैप्पी और पॉजिटिव बना सकते हैं। तो आइए, हम भी खूब हंसें और दूसरों को भी हंसाएं।

विश्व हास्य दिवस विशेष

हेल्दी-हैप्पी-पॉजिटिव लाइफ के लिए

खूब हंसें-खूब हंसाएं

कवर स्टोरी / रजनी अरोड़ा

पहला सुख निरोगी काया। इस उक्ति के बारे में हम सभी जानते हैं। लेकिन कम ही लोग यह जानते हैं कि निरोगी काया यानी स्वस्थ तन-मन के लिए अच्छी जीवनशैली और पौष्टिक भोजन की तरह ही हंसना भी बहुत बड़ी भूमिका निभाता है। फिर भी ना जाने क्यों, हम जिंदगी की आपा-धापी में अकसर हंसना भूलते जा रहे हैं? सुबह से शाम तक भागम-भाग वाली जिंदगी ने लोगों के चेहरे की हंसी गायब सी कर दी है।

आपा-धापी में भूल जाते हैं हंसना

बचपन से लेकर वृद्धावस्था तक हास्य की परिभाषा और उसके आयाम लगातार बदलते रहते हैं। एक रिसर्च के अनुसार एक बच्चा अपने जन्म के तीन महीने बाद से हंसना सीख जाता है। दुनिया से बेखबर बच्चे, वयस्कों की तुलना में तीन गुना अधिक बेवजह हंसते हैं। लेकिन यह हंसी उम्र बढ़ने के साथ कम होने लगती है। जीवन में आने वाले उतार-चढ़ावों, चुनौतियों और दुखों की वजह से व्यक्ति तनाव और अवसाद का शिकार होने लगता है। नतीजतन हंसना भूलने लगता है और अनचाहे ही कई तरह की शारीरिक-मानसिक बीमारियों की चपेट में आने लगता है। इसीलिए बचपन के मुकाबले बढ़ती उम्र में जब व्यक्ति का सामना नित नई समस्याओं से होता है, तब हंसने-हंसाने का महत्व और बढ़ जाता है।

होती है संक्रामक-सकारात्मक

इंसान को हंसना-मुस्कुराना, प्रकृति द्वारा प्राप्त अनमोल वरदान है। हंसी संक्रामक होती है, इसे जितना बांटो उतना बढ़ती जाती है। हंसी के माध्यम से व्यक्ति ना केवल अपने जीवन को खुशहाल और सकारात्मक बना सकता है, बल्कि दूसरों के होंठों पर भी मुस्कान ला सकता है। एक ने हंसना शुरू किया तो उसे देखकर वजह जाने या बिना जाने दूसरा शख्स भी हंसने लगता है। फिर दूसरे से तीसरा और चौथा। इस तरह यह फैलती जाती है। घर-परिवार और आस-पास सकारात्मक माहौल बनता चला जाता है। इससे व्यक्ति आस-पास के लोगों के साथ जुड़ता चला जाता है और तनाव या अवसाद जैसी समस्याओं से बचा रहता है।

हंसी के प्रकार

हंसी कई तरह की होती है। जैसे- मुस्कुराना या हल्की सी हंसी, खिलखिलाकर हंसना, ठहाका लगाकर हंसना, हंसते-हंसते पेट में बल पड़ जाना। हंसी चाहे किसी भी तरह की हो, शरीर को स्वस्थ रखने में कारगर होती है। हंसने के प्रोसेस को नेचुरल और आर्टिफिशियल लाइटिंग से भी समझा जा सकता है। जिस तरह नेचुरल लाइटिंग में सूरज की किरणें पड़ती हैं तो उससे सुकून मिलता है। आर्टिफिशियल लाइटिंग में आप कितनी भी रोशनी कर दीजिए, उसका अहसास अलग होता है। ठीक इसी तरह हंसना दो तरह का होता है-पहला जिसमें किसी बात पर स्वतः अंदर से खुशी महसूस होती है और हंसी आती है। दूसरा हास्य योग के दौरान आर्टिफिशियल तरीके से की जाने वाली हास्य प्रक्रिया। इसमें कई तरह की हंसी का अभ्यास कराया जाता है, जिससे शरीर की मसल्स एक्टिव हो जाती हैं और मन को आराम मिलता है।

रिश्ते बनते हैं मजबूत

हास्य हम सबके जीवन में कई अन्य तरह की सकारात्मक भूमिका निभाता है। यह ना केवल हमारा मनोरंजन करता है, बल्कि आपसी संबंधों पर पड़ी उदासीनता की धूल को हटाकर उन्हें तरोताजा भी करता है। लोगों को एक-दूसरे के समीप लाता है। कठिन परिस्थितियों में भी आपसी हास-परिहास, तनाव और निराशा से हमारा बचाव करता है। परस्पर हास-परिहास हम सभी को स्वाभाविक बनाए रखता है और संबंधों में नकारात्मकता को हावी नहीं होने देता। आपस में मिल-जुल कर बिताए गए हंसी-मजाक के क्षण संबंधों को जीवंत बनाते हैं। इससे आपसी मतभेदों को दूर करने मे मदद मिलती है और रिश्ते अधिक मजबूत बनते हैं।

दूर हो जाता है तनाव

हंसना बहुत इफेक्टिव मेडिकल थेरेपी भी है। मनोवैज्ञानिक सिगमंड फ्रायड भी मानते थे कि हास्य हमारी दबी-छिपी आंतरिक इच्छाओं, कुंठाओं और बेचैनी को दूर कर रिलैक्स होने और शरीर की बैटरी रिचार्ज करने वाली चाबी है। मुश्किल दौर में या तनावपूर्ण स्थिति में जब कुछ सूझ न रहा हो तो व्यक्ति को हंसने या मुस्कुराने की कोशिश करनी चाहिए। अगर वह इसमें कामयाब हो जाता है तो उसकी आधी टेंशन उसी समय समाप्त हो जाती है, क्योंकि मायूस होकर बैठने के बजाय हास्य का सहारा लेने पर, मुश्किलों से मुक्ति पाने के लिए कोई न कोई सकारात्मक रास्ता जरूर निकल आता है। हास्य जहां एक ओर तनाव, निराशा और अवसाद से व्यक्ति का बचाव करता है, वहीं उसकी सकारात्मक छवि को भी बनाए रखता है। यही सकारात्मकता व्यक्ति को कठिन परिस्थितियों का सामना करने की शक्ति प्रदान करता है। हास्य एक निष्ठावान मित्र की तरह नकारात्मक परिस्थितियों से उबरने में मदद करता है।

ये भी होते हैं फायदे

हंसने-खिलखिलाने से शरीर में रक्त प्रवाह बढ़ जाता है, जो अपने साथ ऑक्सीजन को शरीर के विभिन्न अंगों तक स्वतः ही पहुंचाता है। इससे इम्यूनिटी पावर मजबूत होती है। व्यक्ति अधिक स्वस्थ और रोगमुक्त रहता है। अमेरिका स्थित लोमा लिंडा यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर एलिजाबेथ के अनुसार, हंसी के दौरान सबसे ज्यादा प्रभाव हमारे हार्मोंस पर पड़ता है। इससे एंडोर्फिन और ऑक्सिटोसिन जैसे फील गुड हार्मोन रिलीज होते हैं। सिंपैथेटिक नर्वस सिस्टम शांत हो जाता है, शरीर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और अच्छी फीलिंग आती है। साथ ही स्ट्रेस पैदा करने वाले और शरीर को नुकसान पहुंचाने वाले एड्रिनलिन और कार्टिसोल स्ट्रेस हार्मोन के रिसाव में कमी आती है। इससे शरीर तनावमुक्त हो जाता है।

एक अनुसंधान में पाया गया है कि हास्य, दर्द सहन करने में सक्षम है। मस्तिष्क के रिवार्ड-सेंटर्स को उत्तेजित करता है, जिनका संबंध अन्य प्रकार के सुखद अनुभवों से है। अर्थात हंसी-मजाक हमारे जीवन में आनंद प्रदान करने वाले न्यूरोट्रांसमीटर्स से कम महत्वपूर्ण नहीं।

हंसने-हंसाने की आदत ब्रेन हेल्थ के लिए भी फायदेमंद है। दरअसल, हंसते समय ब्रेन से सेरोटोनिन हॉर्मोन का रिसाव तेजी से होने लगता है, जो उदासी को दूर करने में मददगार होता है। जब हम किसी खुशमिजाज व्यक्ति के साथ हंसी-मजाक करते हैं, तो इससे ब्रेन के कॉग्नेटिव फील्ड (चिंतन के लिए जिम्मेदार) की सक्रियता बढ़ जाती है और नर्वस सिस्टम पर भी इसका सकारात्मक असर पड़ता है। जिस शख्स को हंसने या मुस्कुराने की आदत होती है, उसे भले ही टेंशन या फिर डिप्रेशन कुछ समय के लिए जकड़ ले। लेकिन अपनी पॉजिटिव आदतों की वजह से वह आसानी से इससे बाहर भी निकल जाता है। *

ऐसे हुई लाफ्टर-डे की शुरुआत

हंसी और इसके स्वास्थ्य लाभों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए दुनिया के 100 से भी अधिक देशों में हर साल मई के पहले रविवार को वर्ल्ड लाफ्टर डे या विश्व हास्य दिवस मनाया जाता है। इसकी शुरूआत हमारे देश के लाफ्टर योग मुहिम के संस्थापक डॉ. मदन कटारिया ने 1998 में की थी। इस दिन का उद्देश्य लोगों को स्वस्थ और पूर्ण जीवन जीने में हंसी के अनगिनत लाभों से अवगत कराना था। शुरुआत में लाफ्टर-डे केवल भारत में ही मनाया जाता था, लेकिन अनूठे और सार्थक परिणाम के कारण यह विभिन्न देशों में भी मनाया जाने लगा। अपने स्वास्थ्य लाभों की वजह से विश्व हास्य दिवस की लोकप्रियता बढ़ती ही जा रही है।

जब हम हंसते हैं तो हमें आनंद और खुशी तो मिलती ही है, इससे दूसरों तक भी सकारात्मकता का संचार होता है। प्रकृति द्वारा प्रदान की गई हास्य संजीवनी, ना केवल हमें तन-मन से स्वस्थ बनाती है, हमारे जीवन को खुशियों से भी भर देती है।

हास्य संजीवनी से जीवन बने खुशहाल

जीवनशैली
राजयोगी बीके निकुंज जी

इस बात में कोई दो राय नहीं है कि वर्तमान 21वीं सदी में रह रहे लगभग हर इंसान का साथी तनाव बन गया है। हमें आज तनाव में जीने की इतनी आदत पड़ गई है कि हममें से अधिकतर लोग प्रतिदिन सुबह तनाव के साथ ही उठते हैं और रोज रात को तनाव के साथ ही सोते हैं। इसका सीधा कारण है, अनिश्चितताओं और अन्याय से भरे विश्व की भयानक स्थिति। यहां समाज में रहने वाला इंसान ही नहीं, बड़े-बड़े ताकतवर देश भी गहरी असुरक्षा का अनुभव कर रहे हैं। तो क्या इन अनिश्चितताओं और असुरक्षा की पीड़ा से हम निजात नहीं पा सकते? क्या हमें सदैव तनाव के साथ ही अपना जीवन व्यतीत करना होगा? नहीं, ऐसा बिल्कुल नहीं है।

हंसी है सरल-सहज प्रवृत्ति : तनाव से छुटकारा पाने के कई तरीके हैं। उन सभी में से सबसे सरल, सहज और मुफ्त का तरीका है- हंसना। यह प्रवृत्ति सभी इंसानों में होती है। हंसना मानव अभिव्यक्ति का एक ऐसा शुद्धतम रूप है, जो सभी उम्र, जाति और धर्म के लोगों को एक साथ बांधकर रखता है। इस बारे में मशहूर शायर निदा फाजली ने अत्यंत सुंदर पंक्तियां लिखी हैं 'घर से मस्जिद है बहुत दूर चलो यूं कर लें, किसी रोते हुए बच्चे को हंसाया जाए।'

पड़ता है सकारात्मक प्रभाव : मुस्कान और प्रसन्नता हमारे शरीर ही नहीं, मन पर भी आश्चर्यजनक सकारात्मक प्रभाव डालते हैं। इससे शोक, भय, क्लेश जैसी नकारात्मक वृत्तियां क्षण भर में दूर हो जाती हैं। इसी वजह से आनंद को ईश्वरीय गुण कहा जाता है, क्योंकि वह हमारे शरीर में मधुर भाव उत्पन्न करता है। इसकी मनोवैज्ञानिक प्रतिक्रिया से शरीर और मन पर शांति का आलौकिक प्रभाव पड़ता है।

ना चूकें हंसने का अवसर : भौतिकता की अंधी दौड़ में भागते हुए, संयोग से यदि हमें कोई मुस्कुराता हुआ व्यक्ति दिख जाता है, तो उसे देखकर हम प्रसन्न हो जाते हैं और उसकी ओर आकर्षित होते हैं। इसके पीछे का मूल कारण है सकारात्मक प्रभाव, जो केवल एक मुस्कान या हंसी मात्र से व्यक्ति को अपने सारे दुःख-दर्द भुला देता है और सुख-संतोष की अनुभूति कराता है। इसीलिए हम सभी को जब भी हंसने का अवसर मिले, तब जी भरकर खूब हंसना चाहिए। कहा जाता है कि जो व्यक्ति हंसना नहीं जानता, वास्तव में वह जीवन भी जीना नहीं जानता है।

सब करते हैं पसंद : हमेशा खुश रहने, हंसने-मुस्कुराने वाले व्यक्ति की ओर सभी आकर्षित होते हैं। इसके विपरीत हमेशा अपना रोना रोने वालों से, नकारात्मक या उदास रहने वालों से लोग दूरी बनाए रखना चाहते हैं। मनोवैज्ञानिकों के अनुसार मनुष्य जितनी देर हंसता है, उतनी ही अवधि की वृद्धि वह अपने जीवन में कर लेता है। तभी तो कहते हैं कि जो व्यक्ति सदा हंसता-मुस्कुराता है, वह पचहत्तर-अस्सी वर्ष की अवस्था में भी नौजवान लगता है, जबकि इसके बिल्कुल विपरीत जो बिना वजह चिंता करता और उदास रहता है, वह बीस-पचीस वर्ष की आयु में भी बूढ़ा लगने लगता है।

तन-मन बने स्वस्थ : हंसने से हमारे शरीर में अनेक लाभकारी रसायन प्रवाहित होते हैं, जो हमें अनेक बीमारियों से बचाते हैं और तंदुरुस्त रखते हैं। इसीलिए हास्य को स्वास्थ्य का मूल-मंत्र माना गया है। ईर्ष्या, द्वेष, क्रोध आदि उत्तेजनाओं से जो शारीरिक अस्त-व्यस्तता उत्पन्न हो जाती है, मनोविकारों का जो विष तन-मन में संचित हो जाता है, वह हंसने से दूर हो जाता है। हंसने से फेफड़ों को भी नई शक्ति मिलती है, जिससे शरीर का रक्त शुद्ध और सशक्त बनता है।

कृत्रिम नहीं सहजता से हंसें : आज के दौर में कई टीवी सीरियल्स हमें जबरदस्ती हंसाने का प्रयास करते रहते हैं तो इसी तरह महानगरों के पार्क या कम्युनिटी सेंटर्स में संचालित होने वाले लाफिंग क्लब्स लोगों के चेहरे पर जबरदस्ती हंसी लाने का प्रयास कर रहे हैं। लेकिन ऐसे कृत्रिम हास्य में क्या मजा! असली मजा और आनंद तो वास्तविक और सहज हंसी में मिलता है, जो आज के दौर में हमें अकसर लोगों के चेहरे पर दिखती नहीं है। सवाल है, इसकी क्या वजह है, क्यों लोग सहज-प्राकृतिक हंसी भूलते जा रहे हैं? इसका कारण है हमारे मन में मौजूद नकारात्मकता। जी हां! जैसे जलती बाती में चाहे कितनी भी रोशनी हो लेकिन उस पर लगे कांच के आवरण पर अगर मिट्टी या कालिमा लगी हो तो वह प्रकाश गंदे कांच से अवरुद्ध हो जाता है और रोशनी को पूरी तरह बाहर नहीं फैलने देता। ठीक इसी प्रकार से, जब तक हमारे मन पर छल, कपट, ईर्ष्या, द्वेष, काम, क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार की कालिमा है, तब तक हमारी आत्मा की खुशी बाधित होती रहेगी और हमारे चेहरे पर सहज हंसी-मुस्कराहट नहीं आएगी। इसीलिए खुश होकर सहज हंसी हंसने के लिए हमें इस कालिमा को उच्च-सकारात्मक और पवित्र गुणों को आत्मसात करके साफ करना होगा। अन्यथा हमारा जीवन सदा दुःखी-असंतुष्ट रहेगा। वास्तविक हंसी और खुशी से हम वंचित रहेंगे। हमें स्वयं चुनना होगा, हम क्या चाहते हैं? *

चुनावी कविता
हरीश कुमार 'अमित'

जब्त जमानत करवाऊंगा



जीतूंगा या हारूंगा?
क्या मैं बाजी मारूंगा?

पब्लिक देगी मुझको वोट?
या मारेगी दिल पे चोट?

विजय पताका फहराऊंगा,
या जब्त जमानत करवाऊंगा?

बढ़ी हुई है दिल की धड़कन,
हाथों-पैरों में भी कंपन।

जीत-हार की बातें सोचूं,
घबरा के बालों को नोचूं।

नींद न आती सारी रात,
सोचूं बस वोटों की बात।

किसी काम में लगता न जी,
बढ़ा रहता है अपना बीपी।

जीत गया तो मौज-ही-मौज,
मिलेगी खुशियों की 'फुल डोज'।

हार लगेगी मिर्च-सी तीखी,
लोग हंसेंगे कर-करके खी-खी।

हास्य व्यंग्य
मेघा राठी

बहानों की दुकान

अच्छी सेल्स गर्ल की तरह उस नवयौवना ने हमारे आगे एक कैटलॉग खोल दिया, जिसमें पत्नी के लिए बहानों की लंबी लिस्ट थी। मैं इतनी सारी श्रेणियां देखकर हैरान था, बोला, 'आप लोगों ने तो कुछ भी नहीं छोड़ा, मेरा मतलब है, हर समस्या के लिए आपके पास बहाना है।'

क्या आपको सही समय पर, अवसर के अनुकूल बहाने नहीं मिल पाते? क्या आप एक ही तरह के बहाने बना-बना कर बोर हो चुके हैं? आपके परिवार के लोग, मित्र, प्रेमिका और पत्नी आपके बहाने अच्छी तरह पहचान चुके हैं, तो आइए बहानों की इस दुकान में आपका स्वागत है।' लोकल टीवी चैनल पर आ रहे इस विज्ञापन से हमने तुरंत दुकान का पता नोट किया और पहुंच गए बहानों की दुकान पर।

'जी सर?' कसी हुई काली मिडी में एक सुंदर नवयौवना ने दुकान में प्रवेश करते ही आकर अदब से पूछा।

'टीवी पर आपकी दुकान का विज्ञापन देखा तो...', आगे हम कुछ और बोल पाते, उसके पहले ही उसने हमें एक तरफ रखे सोफे पर बैठने का इशारा किया। 'सर आप क्या करते हैं? हमारे पास हर प्रोफेशन के हिसाब से ऐसे बहाने हैं, जो आसानी से कोई सोच भी नहीं सकता है। मान लीजिए, आप राजनेता हैं। जनता अब टीवी की डिबेट सुन-सुनकर क्रॉस क्वेश्चन करने लगती है, इसलिए आपको ऐसे बहाने चाहिए, जिनको कोई आसानी से पकड़ ना सके। ऐसे में हम पूरी तरह से ठोंक-बजाकर, परख कर ऐसा बहाना देंगे, जो आपकी मजबूरी को सही साबित कर सके।' उस नवयौवना ने हमारी तरफ अपनी लाइनर-मस्कारा लगी सवालिया नजरों से देखा, जिसका आशय था कि हमें उसकी बात समझ आ रही है या नहीं?

हमने तुरंत सिर हिलाकर हामी भरी। यह देखकर उसने फिर से बोलना शुरू किया, 'बॉस से छुट्टी के लिए हम आपको बिल्कुल नए बहाने देंगे, जिनसे बॉस न केवल आपकी छुट्टी मंजूर करेंगे बल्कि आपको अग्रिम वेतन भी दे देंगे।'

'क्या सच में..? आपके पास ऐसे बहाने भी हैं?' अब हम सोफे पर सीधे बैठ चुके थे। हमारी उत्सुकता का बल्ब जीरो वॉट से सौ वॉट का होकर जलने लगा था।

'हां सर, आप एक बार हमारे यहां से खरीददारी करके देखिए। गारंटी है कि उसके बाद आप बार-बार यहां आना चाहेंगे। हमारे पास तो गर्लफ्रेंड या पत्नी की डांट, शॉपिंग से बचने, देर रात दोस्तों के साथ पार्टी के बाद घर आने के लिए भी बहुत लाजवाब बहानों की वैरायटी है बल्कि पत्नी के सामने आपकी गर्ल फ्रेंड का फोन आने पर आप किस तरह का बहाना बना कर लड़ाई से बच सकते हैं, इसकी तो बड़ी कैटलॉग है।' अच्छी सेल्स गर्ल की तरह उस नवयौवना ने हमारे आगे एक कैटलॉग खोल दिया, जिसमें पत्नी के लिए बहानों की लंबी लिस्ट थी। मैं इतनी सारी श्रेणियां देखकर हैरान था, बोला, 'आप लोगों ने तो कुछ भी नहीं छोड़ा, मेरा मतलब है हर समस्या के लिए आपके पास बहाना है।'

'हमारी मार्केटिंग टीम ने लंबा सर्वे करने के बाद बहुत मेहनत से यह लिस्ट बनाई है सर। आप किस तरह का बहाना लेना चाहेंगे?' नवयौवना ने अपना लैपटॉप खोल लिया।

'पर इस कैटलॉग में मूल्य सूची तो है ही नहीं?' हमने पन्ने पलटते हुए पूछा।

'सर, बहाने की भी कैटेगरी है- ब्रांज, सिल्वर और गोल्ड। इसी के मुताबिक पेमेंट लगता है। आपको किस कैटेगरी का बहाना चाहिए?' उसने पूछा। 'सिल्वर कैटेगरी।' हमने जल्दी से कहा और यह भी बोला, 'लेकिन हम खरीददारी का मन बनाकर नहीं आए थे। हम तो बस ऐसे ही जानकारी लेने के लिए आ गए थे।'

यह सुनकर एक पल के लिए उस नवयौवना की आंखें सिकुड़ीं और दूसरे ही पल उसकी व्यावसायिक मुस्कान उसके चेहरे पर आ गई, तुरंत बोली, 'अरे सर, आपकी ही दुकान है। बताइए, किस तरह की सिचुएशन का बहाना दें आपको?' मैंने कहा, 'आप तो पत्नी की शॉपिंग पर साथ न जाने और ऑफिस में लेट होने का सिल्वर रेंज का बहाना दे दीजिए।'

वह उठकर काउंटर पर गई। वहां बैठी एक लड़की से कुछ बात करके एक कागज प्रिंट करवा कर हमें पकड़ा दिया।

दस हजार रुपए का बिल था। एक बहाना पांच हजार का, हमारे तो होश ही उड़ गए। 'सर काउंटर पर पेमेंट करके रसीद ले लीजिए, तब तक मैं आपके लिए दो बहाने निकालती हूं।' वह नवयौवना मोहनी मुस्कान के साथ बोली। हमारे जिज्ञासा के जितने बल्ब जले थे, वे सब फ्यूज हो गए। पत्नी-बच्चों के साथ इस बार भी नैनीताल का प्रोग्राम अगर इस सौदे के कारण चौपट हुआ तो कोई बहाना नहीं बचा पाएगा। सोफे से खड़े होते ही अचानक हम लड़खड़ाए और जमीन पर गिर गए। यह देखते ही सब भाग कर मेरे पास आ गए।

'लगता है मिर्गी का दौरा है, जूता सुंघाना पड़ेगा।' अर्दली ने ज्ञान बघारते हुए कहा और जल्दी से अपना जूता खोलकर उसने हमारी नाक पर रख दिया। उसका बदबूदार जूता सूंघते ही हमारी सारी इंद्रियां जागृत हो गईं और तेज उबकाई के साथ हमें उठना ही पड़ा।

'सर, आप ठीक हैं?' सेल्स गर्ल के चेहरे पर चिंता के भाव देखकर हमें खुशी हुई, लेकिन तभी अपना अकाउंट स्टेटस याद आते ही हमने अपना हांफना जारी रखा और बड़ी मुश्किल से हॉस्पिटल जाने के लिए अर्दली से एक ऑटो बुलाने के लिए कहा।

'आप जा सकेंगे न?' अर्दली के पूछने पर हमने 'हां' में सिर हिला दिया।

हॉस्पिटल की जगह घर जाते हुए हमने हाथ जोड़ कर मन ही मन भगवान को धन्यवाद किया और सोचा, जान बची तो लाखों... नहीं-नहीं...दस हजार बचाए।

वैसे बहाना तो हमने भी बहुत जबरदस्त बनाया था। *

पुस्तक चर्चा / विज्ञान भूषण

आएंगे अच्छे दिन भी



प्रसिद्ध कथाकार स्वयं प्रकाश की ग्यारह कहानियों का संकलन 'आएंगे अच्छे दिन भी' कुछ समय पूर्व छपकर आया है। हालांकि यह संग्रह वर्षों पहले प्रकाशित हुआ था, जिसका पुनर्प्रकाशन अब किया गया है। लेकिन इन कहानियों का मिजाज और इन्हें कहने का अंदाज ऐसा दिलचस्प है कि इन्हें बार-बार पढ़ा जा सकता है। दरअसल, ये कहानियां हमारे समय की विसंगतियों और व्यक्तिगत मानवीय जीवन की विडंबनाओं को बिना किसी लाग-लपेट के सामने लाती हैं। यहां हर कहानी का कथानक तो अलग है ही, इनके कहन की शैली और भाषा में भी विविधता देखी जा सकती है। 'अफसर की मौत' कहानी, व्यवस्था में व्याप्त जकड़बंदियों को उजागर करती है तो 'चोर की मां' पाठक के समक्ष नैतिकता और मूलभूत आवश्यकता के बीच होने वाले द्वंद्व को प्रकट करती है। 'नैनसी का धूड़ा' दुर्भाग्य के आगे विवश व्यक्ति की मार्मिक कहानी है तो 'झक्की' वृद्धावस्था में ऊब भरी दिनचर्या की प्रतिक्रिया से उपजे व्यवहार की छवि उकेरती है। संग्रह की अन्य कहानियां भी बेहद पठनीय हैं। *

पुस्तकः आएंगे अच्छे दिन भी (कहानी संग्रह), **लेखकः** स्वयं प्रकाश, **मूल्यः** 199 रुपए, **प्रकाशकः** राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली

अगर आपकी है रचनात्मक लेखन में रुचि

अगर आप अपने आस-पास की बदलती दुनिया पर नजर रखते हैं। आप हटकर सोचते हैं, आपके भीतर विवेचन और लेखन की क्षमता है, आप पत्रकारिता-लेखन के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो जुड़िए दैनिक हरिभूमि से।
हमें दिल्ली में अपने फीचर विभाग के लिए आवश्यकता है-

- वरिष्ठ उप संपादक / उप संपादक
- प्रशिक्षु उप संपादक
- हिंदी टाइपिंग में कुशल ऑपरेटर भी आवेदन कर सकते हैं।

यथाशीघ्र अपना बायोडाटा मेल करें-
E-Mail: haribhoomifeaturedep@gmail.com

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से एक साथ प्रकाशित

हाई प्रोफाइल सीट

राजगढ़ में दिग्विजय समर्थक कान्फिडेंट, भाजपा को रोडमल के जीतने की उम्मीद, लक्ष्मण की नाराजगी दूर, पूर्व सीएम सिंह ने ममता को मनाया

मोदी फैक्टर, संघ से भी दिग्विजय टीम का मुकाबला | नागर कर रहे रोड-शो, सिंह गांव-गांव करते पदयात्रा | इधर शाह ने चेताया, उधर पायलट, गहलौत का दौरा

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

छिंदवाड़ा के बाद राजगढ़ दूसरी ऐसी हाई प्रोफाइल लोकसभा सीट है, जिस पर सभी की नजर है। छिंदवाड़ा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमलनाथ के कारण चर्चा में थी और राजगढ़ दिग्विजय सिंह के कारण। छिंदवाड़ा की ही तरह राजगढ़ का चुनाव भी रोचक और कड़े मुकाबले का है। छिंदवाड़ा से कमलनाथ के बेटे नकुलनाथ मैदान में हैं जबकि राजगढ़ में खुद दिग्विजय कांग्रेस प्रत्याशी। छिंदवाड़ा के लिए पहले चरण में मतदान हो चुका है जबकि राजगढ़ में तीसरे चरण में 7 मई को मतदान होना है। राजगढ़ में भाजपा की ओर से सांसद रोडमल नागर फिर मैदान में हैं। दिग्विजय समर्थक सोशल मीडिया में कान्फिडेंट दिखते हैं और जीत का दावा कर रहे हैं, दूसरी तरफ भाजपा को नागर के जीत की उम्मीद है। पार्टी नेताओं का कहना है कि कांग्रेस को उनका अति आत्मविश्वास ले डूबेगा और अंत में भाजपा की जीत उसी तरह होगी, जैसे विधानसभा चुनाव में हुई थी। तब भी कांग्रेस प्रदेश में सरकार बनाने का दावा कर रही थी। राजगढ़ लोकसभा क्षेत्र की 8 में से 6 क्षेत्रों में कांग्रेस हार गई थी।

भाजपा की तुलना में कांग्रेस की प्रचार शैली अलग

राजगढ़ में भाजपा के रोडमल और कांग्रेस के दिग्वजय की प्रचार शैली में बड़ा फर्क है। दिग्विजय सिंह जब से प्रत्याशी घोषित हुए, तब से ही पदयात्रा कर रहे हैं। हर दिन वे 15 से 20 किमी तक पैदल चलते हैं और रात्रि विश्राम गांव में ही करते हैं। गांव में समर्थक चंदा कर सामूहिक भोजन की व्यवस्था करते हैं और साथ बैठकर खाते हैं। इस दौरान दिग्विजय लोगों से संपर्क और बातचीत करते हैं। दिग्विजय खासतौर पर भाजपा के गढ़ों को टारगेट कर रहे हैं। दूसरी तरफ भाजपा के रोडमल नागर कभी पदयात्रा करते दिखाई नहीं पड़े। वे रोड शो पर भरोसा करते हैं और एक दिन में ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचने की कोशिश करते हैं। कह सकते हैं कि दिग्विजय की प्रचार शैली भाजपा के रोडमल की तुलना में ज्यादा प्रभावी है।

राजगढ़ में इसलिए मुकाबला कड़ा

लोकसभा के इस चुनाव में राजगढ़ में मुकाबला कड़ा दिख रहा है, क्योंकि यह पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह का गृह क्षेत्र है। वे यहां से सांसद रह चुके हैं और विधायक के साथ 10 साल तक मुख्यमंत्री। इस नाते क्षेत्र में उनके पास अच्छी टीम है और अच्छा संपर्क भी। कांग्रेस एकजुट है ही। दिग्विजय की इस टीम का मुकाबला सरकार, संघ और भाजपा के बड़े संगठन से है। संघ और दिग्विजय एक-दूसरे के पसंदीदा हैं। इसीलिए दिग्विजय को हराने के लिए सरकार और भाजपा संगठन के साथ संघ ने भी पूरी ताकत झोंक रखी है। दिग्विजय को राम द्रोही और मुस्लिम तुष्टिकरण का अगुवा बताया जा रहा है। जवाब में दिग्विजय खुद को सबसे बड़ा सनातनी बता रहे हैं। दिग्विजय यह भी कहते हैं कि भाजपा राम के नाम पर वोट मांगती है। उसका सनातन धर्म से कोई लेना-देना नहीं है। राजगढ़ की जय-पराजय इस मुद्दे पर जनता का फैसला माना जाएगा।

शाह ने दिया यह ऑफर

जैसे कमलनाथ ने छिंदवाड़ा किसी बड़े कांग्रेस नेता को नहीं बुलाया था, उसी तरह दिग्विजय भी राजगढ़ में अकेले अपनी टीम के साथ प्रचार कर रहे हैं। आज जरूर कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने राजगढ़ के जीरापुर में दिग्विजय के समर्थन में सभा की है और कल शनिवार को राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत आ रहे हैं। भाजपा की ओर से लगभग हर प्रमुख नेता पहुंच रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कई बार जा चुके हैं। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जिन कुछ क्षेत्रों में प्रचार के लिए गए हैं, उनमें राजगढ़ शामिल है। भाजपा के शीर्ष नेता अमित शाह भी राजगढ़ होकर गए हैं। उन्होंने मंच से ही विधायकों को ऑफर दिया कि जिनके क्षेत्र का परफारमेंस अच्छा होगा, आने वाले समय में उन्हें मंत्रिमंडल में जगह दी जाएगी। शाह के इस ऑफर के बाद पार्टी के सभी 5 विधायक रोडमल के लिए प्राण-प्रण से जुट गए हैं।

भाजपा-कांग्रेस के बीच जातियों का बंटवारा

लोकसभा चुनाव में आमतौर पर राजगढ़ क्षेत्र में जातिगत आधार पर मतदान नहीं होता। बावजूद इसके भाजपा और कांग्रेस द्वारा समाजों की बहुलता को देखकर नेताओं को प्रचार के लिए तैनात किया जा रहा है। क्षेत्र में सबसे ज्यादा मतदाता सोंधिया, दांगी और तंवर समाज के हैं। ये आमतौर पर भाजपा के साथ रहते हैं। इसके बाद ब्राह्मण, यादव और मीना समाज आते हैं। इनकी भी स्थित वही है। हालांकि दिग्विजय के कारण हर समाज मे बंटवारा देखने को मिल रहा है। अनुसूचित जाति-जनजाति के मतदाताओं की तादाद भी कम नहीं है। कांग्रेस और भाजपा ने जातिगत आधार पर नेताओं को मैदान में उतार रखा है। ब्राह्मण मतदाताओं का रुझान भाजपा की ओर है और अजा-जजा वर्ग का कांग्रेस की ओर। शेष सभी जातियां भाजपा-कांग्रेस के बीच बंटी दिखाई पड़ रही हैं। ऐसे में यह कहना कठिन है कि आखिर, जीत किसके पाले बैठेगी।

नाराज लोगों को भी मना रहे हैं दिग्विजय

राजगढ़ क्षेत्र में भाजपा और कांग्रेस के नेता प्रत्याशियों के लिए एकजुट नजर आते हैं। सांसद रोडमल को प्रत्याशी बनाए जाने से लोगों में नाराजगी है। पार्टी के एक पदाधिकारी का कहना है कि कार्यकताओं को रोडमल से नाराजगी है, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से नहीं। इसलिए बाद में सभी लोग वोट भाजपा को ही देंगे। दिग्विजय के लिए कांग्रेस नेता भी एकजुट हैं, लेकिन उनके भाई लक्ष्मण सिंह प्रचार में नहीं दिख रहे थे। खबर है कि दिग्विजय ने उन्हें मना लिया है। अब वे प्रचार में जुट गए हैं। दिग्विजय ने भाजपा की पूर्व विधायक ममता मीना को भी अपने पक्ष में कर लिया है। चाचौड़ा में वे कांग्रेस का काम कर रही हैं। बता दें कि विधानसभा में टिकट न मिलने से ममता ने भाजपा छोड़ दी थी और आप के टिकट पर चुनाव लड़ी थीं। उन्हें लगभग 27 हजार वोट मिले थे। ममता के कांग्रेस के पक्ष में आने का लाभ दिग्विजय को मिल सकता है।

खबर संक्षेप

पीएम मोदी ने भारत का मान बढ़ायाः सिंधिया

भोपाल। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मेहगांव के गोरमी में जनसभा को संबोधित किया। सिंधिया ने कहा कि यह चुनाव दुनिया में भारत को एक विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित करने का चुनाव है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुनिया में भारत का मान बढ़ाया है। आज मोदी के नेतृत्व में भारत का परचम पूरे विश्व में फहरा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने जम्मू कश्मीर से लेकर आसमान के चांद तक भारत का झंडा गाड़कर भारत का नाम पूरे विश्व में स्थापित कर दिया है। यह नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव है।

सीएम डॉ. मोहन आज ग्वालियर में करेंगे प्रचार

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार को फिरोजाबाद, भिण्ड, दतिया, शिवपुरी, गुना व ग्वालियर में चुनाव प्रचार करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सुबह 9.30 बजे उत्तरप्रदेश के फिरोजाबाद में जनसभा, सुबह 10.50 बजे अटेर, सुबह 11.40 बजे गोहद, दोपहर 12.30 बजे भांडेर, दोपहर 1.30 बजे ग्वालियर लोकसभा के पोहरी, और दोपहर 3 बजे गुना में जनसभा को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शाम 7.30 बजे ग्वालियर में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में रोड-शो करेंगे।

सीएम डॉ. मोहन ने मां पीताम्बरा पीठ मंदिर में की पूजा-अर्चना

मुख्यमंत्री ने कहा- 70 साल तक भगवान श्रीराम के मंदिर में अड़ंगे लगाती रही कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को भिंड लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में दतिया में रोड के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस बार का चुनाव कांग्रेस को उसके पापों के लिए सबक सिखाने का चुनाव है। कांग्रेस पार्टी ने 70 सालों तक पाप किए। इनके माथे पर कई कलंक हैं। कांग्रेस पार्टी 70 सालों तक श्रीराम मंदिर निर्माण में अड़ंगे लगाती रही। भाजपा की सरकार में विकास कार्यों की कोई कमी नहीं होगी। हम सनातन संस्कृति को बचाने के लिए कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेंगे। जनसभा को न्यू ज्वाइनिंग टोली के प्रदेश संयोजक डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने भी संबोधित किया।

डॉ. मोहन ने मुरैना और दतिया में किया रोड-शो, जनसभा को भी संबोधित किया

दतिया में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए प्रदेश के पूर्व मंत्री व न्यू ज्वॉइनिंग टोली के प्रदेश संयोजक डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि मध्यप्रदेश में जब से डॉ. मोहन यादव मुख्यमंत्री बने हैं, कांग्रेस में भगदड़ के हालात बन गए हैं। खजुराहो लोकसभा कांग्रेस ने छोड़ी, वहीं इंदौर में प्रत्याशी ने ही कांग्रेस पार्टी छोड़ दी। भिंड लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी झूठ बोलने के सरदार हैं। दर्जन भर राजनीतिक दल बदल चुके हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन के नेता पहले प्रधानमंत्री बनने के लिए, फिर मंत्री बनने के लिए और फिर बड़े विभाग के लिए लड़ाई करेंगे और देश को डुबो देंगे। सीएम डॉ.मोहन ने मां पीताम्बरा पीठ मंदिर में पूजा-अर्चना की।

कांग्रेस ने हिंदू व मुसलमानों को लड़ाने का काम किया

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कांग्रेस ने आजादी के बाद से 70 सालों तक देश में शासन चलाया, लेकिन वे 70 सालों में देश की समस्याओं को खत्म नहीं कर पाए। भगवान श्रीराम खुले आसमान के नीचे विराजमान रहे, लेकिन कांग्रेस ने श्रीराम मंदिर को लेकर हमेशा से देश के हिन्दू और मुसलमानों को लड़ाने का काम किया है।

फूलों से पट गई सड़कें

मुरैना में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का रोड-शो मां पीताम्बरा मंदिर में दर्शन के उपरांत शुरू हुआ। रोड शो में मंच बनाकर सामाजिक और व्यापारिक संगठनों ने मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत किया। रोड-शो किला चौक पहुंचा। इस दौरान मुरैना की सड़कें फूलों से पट गई। लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा।

मोदी को फिर पीएम बनाने जनता का मांगा आशीर्वाद

देश को विकसित राष्ट्र बनाने, भारत माता के गौरव को परम वैभव पर पहुंचाने, भारत को फिर से विश्व गुरु के आसन पर विराजित करने के संकल्पों की पूर्ति के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के आह्वान के साथ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मुरैना और दतिया में पार्टी के लोकसभा प्रत्याशियों के समर्थन में शुक्रवार को रोड शो किया।

रेहटी, बकतरा, शाहगंज और उमरावगंज में की जनसभाएं

चिंता मत करना, दिल्ली जा रहा हूं, पिक्चर अभी बाकी हैः शिवराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को विदिशा लोकसभा के रेहटी, बकतरा, शाहगंज और उमरावगंज में जनसंपर्क कर जनसभाओं को संबोधित किया। इस दौरान पूर्व सीएम ने अपनी जन्मभूमि बुधनी विधानसभा क्षेत्र में जनता को संबोधित करते हए कहा कि आज मुझे वो दिन याद आ रहे हैं। जब यहां से मैंने अपने राजनैतिक जीवन की शुरुआत की थी। पूर्व मुख्यमंत्री चैहान ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि तुम ही शिवराज हो, तुम ही विदिशा से उम्मीदवार हो, सभी भाई, सभी बहनें और भांजे-भांजियां घरों से निकलें और चार दिन बचे हैं, ये चार दिन मुझे दे दीजिए और चुनाव प्रचार में जुट जाएं।

मैं नेता और आप जनता नहीं हैं, हम सब एक परिवार

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं नेता और आप जनता नहीं हैं, हम सब एक परिवार है। तुमसे ही मेरा अस्तित्व है और मैंने देश में तुम्हारी पहचान बनाने की कोशिश की है। इसलिए आज मैं आपसे कहने आया हूँ कि अगर मैंने अच्छा काम किया है, तो ऐसी विदा देना कि पूरे देश में मेरा काम दिखे। मैं भारी मन से कह रहा हूं कि आपको छोड़ नहीं सकता। मैं जिऊंगा तो आपके लिए और मरूंगा तो आपके लिए। इस चुनाव में सांसद का फैसला नही होना बल्कि इस चुनाव में फैसला होना है कि कोई अच्छा काम करता है तो जनता उसे उठाकर कैसे ऊपर ले जाती है।

डीपीजी आईटीएम इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने फेयरवेल में मचाया धमाल

गुरूग्राम। के सेक्टर 34 में स्थित डीपीजी आईटीएम इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रांगण में बीटेक, बीबीए एवं बीसीए के अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं के लिए एक शानदार फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया जिसे ADIOS का नाम दिया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर वर्ष 2024 की महिला आईकॉन सुश्री लिपिका शर्मा को आमंत्रित किया गया। कॉलेज की मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. प्रीति गहलोत, डायरेक्टर प्रोफेसर आरसी कुहाड़ जी ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। उपस्थित छात्र-छात्राओं के मनोरंजन के लिए डीजे की दुनिया में प्रसिद्धि प्राप्त नीतीश डीजे वाले भी इस कार्यक्रम में चार चांद लगाने के लिए आए। इस फेयरवेल पार्टी का शुभारंभ मां सरस्वती की मूर्ति के समक्ष ज्योति प्रचलित करके किया गया। कॉलेज के डायरेक्टर प्रोफेसर आरसी कुहाड़ जी ने मैनेजिंग कमेटी के पदाधिकारी की मुक्त कंठ से प्रसंशा की। उन्होंने अंतिम वर्ष

के सभी छात्र-छात्राओं का आपसी सामंजस्य, सहयोग और उत्साह से अध्ययन को संपन्न करने के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। श्री कुहाड़ जी ने छात्रों के जीवन में शिक्षा-यात्रा को न केवल उनका व्यक्तिगत विकास का परिणाम बतलाया बल्कि उन्हें इस शिक्षण संस्थान को एक नई उचांई पर पहुंचाने में भी भागीदार बताया।

तलेन में कार्यकर्ता सम्मेलन

कांग्रेस जाति व क्षेत्र के आधार पर लोगों को बांटकर करना चाहती है शासनः शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने शुक्रवार को नरसिंहगढ़ के तलेन में कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया। शर्मा ने कहा कि कांग्रेस आज भी जाति और क्षेत्र के आधार पर लोगों को बांटकर शासन करना चाहती है। कांग्रेस के खून में आज भी अंग्रेजों का जींस है। राजगढ़ की जनता मध्यप्रदेश को बंटाढार करने वाले दिग्विजय सिंह को इस चुनाव में सबक सिखाने को तैयार है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने किया जनसंपर्क

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने नरसिंहगढ़ विधानसभा के कुरावर और इकलेरा गणेश मंदिर के पास जनसंपर्क कर लाभार्थियों से संपर्क कर हितग्राही योजनाओं की जानकारी दी। प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने पचोर और ब्यावरा में घर-घर और बाजर में दुकानों पर जाकर संपर्क किया।

खुद को सनातनी बताना दिग्विजय का सबसे बड़ा झूठ

शर्मा ने कहा कि 2003 से पहले मध्यप्रदेश को बंटाढार बनाने वाले दिग्विजय सिंह द्वारा खुद को सनातनी बताना उनका सबसे बड़ा झूठ है। जो व्यक्ति अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा का बहिष्कार करें, राम भक्तों पर गोली चलाने वालों का समर्थन कर, उनको राजगढ़ लोकसभा की जनता हर बूथ पर जवाब देगी।

ग्राम भागूटोला में सुबह करीब 11.30 बजे हुआ हादसा, इलाज कराने कवर्धा आया था परिवार

कार व ट्रक की आमने-सामने भिड़ंत, 5 माह की बच्ची की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कबीरधाम

शनिवार को कबीरधाम जिले में सड़क हादसे में 5 माह की बच्ची की मौत हो गई। घटना सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के कवर्धा-राजनांदगांव रोड़ स्थित ग्राम भागूटोला में सुबह 11.30 बजे की है।

सिटी कोतवाली थाना से मिली जानकारी अनुसार कार और ट्रक की आमने सामने भिड़ंत हुई है। कार के पीछे सीट में मां के गोद से 5 माह की बच्ची दक्षिता पिता पेखराज साहू उछल कर सामने टकरा गई। इससे उसकी मौत हो गई है। ये लोग कवर्धा के एक निजी अस्पताल में

उपचार के लिए आए हुए थे। कवर्धा से वापस अपने घर लोहारा जा रहे है। इसी दौरान ग्राम भागूटोला के पास एक ट्रक के साथ भिड़ंत हो गई। ट्रक चालक व कार में बैठे किसी भी को चोट नहीं आई है। इस मामले में कोतवाली थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में ले लिया है। हादसे के बाद बच्ची के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

नेशनल हाईवे पर खड़े ट्रेलर को बस ने मारी टक्कर, आठ यात्री घायल

बिलासपुर। बिलासपुर में तेज रफ्तार बस ने नेशनल हाईवे के किनारे खड़े ट्रेलर को टक्कर मार दी, हादसे में आठ यात्री घायल हो गए हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दरअसल अंबिकापुर से रॉयल बस रायपुर जा रही थी बस में करीब 30 यात्री सवार थे। रतनपुर के बीएलटी कॉलेज के पास सड़क किनारे खड़े ट्रेलर से बस टकरा गई। पुलिस मामला

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
निविदा सूचना

उप मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण/उत्तर रेलवे, चौथी मंजिल, डीआरएम कार्यालय, नई दिल्ली–110001 ने अधोविख्यात काम के लिए एक पैकेट प्रणाली के तहत ई–निविदा आमंत्रित करता है।

कार्य का नाम व स्थान	फरीदाबाद स्टेशन के पुनर्विकास और प्रमुख उन्नयन के विद्युतीकरण कार्य के लिए 25 केवी एसी सिंगल फेज ओएचई का डिजाईन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग और संशोधन।		
कार्य की पूर्णता अवधि	06 माह	लगभग काम की लागत	₹74,76,473.31
बयाना धन राशि (ऑनलाइन जमा करने के लिए)	₹1,49,500/-		
ई–निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय	दिनांक 27.05.2024 को आईआरईपीएस की वेबसाइट अर्थात् www.ireps.gov.in को 17:00 बजे निविदाएं अपलोड की जा सकती हैं। निविदाकर्ता ई–निविदा में भाग ले सकते हैं, यह निविदा 27.05.2024 को 11:30 बजे खोली जाएगी।		
निविदा के बारे में विस्तृत सूचना और दस्तावेज	विस्तृत ई–निविदा सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.nr.indianrailways.gov.in पर उपलब्ध है और निविदा दस्तावेज www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा दस्तावेज आईआरईपीएस की वेबसाइट पर प्रस्तुत करने के लिए उपलब्ध होगा www.ireps.gov.in 13.05.2024 से 27.05.2024 उपर्युक्त निविदाओं के संबंध में अन्य सभी निबंधन और शर्तें निविदा दस्तावेज में दी गई हैं। विस्तृत निविदा सूचना भी उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है।		

सं.: 332-Dy.CEE/C/NDLS/2022-23R5 दिनांकः 04.05.2024 1358/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
निविदा सूचना

पत्र सं. 6-SEFile-195874RTTender दिनांक 04.05.2024

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य कार्यशाला प्रबंधक कार्यालय, रेल कोच नवीनीकरण कारखाना, सोनीपत, उत्तर रेलवे, निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा करते है।

1	निविदा सूचना	6-SEFile-195874RTTender
2	कार्य का नाम और कार्य स्थान	"कार्य के दायरे के अनुसार आरसीएनके/एसएनपी की दुकानों में रोशनी में सुधार का प्रावधान"
3	अनुमानित लागत	रुपये 3428575.30/– जीएसटी @ 18% सहित
4	बयाना राशि	रु. 68600.00/–
5	निविदा फार्म का मूल्य	शून्य
6	कार्य अवधि	अवधि कार्य आरंभ होने से चार महीने
7	निविदा प्रपत्र जमा करने की तथा खुलने की तिथि व समय	दिनांक 27.05.2024 खुलने का समय 11:00 बजे
8	निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने के लिए इंटरनेट साइट	उपरोक्त निविदा IREPS साईट पर उपलब्ध है जो कि है www.ireps.gov.in
9	यदि हिन्दी व इंग्लिश के नोटिस में कोई विरोधाभास है, तो इंग्लिश का नोटिस ही मान्य होगा।	

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1357/24

दो चरण के चुनाव के बाद प्रचार अभियान विकासात्मक और रचनात्मक मुद्दों से भटक कर आरक्षण, संविधान, वोट जिहाद, तुष्टिकरण, पाकिस्तान आदि जैसे अनुत्पादक व विभाजनकारी प्रलापों पर केंद्रित हो गए हैं। भाजपा नीत राजग जहां अपने चार सौ पार नारे को चरितार्थ करने के लिए मतदाताओं को लुभाने के लिए पूरी ताकत लगा रहा है, वहीं कांग्रेस नीत 'इंडिया' भाजपा व मोदी को शिकस्त देने के लिए हर वो पैंतरे अपना रहा है, जो भविष्य में देश की समावेशी फिजा की रंगत बदल सकते हैं। इंडिया के घटक दल सपा नेता मारिया आलम खां की तरफ से जिस तरह वोट जिहाद लफ्ज़ का इस्तेमाल हुआ है, उससे लगता है कि पीएम नरेंद्र मोदी को हराने के लिए इंडी गठबंधन के नेता किस हद तक जा सकते हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी अपने भाषणों में लोगों को डराते हैं कि 'मोदी सरकार आई तो संविधान बदल जाएगा, आरक्षण खत्म हो जाएगा', जबकि यह सरासर झूठ है। कांग्रेस धर्म के आधार पर आरक्षण देने का शिगूफा छोड़ रही है, जबकि संविधान में धर्म आधारित आरक्षण का प्रावधान नहीं है और अतीत में सुप्रीम कोर्ट ने भी इस विचार को खारिज किया है। आखिर विपक्ष की ओर से वोट जेहाद जैसी खतरनाक अपील क्यों की जा रही है? कांग्रेस, सपा या इंडी गठबंधन की ओर से इस अपील के विरोध में बयान क्यों नहीं आए? क्या चुनाव विभाजनकारी, तुष्टिकरण आदि मुद्दों पर ही लड़ा जाएगा? विकास, भविष्य का भारत, एकता, अखंडता जैसे मुद्दों पर नहीं लड़ा जा सकता? चुनावी राजनीति में बदलाव की जरूरत पर रोशनी डालता आजकल का यह अंक...

वोट जेहाद से आरक्षण तक का शोर

विश्लेषण
सुशील राजेश
वरिष्ठ पत्रकार

आजकल अमेरिका में जेहाद की गूंज है। भारत में भी आम चुनाव का मौसम है, व यहां भी जेहाद की गर्मी घोल दी गई है। लोकसभा के लिए मतदान के चरण जारी हैं, लेकिन उप्र में समाजवादी पार्टी का एक चेहरा मारिया आलम खां ने 'वोट जेहाद' के जरिए मुसलमानों का आह्वान किया है। मारिया ने मौजूदा सत्ता के प्रति जिन शब्दों का इस्तेमाल किया है, वे बेहद नफरती और आपत्तिजनक भी हैं। देश के विभिन्न हिस्सों में जो आतंकी हमले किए गए हैं या जेहाद के नाम पर जो कत्लेआम, लहूलुहान जारी रहा है, उसे 'धर्मयुद्ध' किस तरह कहा या माना जा सकता है? गृहमंत्री अमित शाह ने सार्वजनिक तौर पर स्पष्ट किया है कि चुनाव के बाद जो मोदी सरकार बनेगी, वह इस मामले में उचित कार्रवाई करेगी।

दुनिया के सबसे प्राचीन लोकतंत्र अमेरिका और सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में आजकल जेहाद की गूंज है। संदर्भ और कारण अलग-अलग हैं। अमेरिका के संदर्भ में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि अमेरिका में जेहाद नहीं चाहिए। अमेरिका में यूनिवर्सिटी का इस्लामीकरण नहीं होना चाहिए। कुछ यूनिवर्सिटी ऐसी हैं, जिनके परिसरों में युवा शक्ति गाजा के फिलिस्तीनियों के पक्ष में आंदोलित है। वे हमास जैसे आतंकी संगठन के समर्थक या प्रतिनिधि हो सकते हैं। आश्चर्य है कि गाजा के मुसलमानों के हालात और इज़रायल के हमलों पर अधिकतर इस्लामी देश अब खामोश हैं, लेकिन अमेरिका की यूनिवर्सिटीज में आंदोलन जारी हैं। माइक पर नमाज पढ़ी जा रही है। परिसरों में नौजवानों ने तंबू तक गाड़कर अवरोधक खड़े कर लिए हैं। करीब 2300 छात्रों को गिरफ्तार करना पड़ा है। यह अमेरिका के लोकतंत्र की संस्कृति नहीं है। इन आंदोलनों को खत्म किया जाना चाहिए। हमने देखा है कि जब यूरोप ने जेहाद के लिए अपने दरवाजे खोले, तो क्या हुआ? पेरिस, लंदन में देख लो। वे अब पहचानने लायक नहीं हैं। हम अमेरिका के साथ ऐसा नहीं होने देंगे। हमारे पास अविश्वसनीय संस्कृति और परंपरा है। ये आंदोलन नवम्बर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव का मुख्य मुद्दा बन सकते हैं। आखिर अमेरिका में जेहाद की गूंज क्यों है?

चुनाव का मौसम

भारत में भी आम चुनाव का मौसम है, लेकिन उसमें भी जेहाद की गर्मी घोल दी गई है। लोकसभा के लिए मतदान के चरण जारी हैं, लेकिन उप्र में समाजवादी पार्टी का एक चेहरा मारिया आलम खां ने 'वोट जेहाद' के जरिए मुसलमानों का आह्वान किया है। वह पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद की भतीजी हैं। सम्पन्न और शिक्षित परिवार से हैं। फिर भी इतनी सांप्रदायिक और देश-विरोधी सोच की हैं, उनका आह्वान सुनकर हैरानी हुई। मारिया समाजवादी पार्टी की जिला उपाध्यक्ष हैं। उन्होंने एक चुनावी जनसभा में कहा- 'बहुत अक्लमंदी के साथ, बहुत जज़्बाती न होकर, बहुत खामोशी के साथ, एक साथ होकर वोटों का जेहाद करो। हम सिर्फ वोटों का जेहाद ही कर सकते हैं और इस संघी सरकार को भगाने का काम कर सकते हैं।' जेहाद के इस आह्वान ने सियासत में उबाल पैदा कर दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तक को प्रतिक्रिया देनी पड़ी, लेकिन उन्होंने कांग्रेस के हिस्से ही दर्ज कर दिया। मारिया ने मौजूदा सत्ता के प्रति जिन शब्दों का इस्तेमाल किया है, वे बेहद नफरती और आपत्तिजनक भी हैं। हालांकि सलमान खुर्शीद ने सार्वजनिक तौर पर मारिया को न तो भतीजी माना और न ही जेहाद के बयान को कबूल किया। अलबत्ता उन्होंने कहा कि वास्तविकता से इस कथित जेहाद का कोई संबंध नहीं है। ऐसे जेहाद हमारे देश में स्वीकार्य भी नहीं हैं। दरअसल सवाल है कि क्या भारत में हिन्दू, मुसलमान, ईसाई, पारसी आदि के

अलगाववादी आह्वानों पर ही चुनाव कराए जा सकते हैं? चुनाव आपसी सौहार्द और भाईचारे के भाव के साथ नहीं हो सकते? भारत तो संवैधानिक तौर पर 'पंथनिरपेक्ष' देश है। इस तरह जेहाद की बात करना आपराधिक मानसिकता है। मारिया जैसे लोग चाहते हैं कि एक-एक मुसलमान घर से निकले और अपने तय मुस्लिम उम्मीदवार के पक्ष में ही वोट सुनिश्चित करे।

लोकतंत्र के खिलाफ

चुनाव में हिन्दू-मुसलमान होने ही क्यों चाहिए? मुसलमानों को देश के संसाधनों पर भी पहला हक चाहिए। सरकारी नौकरियों, शिक्षा, स्वास्थ्य, सरकारी ठेकों, खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में भी आरक्षण चाहिए। कांग्रेस 2009 से अपने चुनाव घोषणा पत्रों में ऐसे आरक्षण या समान अवसर मुहैया कराने का आश्वासन देती आ रही है। उससे पहले भी ऐसी ही सोच रही होगी, लेकिन हमने खंगाल कर नहीं देखा। यह दीगर है कि मई, 2014 से कांग्रेस केंद्रीय सत्ता के बाहर है, लेकिन वह मुस्लिम अल्पसंख्यकों के पर्सनल लॉ, पोशाक, खान-पान और वक्फ़ के वर्चस्व को भी पूरी स्वतंत्रता दिए जाने की सुनिश्चित घोषणा कर चुकी है। क्या अब देश में 'शरिया कानून' भी लागू रहेगा? वोट के नाम पर जेहाद किस तरह होगा, किसी ने भी स्पष्ट नहीं किया। कमोबेश कांग्रेस ने 'वोट जेहाद' का खंडन नहीं किया है। जेहाद किस लोकतंत्र का हिस्सा या पर्याय है? मैंने भारत में आतंकवाद के नाम पर भी जेहाद सुना है। देश के विभिन्न हिस्सों में जो आतंकी हमले किए गए हैं या जेहाद के नाम पर जो कत्लेआम, लहूलुहान जारी रहा है, उसे 'धर्मयुद्ध' किस तरह कहा या माना जा सकता है? मारिया के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करना ही पर्याप्त नहीं है। उनके खिलाफ देश-विरोधी गतिविधियों वाले कानून में मुकदमा चलाया जाना चाहिए। विडंबना और दुर्भाग्यपूर्ण है कि हम भारत में कभी 'लव जेहाद' सुनते हैं, तो कभी 'लैंड जेहाद' के नारे बुलंद किए जाते हैं। 'मुस्लिम आरक्षण' पर भी अदालतों के खिलाफ जेहाद बोला जा सकता है, क्योंकि सबसे ताज़ा स्थापना अदालत की ही है कि धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया जा सकता। प्रधानमंत्री मोदी ने 'वोट जेहाद' को लोकतंत्र के खिलाफ माना है, लिहाजा उन्होंने मुस्लिम तुष्टिकरण पर कांग्रेस से तीन लिखित गारंटियां मांगी हैं। बेशक चुनाव के संदर्भ में सभी बिरादरियों की बात होनी चाहिए, लेकिन करीब 20 करोड़ की आबादी वाले मुस्लिम समुदाय के लिए जेहाद का आह्वान करना 'असंवैधानिक' है, उन्हें भड़काने, उकसाने की सियासत है, जो कमोबेश भारत में अस्वीकार्य और दंडनीय है।

आरक्षण पर लोग आशंकित

लगता है कि अब विकास, भारत सरकार की प्रमुख उपलब्धियां, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत और उसके प्रधानमंत्री की विराट और वैश्विक हैसियत और तीसरे स्थान की आर्थिक महाशक्ति बनने सरीखे मुद्दे तो नेपथ्य में चले गए हैं, अथवा प्रसंगवश बन गए हैं, लेकिन मुसलमान और आरक्षण एक राष्ट्रीय, चुनावी मुद्दा बन गया है! चूंकि आरक्षण सीधा संविधान और दलित, पिछड़ों, आदिवासियों, गरीब सवर्णों से जुड़ा मुद्दा है, लिहाजा ग्रामीण स्तर पर भी लोग चिंतित होने लगे हैं कि क्या देश का संविधान बदल दिया जाएगा? क्या संविधान के बाद आरक्षण की व्यवस्था भी समाप्त कर दी जाएगी? यह कांग्रेस और सहयोगी दलों की पहली चुनावी सफलता लगती है कि फिलहाल संविधान और आरक्षण पर लोग आशंकित हो रहे हैं। फिलहाल भाजपा देश के कटघरे में लगती है, क्योंकि उसे ही जनता को पूरी तरह आश्वस्त करना है कि संविधान किसी भी स्थिति में बदला नहीं जाएगा। आरक्षण यथावत जारी रहेगा और धर्म के नाम पर मुसलमानों को आरक्षण नहीं दिया जाएगा। जिन्होंने दलित, पिछड़ों, आदिवासियों के आरक्षण में सेंधमारी कर व्यवस्था बदलने की कोशिश की है, उसे खारिज किया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी अपने संबोधनों में देश को भरोसा दिलाने की कोशिशों में जुटे हैं।

कांग्रेस के आरोप

दरअसल संविधान और आरक्षण की यह बहस भाजपा सांसदों-अनंत हेगड़े और लल्लू सिंह-के बयानों से शुरू हुई थी कि 400 पार के नारे और लक्ष्य के मकसद क्या हैं? उसी के आधार पर कांग्रेस ने आरोप चस्पा करने शुरू किए कि प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा-संघ 400 सीटों का जनादेश इसलिए मांग रहे हैं, ताकि संसद में पर्याप्त बहुमत के जरिए संविधान बदला जा सके और आरक्षण भी समाप्त किया जा सके। कांग्रेस के आरोप रहे हैं कि भाजपा-संघ की बुनियादी सोच आरक्षण-विरोधी है। यह मान्यता ही मिथ है। दूसरी तरफ प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा के प्रचारक नेताओं के आरोप हैं कि पिछड़ों के आरक्षण की आड़ में कांग्रेस की कर्नाटक सरकार ने मुसलमानों को ही 'पिछड़ा' घोषित कर उन्हें आरक्षण दिया है। ओबीसी कोटे में मुसलमानों को जिस तरह 4 फीसदी आरक्षण दिया गया है, वह असंवैधानिक है। गृहमंत्री अमित शाह ने सार्वजनिक तौर पर स्पष्ट किया है कि चुनाव के बाद जो मोदी सरकार बनेगी, वह इस मामले में उचित कार्रवाई करेगी। अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी और जामिया मिल्लिया यूनिवर्सिटी में दलितों, आदिवासियों और ओबीसी को आरक्षण क्यों नहीं दिया जाता, इस संदर्भ में भी सरकार संवैधानिक कार्रवाई करेगी।

सवाल यह भी

सवाल यह भी है कि संविधान और आरक्षण के मुद्दों पर प्रधानमंत्री को भी आक्रामक होकर जवाब देना पड़ रहा है, लिहाजा प्रथम चरण के मतदान के बाद उन्होंने अपनी जुबां, भाषा और तेवर बदल लिए हैं। आजकल प्रधानमंत्री राम मंदिर, काशी, ब्रज, रामनवमी, हनुमान चालीसा, मंगलसूत्र और हिन्दू-मुसलमान सरीखे मुद्दों पर वोट मांग रहे हैं। अलबत्ता प्रधानमंत्री मोदी ने अपने 10-साला कार्यकाल के दौरान अधिकतर विकास और 5वीं से तीसरी वैश्विक अर्थव्यवस्था और अंततः 'विकसित भारत' की बात कही है। इस बार का जनादेश भी वह 'विकसित भारत' का संकल्प हासिल करने की रूपरेखा तैयार करने को मांगते रहे हैं। प्रधानमंत्री कांग्रेस और उसके शहजादे की गतिविधियों पर ज्यादा टिप्पणी करने लगे हैं। हालांकि अनुभव के आधार पर आकलन है कि तीसरी बार भी प्रधानमंत्री मोदी ही बनेंगे। बेशक 400 का आंकड़ा हासिल हो या नहीं। उप्र, राजस्थान, हरियाणा आदि हिन्दी पट्टी के कुछ राज्यों में जनादेश के आंकड़े कुछ कम हो सकते हैं, लेकिन अन्य राज्यों के जनादेश चौंकाऊ होंगे। संविधान 74 साल के बाद भी पंथनिरपेक्ष रहा है और रहेगा, बेशक संसद में 100 से अधिक संशोधन जरूर पारित किए गए हैं। आरक्षण पर संविधान पीठ का निर्णय है, जिसे कोई भी सरकार लांघ नहीं सकती। चुनाव कुछ बेलगामी पर भी लड़े जाते रहे हैं।

वोट जेहाद की अपील खतरनाक सोच

दो टूक
अवधेश कुमार
वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्लेषक

वर्तमान लोकसभा चुनाव में अल्पसंख्यक केंद्रित राजनीति और उससे जुड़े विषय निश्चित रूप से एक बड़ा मुद्दा बन चुका है। यह पहला चुनाव है जहां हमने नई शब्दावली वोट जेहाद सुनी है। यह शब्द भाजपा या उसके समर्थकों ने प्रयोग नहीं किया है। लव जेहाद, लैंड जेहाद आदि शब्द अवश्य हिंदुत्व समूह की ओर से आए, लेकिन वोट जेहाद आईएनडीआईए के मंच से एक प्रमुख परिवार की मुस्लिम महिला बोल रही है तो इसे हल्के में नहीं ले सकते। वरिष्ठ कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद की भतीजी मारिया आलम खां ने समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए इस शब्द का प्रयोग किया। सलमान खुर्शीद सहित कई नेता मंच पर मौजूद थे। किसी ने भी वोट जेहाद शब्द पर आपत्ति प्रकट नहीं की। तो इसे क्या माना जाए? क्या यह कहा जाएगा कि एक महिला ने भाजपा के विरुद्ध गुस्से में बोल दिया, इसलिए उसे गंभीरता से नहीं लिया जाए? आप उनका भाषण सुनिए, कितनी परिपक्वता और गंभीरता से वह एक-एक शब्द का प्रयोग कर रही हैं। क्या गुस्से में भी जेहाद शब्द का प्रयोग इस तरह किया जाना चाहिए था? इस्लाम में जेहाद का अर्थ काफी बड़ा है। जेहाद के नाम पर मुसलमान अपनी जिंदगी भी खत्म कर सकते हैं। इस तरह मारिया आलम ने इस चुनाव को मुसलमानों के लिए जेहाद बनाने की कोशिश कर दी। यानी यह एक लोकतांत्रिक प्रक्रिया हो सकती है, लेकिन अगर आप मुसलमान हैं तो आपके लिए यह जेहाद ही है, क्योंकि सामने इस्लाम और मुसलमान का दुश्मन है जिसे सत्ता से उखाड़ फेंकना है। दुनियाभर में इस्लामी आतंकवाद के मूल में जेहाद का ही विचार है। आतंकी जेहाद के नाम पर ही खून फैला रहे हैं। यह बयान डराने वाला है, क्योंकि मारिया की चुनावी बात कुछ सिरफिरों ने मान लिया तो वे किसी सीमा तक जा सकते हैं।

विचार करना आवश्यक

यह विचार करना आवश्यक है कि आखिर इस तरह की भावना कहां से पैदा हुई? क्या यह भाजपा को लेकर मुसलमानों की सामूहिक सोच की अभिव्यक्ति है? यह समाचार आता रहा है कि किसी मोहल्ले में अगर कोई मुस्लिम व्यक्ति या परिवार ने भाजपा को वोट दे दिया तो पता चलने पर उसके साथ अनेक समस्याएं खड़ी हुईं, कहीं-कहीं उसे मोहल्ला छोड़कर भागना पड़ा, उसके साथ खाना-पीना तक बंद कर दिया गया। यहां मारिया ने भी यही बात की। उन्होंने कहा कि मुझे बहुत शर्म आती है, जब मैंने सुना कि कुछ मुस्लिमों ने भाजपा प्रत्याशी मुकेश राजपूत के साथ मीटिंग की। उनका समाज से हुक्का पानी बंद कर देना चाहिए। इतना मतलबी मत बनो कि बच्चों की जिंदगियों से खेलो, हमारे बच्चों की जानों से खेलो। बताओ आज कितने लोग सीएए-एनआरसी के मामलों में जेलों में बंद हैं। मुझे खुशी हो रही है कि उन बच्चों के कितने केस सलमान खुर्शीद साहब मुफ्त में लड़ रहे हैं, जो बहुत बड़ी बात है। ये पंक्तियां बताती हैं कि वर्तमान राजनीति, भाजपा और चुनाव को लेकर मुसलमानों के अंदर किस तरह की सोच पैदा हुई है। सीएए अभी लागू हुआ है, एनआरसी आया भी नहीं, फिर इनमें किसी को जेल क्यों और कब हो गई? मारिया ने सार्वजनिक मंच से बोला इसलिए हमारे सामने वोट जेहाद शब्द आ गया। ऐसा संभव नहीं कि यह एक ही व्यक्ति की सोच हो और केवल उसी ने अभिव्यक्त किया हो। देश में बने वातावरण को देखते हुए यह मानने में कोई हर्ज नहीं है कि वोट जेहाद का

मामला अंतर्धारा के रूप में मुसलमानों में व्याप्त कराने की कोशिश पूरे भारत में हो रही होगी। आपको ऐसे वीडियो मिल जाएंगे जिसमें कोई मौलाना कह रहे हैं कि वोट को दीन से अलग मत मानना। यानी आपके लिए मजहब इस्लाम की रक्षा का ही प्रश्न है। यह भी कहा जा रहा है कि अगर मस्जिद में इमाम ने वोटिंग पर बोल दिया तो उसे दीन से अलग मानना मत। ऐसे ऐसे विचार प्रकट किया जा रहे हैं मानो इस्लाम का अस्तित्व बचाने के लिए भाजपा के विरुद्ध वोट करना है।

हर तरह की कोशिश

इसमें भाजपा के लिए ऐसी सोच एवं व्यवहार के विरुद्ध आक्रामक होना स्वाभाविक है। राजनीति में यह कोशिश तो कांग्रेस सहित आईएनडीआईए के सारे घटकों की है कि मुसलमानों के अंदर भाजपा और नरेंद्र मोदी सरकार के विरुद्ध ऐसा वातावरण बना दिया जाए कि एक भी वोट उधर न जाए। उसके लिए हर तरह के हथियार प्रयोग किया जा रहे हैं। कांग्रेस ने घोषणा पत्र में मुसलमान शब्द प्रयोग नहीं किया है। इसके बावजूद अल्पसंख्यकों के लिए अलग से अध्याय डाला गया तो इसके मायने क्या हैं? उन अध्यायों में चतुराई से सार्वजनिक नौकरियों से लेकर अन्य जगह प्रतिनिधित्व, आर्थिक सामाजिक विकास, समाज की मुख्यधारा में लाने, उनकी सहमति से पर्सनल लॉ में सुधार को प्रोत्साहित करने की बातें हैं। अगर प्रधानमंत्री सहित समूची भाजपा कांग्रेस पर मुसलमानों को आरक्षण देने की तैयारी का आरोप लगा रही है तो उसे निराधार नहीं कहा जा सकता। कांग्रेस भाजपा पर चुनाव के सांप्रदायिककरण का आरोप लगाती है, लेकिन स्पष्ट नहीं करती कि उसके एजेंडा में मुसलमानों को अलग से आरक्षण देना शामिल है या नहीं। पहले कांग्रेस कर्नाटक से आंध्र तक ऐसा कर चुकी है और रंगनाथ मिश्र आयोग के द्वारा केंद्र में भी मंशा जता चुकी है। उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम मुस्लिम समाज के अगुवा माने जाने वाले लोगों के वक्तव्यों एवं कांग्रेस सहित अन्य पार्टियों की कृपा से लोकसभा चुनाव का पूरा माहौल मुस्लिम समर्थक एवं विरोधी का बना दिया गया है।

खतरनाक सोच का विरोध

मुस्लिम आरक्षण के प्रयास का या वोट जेहाद का विरोध मुस्लिम मुद्दे या मुसलमानों का विरोध नहीं है। कांग्रेस या आईएनडीआईए पर प्रश्न उठाना भी मुसलमानों का विरोध नहीं हो सकता। यह पर्टियों की मुस्लिम राजनीति तथा कुछ मुस्लिम नेताओं की खतरनाक सोच का विरोध है। भाजपा की पहले की केंद्र सरकार हो या वर्तमान, इस्लाम विरुद्ध या मुसलमान के हितों के विरुद्ध एक नीति सामने नहीं है। इसके उलट 9 वर्षों में सरकारी नौकरियों में प्रतिनिधित्व दोगुना से अधिक हुआ है। सिविल सेवाओं में रिकॉर्ड संख्या में मुसलमान आ रहे हैं। केंद्र और भाजपा राज्य सरकारों के कल्याण कार्यक्रमों एवं सामाजिक विकास संबंधी योजनाओं का लाभ जनसंख्या के अनुपात में मुसलमानों को ज्यादा मिला है। योजना या कार्यक्रम में कोई नहीं कह सकता कि मजहब के आधार पर भेदभाव होता है। मजहब के आधार पर मुस्लिम आरक्षण को खत्म करना हो या इसका विरोध यह मुसलमानों का विरोध नहीं। आरक्षण जाति के आधार पर समाज में वंचित या पीछे रह गए लोगों के लिए संविधान में डाला गया। भले उसमें जाति शब्द नहीं है, लेकिन सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों की सूची में जाति ही है। इस्लाम में जब जाति नहीं तो उन्हें पिछड़ी जाति या अनुसूचित जाति-जनजाति की श्रेणी में कैसे लाया जा सकता है? एक साथ तीन तलाक के विरुद्ध कानून न इस्लाम विरोधी है न मुस्लिम विरोधी। अनेक मुस्लिम देशों ने इसे समाप्त कर दिया है। यह शरिया या हदीस के नाम पर पुरुष समाज की विकृति रही है। क्या आतंकवादियों की गिरफ्तारी और उनको सजा दिलाना किसी मजहब के विरुद्ध माना जाएगा? अगर ऐसा माहौल बनाया गया है कि मोदी सरकार मुसलमानों और इस्लाम की विरोधी है, यह वापस आ गई तो भारत से इस्लाम खत्म हो जाएगा, नमाज बंद हो जाएगी, मस्जिदें छीन जाएंगी और इसके विरुद्ध जेहाद आवश्यक हो गया है तो देश को इसे गंभीरता से लेना ही पड़ेगा। यह सोच और व्यवहार खतरनाक है। कोई विवेकशील व्यक्ति खासकर वो, जो भारत से प्रेम करते हैं, इसकी एकता अखंडता बनाए रखना चाहते हैं इसे स्वीकार नहीं कर सकते।

तुष्टिकरण की राजनीति विनाशकारी

वोट जेहाद
रविशंकर
वरिष्ठ पत्रकार

देश में चुनावी माहौल अपने चरम पर है। दो चरणों के चुनाव के बाद सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की बातें भी होने लगी हैं। चुनाव प्रचार में आरक्षण का मुद्दा भी चर्चा में है। जिस तरह से मुसलमानों के आरक्षण का मुद्दा उछला है उससे कई तरह के सवाल उठ रहे हैं। कांग्रेस शासित कर्नाटक में चाहे बात 'पाकिस्तान जिंदाबाद' के नारों की हो या मुस्लिम आरक्षण की या बात कांग्रेस के न्यायपत्र की हो। उसने सांप्रदायिकता के मुद्दे पर कांग्रेस को कटघरे में खड़ा कर दिया है। सवाल ये है कि इस चर्चा का आगाज किसने किया? चुनावी चर्चाओं में ये सवाल पूछा जाने लगा है कि आखिर चुनाव में राजनीति का सांप्रदायिकरण कौन कर रहा है? इसकी शुरूआत कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद की भतीजी व सपा नेता मारिया आलम की ओर से वोट जेहाद की बात कह कर की गई है। मारिया के बयान पर बीजेपी ने 'इंडिया' गठबंधन को कटघरे में खड़ा किया। पाक के पूर्व मंत्री फवाद चौधरी ने राहुल गांधी के सपोर्ट में ट्वीट किया तो भाजपा ने कांग्रेस को घेर लिया। फवाद ने एक वीडियो शेयर करते हुए लिखा था- राहुल ऑन फायर। इसके बाद इस लोकसभा चुनाव में भी पाक की एंट्री हो गई।

विवादित अपील

आपने 'लव जेहाद', 'लैंड जेहाद' के बारे में सुना होगा, लेकिन इस लोकसभा चुनाव में 'वोट जेहाद' की चर्चा जोरों पर है। बता दें, मारिया आलम सपा में हैं और अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों से वोट जेहाद करने की अपील की है। दरअसल, मारिया आलम फर्रुखाबाद लोकसभा सीट के लिए चुनाव प्रचार करने पहुंची थीं। उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि संघी सरकार को हटाने के लिए बहुत अक्लमंदी के साथ एकजुट होकर, बहुत खामोशी से वोटों का जेहाद करो, क्योंकि हम सिर्फ वोटों का जेहाद कर सकते हैं। आरोप है कि मारिया ने ये बयान मुसलमानों को लामबंद करने के लिए दिया था। उनके इस बयान के बाद देश की चुनावी राजनीति गरमा गई है। बीजेपी हमलावर है। मारिया सलमान खुर्शीद परिवार से है, इसलिए उनके बयान को किसी कट्टर मुस्लिम नेता के बयान की तरह नहीं देखा जा सकता है। सलमान खुर्शीद परिवार की सदस्य से ऐसे जेहाद शब्द का प्रयोग अचरज पैदा कर रहा है। विपक्ष ने एक बार फिर सत्तासीन पार्टी को एक मौका दे दिया है। यही वजह है कि पीएम मोदी लगातार विपक्षी गुट 'इंडिया' पर तुष्टीकरण की राजनाति करने का आरोप लगा रहे हैं। मोदी ने तो कांग्रेस को लेकर यहां तक कह दिया कि अगर कांग्रेस

यदि सत्ता में आती है तो वे लोगों की संपत्ति लेकर मुसलमानों को बांट देगी। बीजेपी ने चुनावी जनसभा में लोगों को वोट जेहाद और लव-जेहाद के राजनीतिक अर्थ बता रही है। यहां तक कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी चुनावी रैलियों में कह रहे हैं कि कांग्रेस धर्म के आधार पर आरक्षण देना चाहती है। कांग्रेस की मंशा मुसलमानों को धर्म के आधार पर आरक्षण देने की है। पीएम मोदी ने कहा कि जब वे जिंदा है धर्म के आधार पर आरक्षण लागू नहीं होने देंगे।

वंचितों के लिए आरक्षण

भारत में आरक्षण की व्यवस्था संविधान के अनुच्छेद 16(4) के तहत की गई है, जिसमें कहा गया है कि राज्य सरकारें उन वर्गों को आरक्षण का लाभ दे सकती हैं, जिन्हें वे पिछड़ा मानती हैं। सामान्यतः आरक्षण सामाजिक और आर्थिक रूप से वंचित लोगों के लिए होता है, लेकिन कुछ राज्य सरकारों ने इसे धर्म के आधार पर लागू किया है। जिसमे विशेष रूप से आरक्षण मुस्लिमों को दिया जा रहा है। जिसका बीजेपी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विरोध कर रहे है, जबकि अन्य विपक्षी दल और उनकी सरकारें इसे सामाजिक न्याय का नाम देकर, एससी, एसटी, ओबीसी और वंचित समाज के हक पर डाका डालने का काम कर रहे हैं। बहरहाल, इस बार चुनाव प्रचार में अब तक कई मुद्दे सामने आ चुके हैं। मोदी की गारंटी बनाम राहुल का न्याय चुनावी सभा में उछाले जा रहे हैं। जनवरी में लग रहा था कि अयोध्या में राममंदिर के मुद्दे पर चुनाव होगा, लेकिन अब ये मुख्य मुद्दा नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी ने जब कहा कि 370 हटाया है तो लोग 370 सीटें देंगे तब लगा कि ये एक मुद्दा होगा, लेकिन ये भी मुद्दा नहीं बना। विपक्षी पार्टियों के नेताओं के खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों की इतनी कार्रवाई के बावजूद भ्रष्टाचार का भी मुद्दा नहीं बना। भाजपा अपने विकास कार्यों को मुद्दा बनाने की कोशिश कर रही है।

बीजेपी के घोषणापत्र में एक देश, एक चुनाव का वादा है और समान नागरिक संहिता का भी वादा है, लेकिन इसे भी केंद्रीय मुद्दा बनाकर चुनाव नहीं लड़ा जा रहा है। न तो हिंदुत्व की थीम है और न राष्ट्रवाद की और न प्रधानमंत्री मोदी की विश्व गुरु वाली छवि और मजबूत नेतृत्व का मुद्दा है। बीजेपी के मुकाबले विपक्ष ने जरूर संविधान और लोकतंत्र बचाने का मुद्दा बनाया है या नागरिकों को बहुत सारी चीजें देने का भी वादा किया है, लेकिन भ्रष्टाचार, महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दे चुनाव प्रचार के केंद्र में नहीं हैं।

मुद्दों से ध्यान हटा

इस चुनाव में एक बात ये देखने को मिल रही है कि कांग्रेस यदि लूज बॉल बीजेपी पर उछालती है तो वह बाउंड्री पार ही जाती है। बीजेपी तो पहले से ही लव जेहाद को बड़ा मुद्दा बनाए हुए है। ऐसे में इंडिया का वोट जेहाद बीजेपी के लिए एक लूज बॉल की तरह ही है। इंडी गठबंधन को वोट जेहाद जैसे शब्दों के प्रयोग से बचना चाहिए। वोट जेहाद जैसी अपील सांप्रदायिक विभाजन को बढ़ावा देती है। यह लोकतंत्र के लिए खतरनाक बात है। भाजपा व पीएम मोदी का विरोध वोट जेहाद की अपील से करना सांप्रदायिक ध्रुवीकरण को बढ़ावा देगा। विभाजनकारी सोच के साथ चुनाव लड़ना देश की एकता, अखंडता के लिए खतरा है। इंडि गठबंधन केवल और केवल सत्ता के लिए देश के सौहार्द से खिलवाड़ न करें।

पलामू, गुमला और उत्तर प्रदेश में पीएम मोदी ने कांग्रेस पर किया बड़ा हमला

कांग्रेस, जेएमएम और आरजेडी कर रहीं जनता की जायदाद हड़पने की कोशिश, ये भ्रष्टाचार के दलदल में फंसे, अब आरक्षण 'लूटना' चाह रहे

पीएम ने बताया कि भाजपा और झारखंड का दिली रिश्ता है। उन्होंने कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा पर जनता की जायदाद को हड़पने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि 500 साल में जो नहीं हुआ, जनता के एक वोट से वो कार्य पूरा हुआ।

एजेंसी ▶▶ बनारस/ गुमला/ पलामू

तीसरे चरण के मतदान से पहले पीएम नरेंद्र मोदी झारखंड में लोकसभा चुनाव प्रचार करने पहुंचे। पलामू में प्रचार के दौरान रैली को भी संबोधित किया। पीएम मोदी ने बताया कि भाजपा और झारखंड का दिल का रिश्ता है। उन्होंने कांग्रेस और राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) पर जनता की जायदाद को हड़पने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि 500 साल में जो नहीं हुआ, जनता के एक वोट से वो कार्य पूरा हुआ। आज आयोध्या में राम मंदिर बन गया।आप सभी अपने एक वोट के महत्व को बहुत अच्छी तरह जानते हैं। 2014 में आपके एक वोट ने ऐसा काम किया कि पूरी दुनिया भारत के लोकतंत्र की ताकत को सलाम करने लगी थी। आपने 2014 में अपने एक वोट से कांग्रेस की महाभ्रष्ट सरकार को हटा दिया था। आपके एक वोट ने माताओं की आस पूरी की और नक्सलवादी आतंकवाद से मुक्ति दिला दी

2014 में आपके एक वोट ने दुनिया को दिखा दी भारत की बढ़ती ताकत

मजबूत सरकार के लिए मोदी सरकार...

उन्होंने बताया कि एक वो स्थिति थी, जब आतंकी हमले के बाद कांग्रेस की डरपोक सरकार दुनिया भर में जाकर रोती थी। आज स्थिति ये है कि पाकिस्तान दुनिया भर में जाकर रो रहा है। मजबूत भारत तो अब मजबूत सरकार ही चाहता है। पूरा हिंदुस्तान कह रहा है-मजबूत भारत के लिए मजबूत सरकार, मजबूत सरकार के लिए मोदी सरकार। पीएम ने कहा कि कांग्रेस के शहजादे मोदी के आंसुओं में अपनी खुशी ढूंढ रहे हैं। कहते हैं कि मोदी के आंसू अच्छे लगते हैं। ये निराश-हताश लोग अब कुंठित हो गए हैं। एक कहावत है - जाके पांव न फटी बिवाई, वो क्या जाने पीर पराई! कांग्रेस के शहजादे की हालत वही है।

विपक्ष को जनता की जायदाद के अलावा कुछ नहीं दिखता

प्रधानमंत्री ने बताया कि वह झारखंड में रोजगार बढ़ाना चाहते हैं और यहां के लोगों के जीवन में खुशहाली लाना चाहते हैं। उन्होंने कांग्रेस पर झारखंड की जनता की जमीनों पर कब्जा करने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस और झामुमो की नजर केवल जनता की जायदाद पर है, उन्हें इसके अलावा कुछ नहीं दिखता।

झामुमो ने मात्र भ्रष्टाचार किया

सत्तारूढ़ पार्टी झामुमो पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि झामुमो और कांग्रेस के नेताओं ने भ्रष्ट्राचार से अपार धन संपदा खड़ी की है। मैं तो गरीबी का जीवन जीकर आया हूं। इसलिए, 10 वर्षों में गरीब कल्याण की हर योजना की प्रेरणा, मेरे जीवन के अनुभव ही हैं। जब आज लाभार्थियों से मिलता हूं, तो खुशी के मारे आंसू आ ही जाते हैं। ये आंसू वही समझ सकता है, जिसने गरीबी देखी हो।

नया भारत अब शत्रुओं को घर में घुसकर मारता है

उन्होंने कहा कि आपके एक वोट की ताकत की बदौलत पूरी दुनिया में भारत का डंका बज रहा है। इसी वोट की ताकत से ऐसा नया भारत बना है, जो घर में घुसकर मारता है। पहले कांग्रेस की डरपोक सरकार दुनिया में जाकर रोती थी। आज पाकिस्तान दुनिया भर में जा-जाकर रोता है। पलामू के चियांकी हवाई अड्डा मैदान में आयोजित महारैली में उमड़ी विशाल भीड़ को देखकर पीएम मोदी ने कहा कि आपने जेएमएम-कांग्रेस को दिन में तारे दिखा दिए।

जमानत पर हैं शहजादे के पिता

पीएम ने कहा कि राजद का इतिहास सदैव सामाजिक न्याय का मुखौटा लगाकर तुष्टीकरण करने का रहा है। जब गोधरा में कार सेवकों को जिंदा जलाया गया था तब रेल मंत्री बिहार के शहजादे के पिता थे। जो सजा काट रहे हैं और जमानत पर घूम रहे हैं। इन पर भ्रष्टाचार के कई मामले दर्ज हैं।

आरक्षण को छूना असंभव

लोकसभा चुनाव को लेकर झारखंड के गुमला जिले में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि जितने लोग मैदान में हैं उससे ज्यादा तो बाहर में हैं। एससी एसटी ओबीसी को जब आरक्षण मिला है उसमे चोरी करें का खेल चल रहा है। जब तक मैं हूं आरक्षम को कोई छू नहीं सकता।

जय श्रीराम के साथ बजे शंख, मंजीरे और डमरू

वाराणसी। जय श्रीराम...जय जय श्रीराम के जयकारों के बीच शंख, मंजिरा, डमरू, करताल की मंत्रमुग्ध करती ध्वनि। राम स्तुति पर मनोहारी नृत्य करते छात्र। अनेकता में एकता का संदेश देतीं विभिन्न प्रांतों की वेशभूषा में तैयार छात्राएं। मौका था शनिवार के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन का, जिसमें विभिन्न संगीत और नृत्य संस्थानों के छात्र-छात्राएं शामिल हुए। उसबसे पहले राम आएंगे...राम आएंगे भजन की प्रस्तुति हुई। बच्चों ने विकसित भारत तस्वीर की झांकी भी लगाई है। यहां पर एक एलसीडी स्क्रीन लगाई गई है। साथ ही, पुष्प वर्षा का इंतजाम किया गया है। बच्चों और महिलाओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है।

गुजरात की रैली में शाह का राहुल पर तीखा तंज

समस्या लोकसभा सीट में नहीं 'आप' में है



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने गुजरात के छोटा उदयपुर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस और राहुल गांधी को जमकर निशाने पर लिया। राहुल के बार-बार सीट बदलने को लेकर उन्होंने तीखा तंज कसा और कहा कि समस्या लोकसभा सीट में नहीं है, बल्कि खुद राहुल में है। उन्होंने कांग्रेस पर निर्धारित आरक्षण पर भी डाका डालने का आरोप लगाया। वे अमेठी में हार गए तो वायनाड चले गए। अब वह वायनाड में हारने वाले हैं, तो अमेठी जाने की बजाय रायबरेली भागे।

कांग्रेस एक नंबर की आदिवासी विरोधी पार्टी

शाह ने शनिवार को छोटा उदयपुर जिले के बोडेली में आयोजित चुनावी सभा में आरक्षण और संविधान को लेकर कांग्रेस की ओर से किए जा रहे दावों को झूठा करार देते हुए कहा कि केन्द्र में जब तक भाजपा सरकार है, आरक्षण को कोई हाथ नहीं लगा सकता। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एक नंबर की आदिवासी विरोधी पार्टी है। इन्हें केवल झूठ बोलना आता है।

आचार्य प्रमोद कृष्णम का बड़ा दावा

चुनाव बाद राहुल-प्रियंका-गुट में बंट जाएगी कांग्रेस

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी को टिकट न मिलने पर पूर्व कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि राहुल गांधी की जो पलायन वाली नीति है। उन्होंने अमेठी को छोड़ा है। प्रियंका के चुनाव न लड़ने से कांग्रेस नेताओं में एक ज्वालामुखी धधक रहा है जो 4 जून के बाद फटेगा। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि कांग्रेस का एक और विभाजन सुनिश्चित है। 4 जून के बाद वह दो धड़ों राहुल गांधी का और प्रियंका गांधी के धड़े में बंट जाएगी।

पाक के फवाद का फिर उमड़ा राहुल के लिए प्यार

नई दिल्ली। पाकिस्तान के इमरान खान की कैबिनेट में मंत्री रह चुके फवाद चौधरी ने फिर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की तारीफ की है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि राहुल परदादा जवाहरलाल की तरह ही समाजवादी हैं, विभाजन के 75 साल बाद भी भारत और पाक की समस्याएं एक जैसी हैं। राहुल ने कल रात अपने भाषण में कहा कि 30 या 50 परिवारों के पास भारत की 70% संपत्ति है, इसलिए पाकिस्तान में भी है जहां केवल पाक बिजनेस काउंसिल नामक एक बिजनेस क्लब और कुछ रियल एस्टेट सेठों के पास पाक संपत्ति का 75% हिस्सा है।

कांग्रेस को सरहद पार से मोहब्बत का पैगाम मिल रहा

नई दिल्ली। इस पर भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि चौधरी ने हाल ही में वही कहा जो विपक्ष भारत में कहता है, यानी भारत में भाजपा की सरकार नहीं आनी चाहिए, पीएम मोदी को हारना चाहिए। मेरा सभी से अनुरोध है कि वे जाएं और फवाद चौधरी का ट्वीट देखें। कांग्रेस को सरहद पार से मोहब्बत का पैगाम मिल रहा है।

खबर संक्षेप

तमिलनाडु में कांग्रेस नेता का शव मिला

तिरुनेलवेली। तमिलनाडु के तिरुनेलवेली में शनिवार को एक जिला कांग्रेस नेता मृत पाया गया।

मृत पाए गए जिला कांग्रेस नेता की पहचान केपीके जयकुमार धनसिंह के रूप में हुई है। जिनका आधा जला हुआ शव खेत में मिला। पुलिस ने बताया कि यह वारदात तब हुई जब हाल ही में पीड़ित ने जान को खतरा होने का दावा किया था। धनसिंह कांग्रेस की तिरुनेलवेली (पूर्व) इकाई के प्रमुख थे।

राष्ट्रपति 8 मई तक दौरे पर हिमाचल पहुंचीं

शिमला। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 4 से 8 मई, 2024 तक हिमाचल प्रदेश का दौरा करेंगी। वे शिमला के

मशोबरा स्थित राष्ट्रपति भवन में रुकेंगी।राष्ट्रपति 6 मई को धर्मशाला में हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के 7वें दीक्षांत समारोह में भाग लेंगी। 7 मई को राष्ट्रपति गेयटी हेरिटेज कल्चरल कॉम्प्लेक्स, शिमला में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेंगी। राजभवन में राज्यपाल के रात्रिभोज में शामिल होंगी।

थापन परिवार हाई कोर्ट में, खान पर एक्शन हो

मुंबई। बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग करने के मामले बड़ी खबर

है। आरोपी अनुज थापन ने कुछ दिन पहले जेल में कथित रूप से आत्महत्या कर ली थी। थापन के परिवार ने मुंबई हाई कोर्ट में रिट फाइल की है। हाई कोर्ट से खान के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मामले की सीबीआई जांच की मांग भी मृतक के परिवार ने की है।

रेवन्ना मामले में राहुल गांधी ने लिखी सीएम सिद्धारमैया को चिट्ठी

सख्त कार्रवाई करने को कहा, जेडीएस नेताओं के घर एसआईटी ने की पूछताछ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/ बेंगलुरु

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कर्नाटक के सीएम सिद्धरमैया को पत्र लिखा है। इसमें जनता दल सेक्युलर के नेता प्रज्वल रेवन्ना के उत्पीड़न का शिकार हुईं पीड़िताओं को हरसंभव मदद देने को कहा गया है। सिद्धारमैया को लिखे पत्र में रेवन्ना के कृत्यों की निंदा की और उनके ऊपर पीएम नरेंद्र मोदी व केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का हाथ होने का आरोप लगाया।

पीएम पर निशाना साधते हुए राहुल ने कहा कि उन्होंने अभी तक ऐसा जनप्रतिनिधि नहीं देखा, जिसने महिलाओं के खिलाफ हिंसा के मामलों पर लगातार चुप्पी साधे रखी हो। उन्होंने पत्र में कहा कि मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि कृपया पीड़िताओं को हरसंभव सहायता प्रदान करें। राहुल ने कहा, वे हमारी करुणा और एकजुटता की पात्र हैं। यह सुनिश्चित करना हमारा सामूहिक कर्तव्य है कि इन जघन्य अपराधों के लिए जिम्मेदार सभी लोगों को सजा दी जाए।

पीड़िताओं को हरसंभव मदद देने को कहा

राहुल ने कहा कि उन्होंने अभी तक ऐसा जनप्रतिनिधि नहीं देखा, जिसने चुप्पी साध रखी हो

जघन्य अपराध किया गया

घटनाओं को यौन हिंसा करार देते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि रेवन्ना ने कई वर्षों में सैकड़ों महिलाओं का यौन उत्पीड़न किया और उनका वीडियो बनाया। उनमें से कई महिलाएं, जो उसे भाई और बेटे के रूप में देखती थीं, उनके साथ भी हिंसक तरीके से क्रूरता की गई और गरिमा को ठेस पहुंचाई गई।

मुझे सदमा लगा

राहुल ने कहा कि मुझे यह जानकर गहरा सदमा लगा कि दिसंबर 2023 में जी देवराजे गौड़ा ने प्रज्वल की हरकतों, विशेष रूप से उनके यौन हिंसा के इतिहास और वीडियो के बारे में शाह को बताया था। भाजपा के वरिष्ठ नेताओं को इन वीभत्स आरोपों की जानकारी थी, लेकिन इसके बावजूद मोदी ने एक बलात्कारी के लिए प्रचार किया। इसके अलावा केंद्र सरकार ने जान-बूझकर रेवन्ना को भारत से भागने दिया ताकि जांच को नुकसान पहुंचाया जा सके। इसकी कड़ी निंदा हो।

रेवन्ना को भारत लाएं

राहुल ने आरोप लगाया कि अपने 2 दशकों के जनसेवा इतिहास में मैंने कभी ऐसा वरिष्ठ जनप्रतिनिधि नहीं देखा, जिसने महिलाओं के खिलाफ हिंसा पर निरंतर चुप्पी साध रखी हो। कर्नाटक सरकार ने जांच के लिए एसआईटी का गठन किया है। रेवन्ना को जल्द भारत लाने का अनुरोध भी किया है।

एसआईटी ने पूछताछ की

एसआईटी अधिकारी जद (एस) नेता एचडी रेवन्ना और प्रज्वल के होलेनरसीपुरा स्थित आवास पर शनिवार को पहुंचे। होलेनरसीपुरा थाने में पिता-पुत्र के खिलाफ छेड़छाड़ का मामला पहले ही दर्ज किया जा चुका है। इस नए मामले में मैसुरू जिले के कृष्णराजा नगर के रहने वाले 20 वर्षीय शिकायतकर्ता ने कहा कि रेवन्ना ने उसकी मां का अपहरण कर लिया है।

दिल्ली पुलिस को बड़ी साजिश का संकेत

शाह के फेक वीडियो मामले में एफआईआर में नई धारा जोड़ी

धारा 120बी (आपराधिक साजिश की सजा) लगाई

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के फेक वीडियो को वायरल करने के संबंध में दर्ज प्राथमिकी में आपराधिक साजिश के आरोप जोड़े गए हैं। दिल्ली पुलिस ने कांग्रेस के एक राष्ट्रीय समन्वयक को गिरफ्तार करने के एक दिन बाद शनिवार को इसकी जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि तेलंगाना के हैदराबाद के मूल निवासी अरुण बीरेड्डी एक्स पर 'स्पिरिट ऑफ कांग्रेस' अकाउंट संभालते थे। उन्हें शुक्रवार को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया था। एफआईआर में आपराधिक साजिश की सजा जोड़ दी है, क्योंकि जांच में बड़ी साजिश का संकेत है।

रेड्डी 3 दिन की हिरासत में

रेड्डी कांग्रेस की सोशल मीडिया टीम के प्रमुख सदस्यों में से एक हैं और उन पर आरोप है कि उन्होंने छेड़छाड़ किए गए वीडियो को सोशल मीडिया पर अपलोड किया था। अन्य सदस्यों के साथ साझा भी किया। उन्हें शुक्रवार रात यहां एक अदालत में पेश किया गया और अदालत ने तीन दिन की हिरासत में भेज दिया।

इन धाराओं के तहत केस दर्ज

दिल्ली पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि बी.रेड्डी से पूछताछ शुरू हो गई है। गृह मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (14सी) की एक शिकायत पर सेल ने रविवार को आईपीसी की धारा 153 (दंगा भड़काने के इरादे से उकसाना), 153ए (शत्रुता को बढ़ावा देना), धर्म, नस्ल, जन्म स्थान के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच), 465 (जालसाजी के लिए सजा), 469 (प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से जालसाजी), 171जी (चुनाव के संबंध में गलत बयान) के तहत एफआईआर दर्ज की थी।

हॉट सीट राजगढ़: कांटे के मुकाबले पर टिकी भाजपा व कांग्रेस की प्रतिष्ठा!

राजघराने की विरासत सहेजने उतरे पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की अग्नि परीक्षा

ओपी पाल ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव में मध्य प्रदेश की वीआईपी सीटों में शामिल राजगढ़ लोकसभा सीट पर तीसरे चरण में 7मई को मतदान होगा। भाजपा व कांग्रेस से ज्यादा राजपरिवारों के वर्चस्व में रही इस बार इस सीट का चुनाव हाई प्रोफाइल होता दिख रहा है कि यहां राज परिवार के गढ़ के अस्तित्व को बचाने के लिए कांग्रेस के दिग्गज नेता दिग्विजय सिंह 33 साल बाद एक बार फिर से चुनावी जंग में उतरे हैं। भाजपा ने इस सीट से दो बार के सांसद रोडमल नागर पर फिर भरोसा जताते हुए चुनाव मैदान में उतारा है। भाजपा और कांग्रेस के बीच कांटे का चुनावी मुकाबला होता नजर आ रहा है।

पिछले एक दशक से इस सीट पर भाजपा का कब्जा है, जहां भाजपा प्रत्याशी नागर अपनी जीत की तिकड़ी बनाने के इरादे से भाजपा की चुनावी रणनीति के तहत चुनावी जंग लड़ रहे हैं। यही कारण है कि कांग्रेस ने सिंह को भाजपा के खिलाफ चुनाव मैदान में उतारा है। इस बार भाजपा प्रत्याशी का लक्ष्य रिकॉर्ड मतों के अंतर से चुनाव जीतना है। सिंह इस सीट को जीतने के लिए अपने भाई लक्ष्मण सिंह जो भाजपा से सांसद रह चुके हैं को भी मनाने में जुटे हैं, वहीं वे जातिगत समीकरण साधते हुए कुछ प्रत्याशियों को

भी अपने साथ जोड़ने की रणनीति से चुनाव प्रचार में जुटे हैं। यहां कांटे का मुकाबला हो सकता है। बसपा प्रत्याशी डा. राजेन्द्र सूर्यवंशी भी चुनाव में ताल ठोककर इस मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने का प्रयास कर रहे हैं। 15 प्रत्याशी किस्मत आजमा रहे हैं। जिनमें आप प्रत्याशी ममता मीणा भी हैं।

विस चुनाव के बाद बढ़े 32,289 मतदाता

राजगढ़ लोकसभा सीट पर इस बार 18,69,937 मतदाताओं का चक्रव्यूह बना हुआ है, जिसमें 9,60,505 पुरुष, 9,09,409 महिला और 23 थर्डजेंडर मतदाता शामिल हैं। वहीं 15,219 दिव्यांग मतदाता भी इस सीट पर पंजीकृत हैं। पिछले विधानसभा चुनाव के मुकाबले 32,289 मतदाताओं का इजाफा हुआ है। 81.39 फीसदी ग्रामीण और 18.61 फीसदी मतदाता शहरी क्षेत्र में प्रभावी हैं।

क्या है जातीय समीकरण

राजगढ़ लोकसभा सीट पर सबसे ज्यादा दांगी, सोधिया, तंवर, ब्राह्मण, यादव, मीणा समुदाय के वोटरों निर्णायक साबित हो रहे हैं। इस सीट पर सबसे ज्यादा 56 फिसदी ओबीसी वर्ग के मतदाता है, जबकि अनुसूचित जाति के 18 फीसदी, मुस्लिम 6 फीसदी और बाकी अन्य समुदाय के मतदाता हैं।

अजीबो गरीब है चुनावी इतिहास

यहां से इन दो चुनाव में चार सांसद कांग्रेस के चुने गये। इस परांपरा के खत्म होने के बाद 1962 में राजगढ़ लोकसभा सीट से आजाद उम्मीदवार ने जीत दर्ज की। लेकिन फिर 1967 व 71 के चुनाव में राजगढ़ जिले को तीन लोकसभा क्षेत्रों शाजापुर, भोपाल व गुना में बांट दिया गया। इन दोनों चुनावों में राजगढ़ से भारतीय जनसंघ के प्रत्याशी चुनाव जीतकर लोकसभा पहुंचे। सही मायने में 1977 में राजगढ़ लोकसभा अपने अस्तित्व में आई तो इस सीट से जनता पार्टी ने 1977 व 1980 के दोनों चुनाव में लगातार जीत हासिल की। 1980 में सिंह ने चुनाव जीता, तो 1991 में भाजपा के प्यारेलाल खंडेलवाल जीते। इसके बाद राघौगढ़ के राजपरिवार के हाथ 23 साल तक यहां इसी परिवार के सदस्यों के कब्जे में रही। 2009 के चुनाव में फिर कांग्रेस के नारायण सिंह आमलाबे सांसद चुने गए। 10 साल से नागर काबिज हैं।

ये हैं कांग्रेस व भाजपा प्रत्याशी

सिंह फिलहाल मध्यप्रदेश से राज्यसभा सांसद हैं। वे कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव भी रहे। उनका राजनीतिक सफर 1971 में राघोगढ़ नगरपालिका अध्यक्ष बनने से शुरू हुआ था और इसी विधानसभा से 1977 और 1980 में विधायक चुने गए तथा राज्य की अर्जुन सिंह सरकार में मंत्री बने। इसके बाद वे 1984 से 1992 तक लोकसभा सांसद रहे। 1993 से 1998 तक वे मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे। भाजपा प्रत्याशी रोडमल नागर पिछले दो चुनाव जीत चुके हैं। तीसरी बार चुनाव मैदान में रोडमल नागर केंद्रीय कृषि मंत्रालय की सलाहकार समिति और ओबीसी कल्याण समिति तथा संसदीय समिति रक्षा के भी सदस्य रह चुके हैं।

एक्स्ट्रा इनकम से लोन चुकाएं या इक्विटी फंड में करें निवेश

- दोनों ऑप्शन्स पॉजिटिव और नेगेटिव पहलुओं पर गौर करना जरूरी
- अप्रैल में कर्मचारियों की बढ़ती है सैलरी और मिलता है बोनस
- अगर अप्रेजल अच्छा तो बढ़िया मिल सकती है एक्स्ट्रा इनकम

अप्रैल का महीना कर्मचारियों के लिए बीते वित्त वर्ष का सालाना बोनस मिलने का समय होता है। अगर अप्रेजल अच्छा हुआ है तो बढ़िया बोनस और सैलरी हाइक की उम्मीद भी रहती है, लेकिन हाथ में ज्यादा पैसे आने पर खुशी के साथ-साथ कई बार ये कनफ्यूजन भी रहता है कि इन पैसों का सही इस्तेमाल कैसे किया जाए? अपने होम लोन को जल्दी चुकाना सही होगा या फिर इन पैसों को इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश करना चाहिए? अगर आपको भी बोनस, वेतन बढ़ने या किसी भी और वजह से एक्स्ट्रा इनकम हुई हैं, तो यह उलझन आपके मन में भी हो सकती है।

नफा-नुकसान पर करें गौर

अपने होम लोन का प्री-पेमेंट करने और म्यूचुअल फंड निवेश में किसी एक विकल्प को चुनने का फैसला करने से पहले दोनों ऑप्शन्स पॉजिटिव और नेगेटिव पहलुओं पर गौर करना जरूरी है। इसके लिए आपको न होम लोन की ब्याज दर और म्यूचुअल फंड के संभावित सालाना रिटर्न की तुलना करने के साथ ही दोनों परिस्थितियों में अपनी टैक्स देनदारी का अंतर भी देखना होगा। इसके अलावा अपने फाइनेंशियल गोल, जोखिम उठाने की क्षमता और लिक्विडिटी की स्थिति पर भी विचार करना होगा। तभी आप इस बारे में सही फैसला कर पाएंगे। यहां इन सभी पहलुओं पर बारी-बारी से विचार करेंगे।

जानकारी

यह रखना होगा ध्यान

अतिरिक्त फंड या सैलरी का इस्तेमाल कहां किया जाए यह फैसला करने से पहले आपको यह देखना होगा कि आपके होम लोन की ब्याज दर कितनी है और म्यूचुअल फंड में निवेश से आप कितने औसत रिटर्न की उम्मीद कर सकते हैं। अगर आपके होम लोन की ब्याज दर 8.50 फीसदी से 9.50 फीसदी के बीच है और इक्विटी म्यूचुअल फंड से आप सालाना 12 फीसदी औसत रिटर्न हासिल करने की उम्मीद कर रहे हैं, तो जाहिर है कि आपको म्यूचुअल फंड में निवेश करना बेहतर लगेगा। क्योंकि इक्विटी फंड में निवेश पर आपको जितना औसत रिटर्न मिलेगा, वह होम लोन के ब्याज से 2.5 फीसदी अधिक है। आमतौर पर आप यही पाएंगे कि इक्विटी फंड का लॉन्ग टर्म रिटर्न होम लोन के इंटरेस्ट रेट से ज्यादा ही होता है। साथ ही एसआईपी के जरिए इक्विटी फंड में निवेश करने पर कंपाउंडिंग और एवरेजिंग का लाभ भी मिलता है। यानी सिर्फ रिटर्न और ग्रोथ के नजरिये से देखें, तो इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश बेहतर विकल्प नजर आएगा।

लिक्विडिटी पर असर

होम लोन जल्दी चुकाने का फैसला करने से पहले आपको यह भी देखना होगा कि आपकी लिक्विडिटी की स्थिति कैसी है। यानी आपको उस अतिरिक्त फंड या कमाई की कितनी जरूरत है या निकट भविष्य में पड़ सकती है। अगर आपने बोनस में मिले फंड को होम लोन चुकाने में खर्च कर दिया तो फिर उसे वापस नहीं ले सकते, जबकि इक्विटी म्यूचुअल फंड में किया गया निवेश, जरूरत पड़ने पर वापस निकाला जा सकता है।

जोखिम उठाने की क्षमता

होम लोन जल्दी चुकाने के मामले में आपके निवेश पर कोई जोखिम नहीं रहता है। वो रकम आपके होम लोन से सीधे ही घट जाती है। साथ ही अगर आप अपने होम लोन पर 8.50 फीसदी सालाना ब्याज दे रहे हैं, तो आप उसे जल्दी चुकाने के लिए जो भी रकम अदा करते हैं, उस पर भी 8.50 फीसदी रिटर्न पक्का माना जा सकता है। वहीं, इक्विटी म्यूचुअल फंड पर आप 12 फीसदी संभावित रिटर्न की उम्मीद तो कर सकते हैं, लेकिन इसकी कोई गारंटी नहीं होती। इसलिए म्यूचुअल फंड में निवेश से पहले अपना रिस्क प्रोफाइल यानी जोखिम उठाने की क्षमता का आकलन करना जरूरी है।

निवेश का लक्ष्य

आपके लिए होम लोन का प्री-पेमेंट करना बेहतर होगा या म्यूचुअल फंड में निवेश करना, यह आपके इनवेस्टमेंट गोल यानी निवेश के लक्ष्य पर भी निर्भर है। अगर आप लंबी अवधि में नियमित निवेश के जरिए अपना रिटायरमेंट कॉर्पस तैयार करना चाहते हैं या अपने बच्चों के एजुकेशन के लिए फंड जुटाना है, तो म्यूचुअल फंड इनवेस्टमेंट आपके लिए अच्छा ऑप्शन हो सकता है, लेकिन अगर आपके रिटायरमेंट में ज्यादा वक्त नहीं बचा है या आप बेहतर रिटर्न के लिए लंबे समय तक नियमित निवेश करने की स्थिति में नहीं हैं, तो होम लोन को जल्दी चुकाना आपके लिए बेहतर रहेगा।

टैक्स देनदारी पर असर

आपको यह भी देखना होगा कि दोनों विकल्पों का आपकी टैक्स देनदारी पर क्या असर पड़ सकता है। ऐसा इसलिए क्योंकि होम लोन का ब्याज चुकाने पर आपको सेक्शन 24बी के तहत साल में 2 लाख रुपये तक का अतिरिक्त डिडक्शन मिलता है। इसके अलावा प्रिंसिपल अमाउंट के री-पेमेंट पर सेक्शन 80सी के तहत भी टैक्स छूट मिलती है। वैसे, सेक्शन 80सी के तहत सालाना 1.5 लाख रुपये तक के निवेश पर टैक्स छूट का लाभ तो आप इक्विटी म्यूचुअल फंड में किए गए इनवेस्टमेंट पर भी ले सकते हैं, लेकिन सेक्शन 24बी के तहत 2 लाख रुपये तक के डिडक्शन का लाभ सिर्फ होम लोन के ब्याज पर ही मिलता है। यानी अगर आप अपना होम लोन जल्दी चुका देते हैं, तो उसके बाद आपको यह लाभ नहीं मिल पाएगा, जिससे आपकी टैक्स देनदारी बढ़ सकती है। हालांकि इक्विटी म्यूचुअल फंड में 3 साल के लिए निवेश करने पर सालाना एक लाख रुपये तक के मुनाफे पर कोई टैक्स नहीं लगता और उससे ज्यादा मुनाफे पर महज 10 फीसदी की दर से लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन्स (एलटीसीजी) टैक्स देना होता है, जो टैक्स सेविंग के लिहाज से काफी अच्छा ऑप्शन है।

शेयर मार्केट में तेजी, ऐसे में क्या करें निवेशक

अलर्ट
बिजनेस डेस्क

बनाएं रणनीति

- चुनाव से पहले कहीं गिर तो नहीं जाएगा बाजार, पिछले कुछ महीनों से शिखर पर शेयर बाजार
- इस समय बाजार से दूरी बनाएं या निवेश करें, निवेश किए गए पैसे को निकालें या इंतजार करें

पिछले 3 महीनों से शेयर बाजार में जारी तेजी का सिलसिला मई में भी बने रहने की संभावना है। इसका कारण आर्थिक वृद्धि के बेहतर रहने की उम्मीद के साथ आम चुनावों में मौजूदा सरकार के दोबारा से सत्ता में आने की संभावना और घरेलू निवेशकों की मजबूत भागीदारी के साथ निवेशकों की धारणा का सकारात्मक होना भी बताया जा रहा है। विश्लेषक भी इसे बेहतर बता रहे हैं। इस साल जनवरी में 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 0.67 प्रतिशत नीचे आया था। हालांकि, फरवरी के बाद से बाजार में तेजी का सिलसिला बना हुआ है। इस दौरान बीएसई मानक सूचकांक सेंसेक्स 1.04 प्रतिशत चढ़ा, जबकि मार्च में इसमें 1.58 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि हुई। अप्रैल में, सूचकांक 1.12 प्रतिशत चढ़ा। 'कुल मिलाकर, बाजार में तेजी का सिलसिला जारी रहने की उम्मीद है। इसका एक प्रमुख कारण घरेलू संस्थागत निवेशकों के साथ व्यक्तिगत निवेशकों दोनों की मजबूत भागीदारी है। लेकिन ऐसे समय में निवेशकों की भी सांसें अटकी हुई हैं कि कही चुनाव परिणाम आने से पहले शेयर बाजार का यह बुलबुला फूट तो नहीं जाएगा। इस समय बाजार से दूरी बनाएं या निवेश करें, या फिर निवेश किए गए पैसे को निकालें। इस तरह के तमाम सवाल निवेशकों के मन में चल रहे हैं। इस रिपोर्ट में हम ऐसे ही सवालों के जवाब देंगे।

इस वजह से बाजार में तेजी

बाजार के जानकारों का कहना है कि 'आने वाले दिनों में अगर शेष कंपनियों के वित्तीय परिणाम सकारात्मक रहते हैं तो बाजार में तेजी की भावना बने रहने की उम्मीद है।' 'अगर पश्चिम एशिया में तनाव कम होता है, कंपनियों के वित्तीय परिणाम अच्छे रहते हैं और चीनी अर्थव्यवस्था में मजबूती दिखती है तो बाजार धारणा मजबूत बने रहने की संभावना है। 'बाजार विभिन्न कारणों से रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया है। सबसे पहले, भारतीय अर्थव्यवस्था में मजबूती के साथ सकारात्मक बाजार भावना ने निवेशकों के भरोसे को बढ़ाया है।'

कुलाचें मार रहा बाजार

बीएसई सेंसेक्स इस साल नौ अप्रैल को कारोबार के दौरान 75,124.28 अंक के अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। सूचकांक ने उसी दिन पहली बार ऐतिहासिक 75,000 अंक के स्तर को पार किया। सेंसेक्स 10 अप्रैल को पहली बार 75,000 अंक के ऊपर बंद हुआ। बीएसई की सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण आठ अप्रैल को पहली बार 400 लाख करोड़ रुपये के पार चला गया। वर्तमान में, बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 4,06,55,851.94 करोड़ रुपये (4,900 अरब डॉलर) है।

क्या बाजार से बनानी चाहिए दूरी

'इस साल की शुरुआत से उच्च मूल्यांकन को लेकर चिंताओं के बावजूद मझोली और छोटी कंपनियों के शेयरों में तेजी जारी है। इसका कारण संभवतः पर्याप्त घरेलू नकदी और भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए दृष्टिकोण का सकारात्मक होना है। 'छोटी कंपनियों का यह बेहतर प्रदर्शन वैश्विक स्तर पर पिछले बड़े बाजारों में देखे गए रुझान को बताता है। इससे पता चलता है कि भारतीय बाजार भी संभवतः विकास के उसी चरण में है।

क्या बनाएं रणनीति

यह पूछे जाने पर कि क्या इस वर्ष मई में बेचें और दूर चले जाएं की रणनीति लागू होगी। एक अन्य फर्म के दिग्गज निवेशक ने कहा कि 'ऐतिहासिक आंकड़ों पर विचार करते हुए, यह स्पष्ट है कि पारंपरिक रूप से 'मई में बेचें और दूर चले जाएं' की रणनीति बाजार की मौजूदा स्थिति और खासकर आम चुनावों को देखते हुए सच नहीं हो सकती है। रणनीति के अनुसार एक निवेशक मई में अपने शेयर बेचता है और आमतौर पर अस्थिर माने जाने वाले मई से अक्टूबर के दौरान निवेश से बचता है। फिर नवंबर में इक्विटी शेयर बाजार में वापस आ जाता है। अब 'मई में बेचें और बाजार से दूर रहें' वाली कहावत पुरानी हो चुकी है। आंकड़े इसकी पुष्टि नहीं करते हैं। उन्होंने कहा, 'हमारा मानना है कि ब्याज दर में कटौती में देरी और अमेरिका में बॉन्ड प्रतिफल बढ़ने के बावजूद बाजार में तेजी बनी रहेगी। हमारी मजबूत घरेलू अर्थव्यवस्था के साथ कई क्षेत्रों में सकारात्मक परिणाम स्थिति को संतुलित बना रहे हैं। इसके अलावा, वर्तमान सरकार के मौजूदा चुनाव में फिर से सत्ता में लौटाने की संभावना भी बाजार में गति बनाये हुए हैं।



चांदी भी असली 'सोना'

- बढ़ रही कीमत निवेशकों को कर सकती है मालामाल
- एक साल में चांदी ने 10 फीसदी से ज्यादा रिटर्न दिया
- अगले एक साल में 35 फीसदी ग्रोथ की संभावना
- एक लाख रुपये प्रति किलो तक जा सकती है कीमत
- ईटीएफ के जरिये सिल्वर में किया जा सकता है निवेश

निवेश मंत्रा
विनोद कौशिक

अब चांदी भी निवेशकों की पहली पसंद बनती जा रही है। सराफा बाजार के जानकारों का कहना है कि चांदी ने पिछले एक साल में 10 फीसदी से ज्यादा रिटर्न दिया है। चांदी की चमक भी सोने से कम नहीं है। अग यूं कहें कि निवेशकों के लिए अब चांदी भी असली 'सोना' है, तो अतिश्योक्ति नहीं होगी। चांदी की लगातार बढ़ती कीमतें निवेशकों की 'चांदी' करवा रही हैं। जानकारों का कहना है कि अगले एक साल में चांदी 35 फीसदी तक रिटर्न दे सकती है। अनुमान है कि अगले एक साल में चांदी की कीमतें एक लाख रुपये प्रति किलो तक हो सकती हैं। ऐसा हुआ तो चांदी छप्पर फाड़ रिटर्न देगी और निवेशक मालामाल हो जाएंगे। अब सवाल उठता है कि चांदी में कैसे निवेश किया जाए यानी चांदी में निवेश के क्या क्या तरीके हो सकते हैं जो निवेशकों लुभाने में कामयाब होते हैं। चांदी में निवेश के तरीकों में फिजिकल सिल्वर खरीदना, ईटीएफ और फ्यूचर मार्केट में निवेश शामिल है। चांदी में निवेश करने का पॉपुलर तरीका एक्सचेंज ट्रेडेड फंड्स है। यह उन लोगों के लिए एक बेहतरीन ऑप्शन है जो चांदी के सिक्कों या आभूषणों में निवेश करना पंसद नहीं करते हैं, लेकिन चांदी से मोटी कमाई करना चाहते हैं। सिल्वर ईटीएफ अपनी संपत्ति का 95 फीसदी फिजिकल सिल्वर और चांदी से रिलेटिड सामान में निवेश करते हैं। सिल्वर ईटीएफ की एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) अप्रैल में 5,000 करोड़ रुपये को पार कर गया। एयूएम वो पैसा होता है जो निवेशकों द्वारा फंड हाउसों को निवेश के लिए दिया जाता है।

लगातार बढ़ रही कीमतें बढ़ा रही दिलचस्पी

सिक्कों में निवेश

देश आज भी लाखों करोड़ों लोग हैं, जो चांदी के सिक्कों और बिस्कुट में निवेश करना पसंद करते हैं। सिक्कों को सरकार द्वारा ऑथराइज्ड डीलर्स और ज्वेलर्स से ऑनलाइन और ऑफलाइन खरीदना आसान है। जब बाजार में इस कमोडिटी की कीमत बढ़ती है तो चांदी के सिक्कों को बेचने से आपको अच्छा मुनाफा मिल सकता है। यदि आपको तत्काल कैश की जरूरत है तो आप चांदी को सही प्राइस मिलना काफी मुश्किल होता है।

सिल्वर फ्यूचर में इंवेस्टमेंट

यह निवेश का पूरी तरह से अलग तरीका है। एक फ्यूचर कांट्रैक्ट दो पक्षों के बीच एक तय डेट पर असेट खरीदने या बेचने की डील है। सिल्वर फ्यूचर्स या सिल्वर फ्यूचर्स कॉन्ट्रैक्ट्स एक ऐसा ही निवेश का तरीका है। सिल्वर मार्केट के अनप्रिडिक्टेबल नेचर को देखते हुए यह काफी रिस्की इंवेस्टमेंट है। निवेशकों को घाटे का सामना भी करना पड़ सकता है। वहीं, अगर कीमतों में अच्छी तेजी अझती है तो निवेशकों को फायदा भी हो सकता है।

एक्सचेंज ट्रेडेड फंड्स (ईटीएफ)

चांदी में निवेश करने का एक पॉपुलर तरीका एक्सचेंज ट्रेडेड फंड्स (ईटीएफ) है। यह उन लोगों के लिए एक बेहतरीन ऑप्शन है जो चांदी के सिक्कों या आभूषणों में निवेश करना पंसद नहीं करते हैं, लेकिन चांदी से मोटी कमाई करना चाहते हैं. सिल्वर ईटीएफ अपनी संपत्ति का 95 फीसदी फिजिकल सिल्वर और चांदी से रिलेटिड सामान में निवेश करते हैं। ईटीएफ में किसी भी तरीके की चोरी की कोई संभावना नहीं होती। जैसे-जैसे चांदी की कीमत में इजाफा होता है इसके रिटर्न में भी इजाफा होता रहता है। साथ ही, आप सिल्वर ईटीएफ को मार्केट प्राइस पर बेच सकते हैं। सिल्वर ईटीएफ में निवेश कर आप चांदी के फिजिकल ट्रेड में शामिल कुछ जोखिमों से बच सकते हैं।

सिल्वर माइनिंग स्टॉक

सिल्वर में निवेश करने का एक तरीका और भी है और वो है सिल्वर माइनिंग कंपनियों के शेयर भी खरीद सकते हैं। यह दो संभावित तरीकों से बेनिफिट मिल सकते हैं। पहला, चांदी के बाजार भाव बढ़ने से ऐसी कंपनी की कमाई बढ़ेगी। बाजार की अनुकूल परिस्थितियों में उनका मुनाफा चांदी की कीमत से ज्यादा तेजी से बढ़ सकता है। दूसरा, माइनर समय के साथ इस मेटल का प्रोडक्शन बढ़ा सकते हैं और साथ ही साथ अपना मुनाफा भी बढ़ा सकते हैं। यही कारण है कि सिल्वर माइनिंग स्टॉक्स निवेशकों को बेहतर रिजल्ट देते हैं। सिक्योरिटीज में इंवेस्ट करने से पहले निवेशकों को सिल्वर माइनिंग कंपनी का गहराई से एनालिसिस करना जरूरी है। यह जानना भी जरूरी है कि इस सेक्टर में निवेश करने के कुछ नुकसान भी हैं।

सिल्वर ईटीएफ

सितंबर 2021 में, सेबी ने म्यूचुअल फंड हाउसों को भारत में सिल्वर ईटीएफ लॉन्च करने की परमीशन दी थी। सिल्वर ईटीएफ स्कीम को शुद्ध संपत्ति का कम से कम 95 फीसदी चांदी और चांदी से संबंधित सामान में निवेश करना होता है। इसके अलावा, लंदन बुलियन मार्केट एसोसिएशन के अनुरूप फिजिकल सिल्वर 99.9 फीसदी शुद्धता (999 भाग प्रति हजार) के साथ स्टैंडर्ड 30 किलोग्राम बार की होनी चाहिए।

ईटीएफ क्या है

चांदी को शेयरों की तरह खरीदने की सुविधा को सिल्वर ईटीएफ कहते हैं। ये एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड हैं, जिन्हें स्टॉक एक्सचेंजों पर खरीदा और बेचा जा सकता है। चूंकि सिल्वर ईटीएफ का बेंचमार्क स्पॉट सिल्वर की कीमतें हैं, आप इसे चांदी की वास्तविक कीमत के करीब खरीद सकते हैं।

निवेश के फायदे

कम मात्रा में भी खरीद सकते हैं ईटीएफ के जरिए सिल्वर यूनिट्स में खरीदते हैं। इससे कम मात्रा में या एसआईपी (सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान) के जरिए चांदी खरीदना आसान हो जाता है। सिल्वर ईटीएफ की 1 यूनिट की कीमत अभी 100 रुपये से भी कम है। यानी आप 100 रुपये से भी कम में इसमें निवेश की शुरुआत कर सकते हैं।

ईटीएफ में करें निवेश

सिल्वर ईटीएफ खरीदने के लिए डीमैट अकाउंट होना जरूरी है। इसमें एनएसई या बीएसई पर उपलब्ध सिल्वर ईटीएफ के यूनिट आप खरीद सकते हैं और उसके बराबर की राशि आपके डीमैट अकाउंट से जुड़े बैंक अकाउंट से कट जाएगी। आप ग्रो, अपस्टॉक्स और पेटीएम जैसे ऐप्स के जरिए फ्री में डीमैट अकाउंट खोल सकते हैं।

चांदी रहती है सुरक्षित

इलेक्ट्रॉनिक चांदी डीमैट अकाउंट में होती है, जिसमें सिर्फ सालाना डीमैट चार्ज देना होता है। साथ ही चोरी होने का डर नहीं होता। वहीं फिजिकल चांदी में चोरी के खतरे के अलावा उसकी सुरक्षा पर भी खर्च करना होता है।

व्यापार की आसानी : सिल्वर ईटीएफ को बिना किसी परेशानी के तुरंत खरीदा और बेचा जा सकता है। यानी पैसों की जरूरत पड़ने पर आप जब चाहे इसे बेच सकते हैं।

अब बिना घर खरीदे भी किया जा सकता है रियल एस्टेट में निवेश!

आरईआईटी के जरिये पैसा लगाकर हो सकते हैं मालामाल

यह ऐसा मंच जो कम मात्रा में प्रतिभूतिकृत अचल संपत्ति निवेश करवा रहा

विकल्प
बिजनेस डेस्क

आजकल डिजिटल जमाने में निवेशकों के सामने निवेश के कई विकल्प मौजूद हैं। ऐसे एसेट्स में निवेश कर निवेशक भी मालामाल हो रहे हैं। अब रियल इस्टेट में भी पैसा लगाकर निवेशक बिना घर खरीदे भी अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। आपने अक्सर यह बात सुनी होगी कि रियल एस्टेट में निवेश करने के लिए प्रॉपर्टी या घर खरीदना जरूरी होता है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि एक ऐसा तरीका भी है, जिसकी मदद से आप रियल एस्टेट में निवेश कर सकते हैं और इसके लिए आपको प्रॉपर्टी खरीदने की जरूरत नहीं होगी। रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट

एक म्यूचुअल फंड की तरह काम करता है, बढ़ाता पैसा

(आरईआईटी) के जरीये निवेश कर इनकम जनरेट कर सकते हैं। कहा भी जाता है कि रियल एस्टेट में कभी पैसा नहीं डूबता। समय के अनुसार इसमे पैसा बढ़ता ही जाता है। इससे व्यक्तिगत निवेशकों के लिए किसी प्रॉपर्टी को खरीदे, मैनेज किए या फाइनेंस किए बिना रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट्स से डिविडेंड हासिल करना संभव हो जाता है।

कंपनी की तरह करता है काम

आरईआईटी एक कंपनी की तरह काम करता है, यि एक कंपनी ही है जो इनकम जनरेट करने वाले रियल एस्टेट का स्वामित्व रखती है, उसका संचालन करती है और उसे फाइनेंस करती है। रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट में कई निवेशकों की पूंजी का सामूहिक कोष होता है। इससे व्यक्तिगत निवेशकों के लिए किसी प्रॉपर्टी को खरीदे, मैनेज किए या फाइनेंस किए बिना रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट्स से डिविडेंड हासिल करना संभव हो जाता है। एक रियल एस्टेट निवेश ट्रस्ट उन युवा निवेशकों के लिए बेहतर हैं जो पारंपरिक रियल एस्टेट लेनदेन के लिए प्रतिबद्ध हैं और अपने इन्वेस्टमेंट पोर्टफोलियो में विविधता लाना चाहते हैं।

निवेश करने के कई फायदे

रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट मुख्य रूप से तीन प्रकार के होते हैं। इनमें मॉर्गेज रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट, हाइब्रिड रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट, और इक्विटी रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट शामिल हैं। आरईआईटी को अपनी आय का 90 प्रतिशत निवेशकों में बांटना पड़ता है। वह डिविडेंड या ब्याज के रूप में यूनिटहोल्डर्स को यह रकम बांटता है। इससे निवेशक को आरईआईटी में अपने निवेश पर नियमित आय कमाने का मौका मिलता है। बता दें कि आरईआईटी में कई लाख रुपये निवेश करने की जरूरत नहीं पड़ती है, जिसके कारण निवेश इससे अच्छा मुनाफा कमा पाते हैं।

इतने निवेश से कर सकते हैं शुरूआत

आरईआईटी में न्यूनतम निवेश की रकम पहले 2 लाख रुपये थी, लेकिन फिर इसे घटाकर 10,000-15,000 रुपये कर दिया गया, ताकि ज्यादा से ज्यादा निवेशकों को आरईआईटी में निवेश का मौका मिले। सेबी ने आरईआईटी के लिए साल 2015 में नियम बनाए थे। इन नियमों के अनुसार, आरईआईटी के निवेश से जुड़ी शर्तें भी तय की हैं। आरईआईटी को अपने फंड से 80 फीसदी पूरी तरह से तैयार और किराया देने वाली प्रॉपर्टी में निवेश करना पड़ता है। अगर आप रियल एस्टेट से पैसा बनाना चाहते हैं तो इस सेक्टर में पैसे निवेश करने से पहले आपको इसकी समझ होनी बहुत जरूरी है। आप किसी रियल एस्टेट सलाहकार से भी इसके बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।और अच्छे पैसे बना सकते हैं।

आरईआईटी क्या है

रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (आरईआईटी) एक ऐसा मंच है जो निवेशकों को कम मात्रा में प्रतिभूतीकृत अचल संपत्ति निवेश की अनुमति देता है। यह एक म्यूचुअल फंड की तरह काम करता है, जो विभिन्न निवेशकों से एकत्र की गई पूंजी को एक स्थान पर संयोजित करता है। इसके जरीये निवेशक प्रॉपर्टी में निवेश कर अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। आरईआईटी के माध्यम से, लीज़ पर दी जाने वाली अचल संपत्तियों को कई हिस्सों में वर्गीकृत किया जा सकता है और उन्हें एक पत्र निवेश या प्रतिभूति में परिवर्तित किया जा सकता है।

मिलेगा बढ़िया रिटर्न

प्लॉट से लेकर कमर्शियल प्रॉपर्टी में से कुछ भी खरीदना चाहते हैं तो आपको इसके लिए दस बार सोचना पड़ता होगा, लेकिन आप आरईआईटी में निवेश करके हजार गुना रिटर्न पा सकते हैं। रियल एस्टेट हमेशा से आपरेशिएटिंग एसेट माना गया है और इसकी वैल्यू समय के साथ हमेशा बढ़ती ही है इसलिए यह निवेश का एक अच्छा तरीका है।

भारत में आरईआईटी में देर क्यों हुई

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने वर्ष 2008 में इसके लिए मसौदा दिशा-निर्देश जारी किये, लेकिन वर्ष 2014 में उन्हें अधिसूचित किया गया। तब यह कहा गया कि आरईआईटी में अधिकतम तीन प्रायोजक होने चाहिएं और उसमें किया जाने वाला निवेश तैयार हो चुकी आय अर्जक संपत्ति में आरईआईटी परिसंपत्तियों का कम-से-कम 80% होना चाहिए। 2016 के बजट में आरईआईटी को लाभांश वितरण कर से छूट दी और उन्हें विदेशी निवेश की अनुमति दी। 2016 में, सेबी ने कहा कि आरईआईटी के निवेश प्रबंधकों को प्रस्तावित दस्तावेज़ों में कम-से-कम लगातार 3 वर्षों के लिए फंड के राजस्व, संपत्ति-आधारित ऑपरेटिंग कैश प्रवाह को दर्शाना चाहिए। 28 जुलाई, 2017 को एंबेसी ऑफिस पार्क आरईआईटी सेबी के साथ पंजीकृत हुआ। अब यह निवेश का बढ़िया विकल्प बन रहा है।

आईपीएल पाइंट टेबल

टीम	मैच	जीते	हारे	अंक
राजस्थान	10	8	2	16
कोलकाता	10	7	3	14
लखनऊ	10	6	4	12
हैदराबाद	10	6	4	12
चेन्नई	10	5	5	10
दिल्ली	11	5	6	10
बेंगलोर	11	4	7	8
पंजाब	10	4	6	8
गुजरात	11	4	7	8
मुंबई	11	3	8	6

ऑरेंज कैप

विराट कोहली
542 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप

जसप्रीत बुमराह
17 विकेट
मुंबई

आईपीएल के होनहार बनेंगे भारत का भविष्य, रियान-नितीश ने मचाई सनसनी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आईपीएल 2024 का रोमांच जारी है। 50 से ज्यादा मुकाबले अब तक खेले जा चुके हैं। इनमें कई युवा भारतीय खिलाड़ियों ने अपना जलवा बिखेरा है। दुनिया की लोकप्रिय लीग हमेशा से युवाओं के लिए वरदान साबित हुई है। इसके जरिए तमाम खिलाड़ियों को भारतीय टीम में मौका मिला है। 17वें सीजन में भी मयंक यादव, रियान पराग जैसे युवा अपने खेल की वजह से चर्चाओं में बने हुए हैं। इन खिलाड़ियों को भारत का भविष्य माना जा रहा है।

10 मैच, 409 रन, 159.14 स्ट्राइक

रियान पराग

राजस्थान रॉयल्स के दमदार बल्लेबाज रियान पराग ने आईपीएल के इस सीजन में अलग अंदाज में नजर आ रहे हैं। उनके बल्ले से निकलता हर शॉट उनके हुनर की गवाही दे रहा है। राजस्थान के लिए अब तक 10 मैच खेल चुके इस बल्लेबाज ने 159.14 के स्ट्राइक रेट से 409 रन बनाए हैं। मौजूदा समय में वह सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट में चौथे स्थान पर हैं। क्रिकेट एक्सपर्ट्स का मानना है कि उन्हें जल्द ही बीसीसीआई की तरफ से बुलावा आ सकता है।

आशुतोष शर्मा

7 मैच , 159 रन
189.29 स्ट्राइक रेट

पंजाब किंग्स के स्टार फिनिशर आशुतोष शर्मा ने भी अपने प्रदर्शन से इस साल प्रभावित किया है। निचले क्रम पर उतरकर वह ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हैं। इस सीजन में उन्होंने सात मैचों में 159 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 189.29 का रहा है। 25 वर्षीय बल्लेबाज के नाम आईपीएल में एक अर्धशतक दर्ज है। माना जा रहा है कि जल्द ही उन्हें भारतीय टीम में जगह मिल सकती है।

नितीश रेड्डी

7 मैच , 219 रन
154.23 स्ट्राइक रेट

युवा ऑलराउंडर नितीश रेड्डी ने आईपीएल 2024 में विस्फोटक प्रदर्शन किया है। गेंद और बल्ले से वह इस सीजन में धमाल मचाते दिख रहे हैं। सनराइजर्स हैदराबाद के लिए नितीश ने सात मैचों में 154.23 के स्ट्राइक रेट से 219 रन बनाए हैं। इस सीजन उनके बल्ले से दो अर्धशतक निकले। वहीं, उनका उच्चतम स्कोर 76* रनों का रहा है। इसके अलावा 20 वर्षीय खिलाड़ी ने तीन विकेट चटकाए हैं।

नेहल वढेरा



4 मैच , 105 रन
134.62 स्ट्राइक रेट

मुंबई इंडियंस के युवा बल्लेबाज नेहल वढेरा ने इस सीजन में कई उपयोगी पारियां खेली हैं। उन्होंने अपनी जुझारू पारियों से दर्शकों को प्रभावित किया है। मध्यक्रम के इस बल्लेबाज ने चार मैचों में 134.62 के स्ट्राइक रेट से 105 रन बनाए हैं। इस सीजन उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 49 रनों का रहा है। वहीं, पिछले सीजन में भी उनका बल्ला जमकर गरजा था। 25 वर्षीय बल्लेबाज ने 14 मुकाबलों में दो अर्धशतकों की बदौलत 241 रन बनाए थे।

9 मैच , 10 विकेट
27.70 औसत

तुषार देशपांडे

चेन्नई सुपर किंग्स के तेज गेंदबाज तुषार देशपांडे इस सीजन में घातक गेंदबाजी करते नजर आ रहे हैं। चेन्नई के लिए उन्होंने नौ मैचों में 10 विकेट चटकाए हैं। तुषार में भारतीय प्रशंसकों को भारत का भविष्य नजर आ रहा है। माना जा रहा है कि जल्द ही उन्हें टीम इंडिया की तरफ से बुलावा भेजा जा सकता है।

खबर संक्षेप

बैन दवाओं पर मुक्केबाज अखिल ने किया जागरुक

नई दिल्ली। राष्ट्रमंडल खेलों के पूर्व स्वर्ण पदक विजेता मुक्केबाज और झज्जर पुलिस में सहायक आयुक्त अखिल कुमार ने झज्जर के जवाहरलाल बाग स्टेडियम में बातचीत में उभरते हुए खिलाड़ियों को सलाह दी कि उन्हें नशीली दवाओं के खतरे से बचकर रहना चाहिए। अखिल ने पीटीआई से कहा, 'बतौर खिलाड़ी और राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी के पैनल के सदस्य होने के नाते मैं इसके खतरे को समझता हूं। इसलिए मैंने उन्हें सलाह दी कि इससे कैसे दूर रहें। मैंने उन्हें कहा कि नियमित रूप से होने वाले मेडिकल चेक-अप के दौरान भी उन्हें डॉक्टर को बताना चाहिए कि वे एथलीट हैं ताकि वे उन्हें प्रतिबंधित दवाई नहीं लिखें।'

पीठ में जकड़न के कारण इम्पैक्ट प्लेयर बने रोहित

मुंबई। लेग स्पिनर पीयूष चावला ने कहा कि भारतीय कप्तान और मुंबई इंडियंस के सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा को पीठ में थोड़ी जकड़न के कारण कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ इंडियन आईपीएल मैच में बतौर 'इम्पैक्ट सब' खेलने के लिए बाध्य होना पड़ा था। 'इम्पैक्ट सब' के तौर पर खेलने उतरे रोहित 12 गेंद में महज 11 रन ही जोड़ सके। इस मैच में मुंबई इंडियंस को केकेआर से 24 रन की हार का सामना करना पड़ा। इससे पांच बार की चैंपियन टीम इस साल के आईपीएल से लगभग बाहर हो गई है।

ब्रिटेन दौरे पर तमिलनाडु की युवा टीम देगी चुनौती

चेन्नई। तमिलनाडु के युवा खिलाड़ियों की टीम ब्रिटेन दौरे के दौरान विभिन्न टीमों के खिलाफ सीमित ओवरों के मैच के अलावा कई दिन चलने वाले मुकाबले भी खेलेगी। तमिलनाडु क्रिकेट संघ ने शनिवार को टीम के श्रृंखला के लिए रवाना होने की घोषणा की। टीएनसीए ने एक विज्ञप्ति में कहा कि यह दौरा आधिकारिक रूप से सोमवार से शुरू होगा। टीम के कोच पूर्व भारतीय गेंदबाज लक्ष्मीपति बालाजी हैं जबकि एक अन्य पूर्व भारतीय खिलाड़ी रोबिन सिंह सलाहकार और तनवीर जब्बार बल्लेबाजी कोच हैं। राज्य के विकेटकीपर बल्लेबाज एन जगदीशन और प्रदोष रंजन पॉल टीम के मशहूर चेहरे हैं। इस दौरे पर नाटिंघम, मैनचेस्टर और लंदन में सात वनडे और चार कई दिवसीय मैच खेले जाएंगे।

जॉब

☛ Wanted Engineers. A reputed company in Pune requires Apprentice Mechanical Engineers and Mechanical Engineers with 1–2 years experience in Production and Quality Assurance for their plants in Pune. Call 9822301629 or send resume at ajaykaul01@gmail.com

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

प्लेऑफ की उम्मीदें बरकरार, फाफ ने लगाई फिफ्टी

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने गुजरात टाइटंस को चार विकेट से हराया

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरू

अपने गेंदबाजों के अनुशासित प्रदर्शन के बाद कप्तान फाफ डु प्लेसी के अर्धशतक की मदद से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू ने इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में शनिवार को गुजरात टाइटंस को चार विकेट से हरा दिया। डु प्लेसी ने 23 गेंद में दस चौकों और तीन छक्कों की मदद से 64 रन बनाये जबकि विराट कोहली ने 27 गेंद में दो चौकों और चार छक्कों के साथ 42 रन की पारी खेली। दोनों ने पहले विकेट के लिये 35 गेंद में 92 रन जोड़े। अपनी गलतियों के कारण हालांकि एक बार आरसीबी 148 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए लड़खड़ा गई थी। इस जीत से आरसीबी 11 मैचों में आठ अंक के साथ सातवें स्थान पर है और तकनीकी तौर पर प्लेआफ की दौड़ से बाहर नहीं हुई है। डुप्लेसी और कोहली ने पावरप्ले में 92 रन जोड़े जिसमें 10 चौके और सात छक्के शामिल थे।

कोहली ने तेज गेंदबाज मोहित शर्मा को पहले ही ओवर में दो छक्के लगाये। डुप्लेसी ने बायें हाथ के तेज गेंदबाज जोश लिटिल को दूसरे ओवर में तीन चौके और एक छक्के समेत 20 रन निकाले। अपना पहला आईपीएल मैच खेल रहे स्पिनर मानव सुतार भी कुछ नहीं कर सके। कोहली ने सुतार को लगातार दो छक्के लगाये। डुप्लेसी ने मोहित को पांचवें ओवर में चार चौके जड़कर 18 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। आरसीबी ने छठे से 10वें ओवर के बीच में विल जैक्स, रजत पाटीदार, ग्लेन मैक्सवेल और कैमरन ग्रीन के विकेट गंवा दिये। लिटिल ने 45 रन देकर चार विकेट लिये जबकि नूर अहमद को दो विकेट मिले। अहमद ने कोहली को पवेलियन भेजा लेकिन दिनेश कार्तिक ने 12 गेंद में 21 रन बनाकर टीम को जीत तक पहुंचाया। इससे पहले आरसीबी के गेंदबाजों के अनुशासित प्रदर्शन और अपनी गलतियों के कारण गुजरात टाइटंस के बल्लेबाज19.3 ओवर में 147 रन पर पवेलियन लौट गए। गुजरात के लिये डेविड मिलर और शाहरूख खान ने 61 रन और राहुल तेवतिया तथा राशिद खान ने 44 रन की साझेदारी की। टीम को शीर्षक्रम पर एक अच्छी साझेदारी की कमी खली। आरसीबी के तेज गेंदबाजों के सामने गुजरात के शीर्षक्रम के बल्लेबाज संघर्ष करते नजर आये। मोहम्मद सिराज ने 29 रन देकर और यश दयाल ने 21 रन देकर दो दो विकेट लिये।

गुजरात-147/10 (19.3)

खिलाड़ी	रन
साहा का कार्तिक बो सिराज	1
शुभमन का विशाक बो सिराज	2
साइ सुदर्शन का कोहली बो ग्रीन	6
एम शाहरूख खान रन आउट	37
मिलर का मैक्सवेल बो शर्मा	30
तेवतिया का विशाक बो दयाल	35
राशिद खान बो दयाल	18
शंकर का सिराज बो विशाक	10
मानव का स्वप्निल बो विशाक	1
मोहित शर्मा रन आउट	0
नूर अहमद रन आउट	0

अतिरिक्त : सात रन
कुल योग : 19.3 ओवर में 147 रन
विकेट पतन : 1-1, 2-10, 3-19, 4-80, 5-87, 6-131, 7-136, 8-147, 9-147
गेंदबाजी: स्वप्निल 1-0-1-0, सिराज 4-0-29-2, दयाल 4-0-21-2, ग्रीन 4-0-28-1, विशाक 3.3-0-23-2 शर्मा 3-0-42-1

बेंगलुरु-152/6 (13.4)

खिलाड़ी	रन
कोहली का साहा बो अहमद	42
डु प्लेसी का शाहरूख बो लिटिल	64
जैक्स का शाहरूख बो अहमद	1
रजत का मिलर बो लिटिल	2
मैक्सवेल का मिलर बो लिटिल	4
कैमरन का शाहरूख बो लिटिल	1
दिनेश कार्तिक नाबाद	21
स्वप्निल सिंह नाबाद	15

अतिरिक्त : दो रन
कुल योग : 13 . 4 ओवर में छह विकेट पर 152 रन
विकेट पतन : 1-92, 2-99, 3-103, 4-107, 5-111, 6-117
गेंदबाजी: मोहित 2-0-32-0, लिटिल 4-0-45-4, सुतार 2-0-26-0, अहमद 4-0-23-2, राशिद 1.4-0-25-0

पंजाब पर पटलवार करने उतरेगी चेन्नई

धर्मशाला। गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स रविवार को यहां लगातार दूसरी बार इंडियन प्रीमियर लीग मैच में पंजाब किंग्स से भिड़ेगी तो उसकी कोशिश जीत की लय हासिल करने पर लगी होगी। तीन दिन पहले ही पंजाब किंग्स ने चेपक पर सीएसके को सात विकेट से हराया था। घरेलू टीम की यह पिछले तीन मैच में दूसरी हार थी जिससे टीम मुश्किल में है। सीएसके 10 अंक लेकर तालिका में पांचवें स्थान पर है और पांच बार की चैंपियन उम्मीद करेगी कि स्थान बदलने से उसका भाग्य भी बदल जाएगा क्योंकि नॉकआउट चरण में अपना स्थान पक्का करने क लिए महज चार मैच बचे हैं।

एलएसजी के सामने केकेआर की चुनौती

लखनऊ। इंडियन प्रीमियर लीग में प्लेऑफ की ओर बढ़ रही लखनऊ सुपरजायंट्स और कोलकाता नाइट राइडर्स की टीमें रविवार को जब एक-दूसरे के सामने मैदान में होंगी तो उनका इरादा जीत के साथ अंतिम चार में अपनी जगह का दावा मजबूत करने पर होगा। मुंबई को उसके घरेलू मैदान पर कम स्कोर वाले मैच में 24 रन से मात देने के बाद केकेआर को नाम 14 अंक हो गए है और टीम प्लेऑफ क्वालीफिकेशन के बेहद करीब है।

खास खबर

धोनी मेरे क्रिकेट करियर में निभा रहे पिता जैसी भूमिका : पथिराना

चेन्नई। श्रीलंका के तेज गेंदबाज मथीषा पथिराना ने करिश्माई क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी को अपने क्रिकेट करियर में पिता तुल्य करार देते हुए कहा कि चेन्नई सुपरकिंग्स के पूर्व कप्तान की छोटी-छोटी सलाह से उन्हें काफी आत्मविश्वास मिला है। इस 21 साल के गेंदबाज ने 2022 में इंडियन प्रीमियर लीग में पदार्पण किया था और तब से वह सीएसके की तेजी गेंदबाजी इकाई के प्रमुख स्तंभ है। उनके शानदार प्रदर्शन पिछले सत्र में सीएसके को चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। धोनी से मिले मार्गदर्शन पर पथिराना ने कहा, 'मेरे पिता के बाद, मेरे क्रिकेट जीवन में ज्यादातर वही (एमएस धोनी) पिता जैसी भूमिका निभाते हैं। वह हमेशा मेरा ख्याल रखते हैं और मुझे कुछ मार्गदर्शन देते रहते हैं। यह ऐसा ही है जैसे मेरे पिता घर में करते हैं।'

मुंबई ने मोहन बागान को हराकर दूसरी बार आईएसएल खिताब जीता

कोलकाता। बिपिन सिंह ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करके मुंबई सिटी एफसी को मोहन बागान पर 3-1 से शानदार जीत दिलाकर दूसरी बार इंडियन सुपर लीग फुटबॉल खिताब उसकी झोली में डाला। साल्ट लेक स्टेडियम पर 62007 दर्शकों के सामने मेजबान टीम ने जैसन कमिंग्स (44वां मिनट) के गोल के दम पर बढत बना ली। मुंबई के लिये जार्ज पेरेरा डियाज (53वां मिनट) ने बराबरी का गोल दागा। बिपिन ने 81वें मिनट में मैदान पर उतारे जाने के बाद 90वें मिनट में गोल करके मूंबई को बढत दिला दी।

जूनियर हॉकी टीम की अगुवाई करेंगे रोहित...

नई दिल्ली। रक्षापंक्ति के खिलाड़ी रोहित की अगुवाई में भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी 20-29 मई तक यूरोप दौरे पर पांच मैच खेलेगी। इस 20 सदस्यीय टीम में शारदानंद तिवारी को उपकप्तान बनाया गया है। हॉकी इंडिया के खिलाड़ियों को अनुभव दिलाने के साथ प्रदर्शन को बेहतर करने की पहल के तहत भारतीय टीम बेल्जियम, जर्मनी और नीदरलैंड में पांच मैच खेलेगी। रोहित ने कहा, 'हम अपने शिविर में कड़ी ट्रेनिंग कर रहे हैं और एक-दूसरे के खेलने की तरीके को समझ रहे है।'

एशियन अंडर-22 : भारतीयों ने पक्के किए रिकॉर्ड 43 पदक

एजेंसी ▶▶| अस्ताना

आकाश गोरखा, विश्वनाथ सुरेश, निखिल और प्रीत मलिक ने शनिवार को यहां अंडर-22 पुरुष फाइनल में प्रवेश किया जिससे भारतीय मुक्केबाजों ने एएसबीसी एशियाई अंडर-22 एवं युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप के विभिन्न वर्गों में अभूतपूर्व 43 पदक पक्के किए। सीनियर राष्ट्रीय चैंपियन आकाश ने 60 किग्रा वर्ग में दबदबा बनाते हुए सेमीफाइनल में उज्बेकिस्तान के इलासोव सयात पर 5-0 से जीत हासिल की। मौजूदा युवा विश्व चैंपियन विश्वनाथ (48 किग्रा) ने रिव्यू के बाद फिलीपींस के बारिकुआत्रो ब्रायन पर 5-2 से जीत दर्ज की। निखिल (57 किग्रा) और प्रीत (67 किग्रा) ने भी क्रमशः मंगोलिया के दोर्जानयाम्बु गानबोल्ड और किर्गिस्तान के अल्माज ओरोजबेकोव को 5-2 के समान अंतर से मात दी।लेकिन एम जादूमणि सिंह (51 किग्रा), अजय कुमार (63.5 किग्रा), अंकुश (71 किग्रा), ध्रुव सिंह (80 किग्रा), जुगनू (86 किग्रा) और युवराज (92 किग्रा) को अंडर-22 के अपने सेमीफाइनल गंवाने से कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। ओलंपिक जाने वाली टीम की सदस्य प्रीति (54 किग्रा) सहित नौ महिला मुक्केबाज अंडर-22 सेमीफाइनल खेलेंगी। अंडर-22 फाइनल मंगलवार को खेले जाएंगे। युवा महिला सेमीफाइनल शुक्रवार रात को होंगे।

विश्व कप में 'इंपैक्ट प्लेयर' नहीं होने से सोचना पड़ेगा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

कोलकाता नाइट राइडर्स और आस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क का मानना है कि अगले महीने अमेरिका में टी20 विश्व कप शुरू होने पर इंडियन प्रीमियर लीग के इम्पैक्ट प्लेयर नियम नहीं होने से कप्तानों को अधिक रणनीति के साथ सोचने पर मजबूर होना पड़ेगा। इम्पैक्ट प्लेयर नियम के तहत टीमों के पास मैच के दौरान एक खिलाड़ी को बदलने की आजादी होती है। इसे पिछले साल लागू किया गया था। जिसके बाद टीमों आसानी से 200 रन के आस-पास स्कोर कर रही हैं। मुंबई इंडियंस को आईपीएल टी20 मैच में शुक्रवार को 24 रन से हराने के बाद केकेआर के इस गेंदबाज ने कहा, 'इम्पैक्ट प्लेयर नियम से चीजें काफी हद तक बदल जाती हैं। टीम को एक बल्लेबाज या गेंदबाज अधिक रखने की आजादी मिलती है और इससे बल्लेबाजी में अधिक गहराई आती है। आईपीएल में कुछ बड़े स्कोर, कुछ शानदार साझेदारियां और बल्ले से कुछ व्यक्तिगत प्रतिभाएं देखने को मिलीं।

गुमशुदा/अपहृत की तलाश

निशा

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की (फोटो में दर्शायी गई) जिसका नाम **निशा सुपुत्री शाहिद खान निवासी मकान नं. सी-6, गली न. 6, राजधानी पार्क, नांगलोई, दिल्ली** जो अपने घर से दिनांक **29.04.2024, रात्रि 08:30 बजे** से लापता/अपहृत है। इस संदर्भ में एक एफआईआर नं./डीडी नं. **187-ए, दिनांक 29.04.2024 को थाना नांगलोई, ज़िला बाहरी, दिल्ली** में रिपोर्ट दर्ज है। स्थानीय पुलिस ने इस लड़की का पता लगाने के लिए गंभीर प्रयास किए लेकिन अब तक कोई सुराग नहीं मिला है। जिसका हुलिया नीचे दिया गया है:-

लिंगः स्त्री, **आयुः** 20 वर्ष, **कदः** 5' 2" फीट, **रंगः** गोरा, **चेहराः** गोल, **शरीरः** पतला, **पहनावाः** काले रंग का पजामा व फ्रोक और पैरों में काले रंग की चप्पल पहने हुए।

यदि किसी को इस गुमशुदा लड़की के बारे में कोई जानकारी मिले तो निम्नलिखित पते पर सूचित करें:-

थाना प्रभारी
थाना नांगलोई, दिल्ली
फोन नं.: 011-25947225, 25949470
मो. नं.: 7065036127

वेबसाइट: http://cbi.nic.in
ई–मेल: cic@cbi.gov.in
टेली. न.: 011-24368638/24368641
फैक्स नं.: 011-24368639

DP/5277/OD/2024

26 सदस्यीय संभावित टीम में आई लीग के चार खिलाड़ी शामिल

भारतीय फुटबॉल टीम कुवैत-कतर को देगी चुनौती

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय कोच इगोर स्टिमक ने शनिवार को 26 सदस्यीय संभावित सूची में आई-लीग के चार खिलाड़ियों को शामिल किया है। यह टीम कुवैत और कतर के खिलाफ फीफा विश्व कप 2026 और एएफसी एशियाई कप 2027 के प्रारंभिक संयुक्त क्वालिफिकेशन के दूसरे चरण के मैचों में चुनौती देगी।

मिजोरम के 23 वर्षीय फॉरवर्ड डेविड लालहलानसंगा ने मोहम्मडन स्पोर्टिंग की आई-लीग जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। टीम इससे शीर्ष स्तर की आईएसएल में जगह बनाने में सफल रही। रीयल कश्मीर के डिफेंडर मुहम्मद हम्माद और इंटर काशी के मिडफील्डर एडमंड लालरिंडिका के साथ आइजोल एफसी के फॉरवर्ड लालरिंजुआला लालबियाकनिया को भी टीम में जगह मिली है।

भारत के संभावित खिलाड़ी

गोलकीपरः अमरिंदर सिंह, गुरप्रीत सिंह संधू। डिफेंडरः अमेय गणेश रानावाडे, जय गुप्ता, लालचुंगनुंगा, मुहम्मद हम्माद, नरेंद्र, निखिल पुजारी, रोशन सिंह नाओरेम। मिडफील्डरः ब्रैंडन फर्नांडिस, एडमंड लालरिंडिका, इमरान खान, इसाक वनलालरुआतफेला, जेकसन सिंह थौनाओजम, महेश सिंह नाओरेम, मोहम्मद यासिर, नंदकुमार सेकर, राहुल कन्नोली प्रवीण, सुरेश सिंह वांगजाम, विबिन मोहनन। फॉरवर्डः डेविड लालह्लानसंगा, जितिन मदाथिल सुब्रान, लालरिनजुआला लालबियाकनिया, पार्थिब गोगोई, रहीम अली, सुनील छेत्री।

10 को प्रशिक्षण शिविर

एआईएफएफ ने कहा कि मोहन बागान और मुंबई सिटी एफसी की टीमें आईएसएल फाइनल में भिड़ेगी ऐसे में इन दोनों टीमों से राष्ट्रीय टीम के लिए चुने जाने वाले संभावितों के नाम की घोषणा दूसरी सूची में की जाएगी। भारत 10 मई को भुवनेश्वर में प्रशिक्षण शिविर शुरू करेगा।

छह जून को पहला मैच

भारतीय टीम ग्रुप ए के अपने आखिरी दो मैचों में छह जून को कोलकाता में कुवैत के खिलाफ खेलने के बाद 11 जून को दोहा में कतर का सामना करेगी। भारत चार मैचों में चार अंक के साथ ग्रुप तालिका में दूसरे स्थान पर है। ग्रुप की शीर्ष दो टीमें फीफा विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे दौर के लिए क्वालीफाई करने के साथ एएफसी एशियाई कप सऊदी अरब 2027 में अपनी जगह पक्की करेगी।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 Cr. P.C देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त व्यक्ति **हितिन शर्मा** पुत्र शम्भू शर्मा निवासी मकान नं. सी/15, ईस्ट बलदेव पार्क, दिल्ली ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 228/2016 धारा 379 भा.द.स.** थाना जगतपुरी, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **हितिन शर्मा** मिल नहीं रहा है और समधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **हितिन शर्मा** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा करते हुए अभियुक्त **हितिन शर्मा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष या (मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 06.06.2024** को या उसके पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री आयुषी सक्सेना,
मेट्रोपोलिटन मैजिस्ट्रेट–05,
कमरा नं 07, शाहदरा जिला,
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/5305/SHD/2024
(Court Notice)

नेपाल पहुंचे सीजेआई चंद्रचूड़

किशोरों से जुड़े साइबर अपराधों को रोकने अंतरराष्ट्रीय सहयोग का आह्वान

एजेंसी ▶▶ काठमांडू

भारत के प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ 3 दिनों की विदेश यात्रा पर नेपाल में हैं। उन्होंने शनिवार को काठमांडू में कहा कि प्रौद्योगिकी के त्वरित विकास की पृष्ठभूमि में नाबालिगों से संबंधित अंतरराष्ट्रीय डिजिटल अपराधों से निपटना बहुत जरूरी हो गया है। उन्होंने कहा कि किशोर न्याय पर चर्चा करते समय, हमें कानूनी विवादों में उलझे बच्चों की कमजोरियों और उनकी जरूरतों को पहचानना होगा। किशोर न्याय की बहुमुखी प्रकृति और समाज के अंतर्संबंधों को समझना महत्वपूर्ण है। प्रौद्योगिकी का विकास तेजी से हो रहा है और किशोर हैकिंग, साइबर क्षेत्र में किसी पर दबाव डालना, ऑनलाइन धोखाधड़ी और डिजिटल उत्पीड़न जैसे साइबर अपराधों में शामिल हो रहे हैं।

किशोरों से जुड़े साइबर अपराधों को रोकना होगा

डिजिटल प्लेटफार्म की गुमनामी और पहुंच प्रवेश की बाधाओं को कम करती है, जिससे युवा व्यक्ति अवैध गतिविधियों की ओर आकर्षित होते हैं। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि इसका तेजी से प्रसार किशोरों की ऑनलाइन खतरों के प्रति संवेदनशीलता को उजागर करता है। डिजिटल युग में युवाओं को शिक्षित और सुरक्षित करने के लिए सक्रिय उपायों की आवश्यकता है।

बच्चों को अपनी क्षमता पूरी करने का दें अवसर

सीजेआई ने कहा कि रोकथाम, हस्तक्षेप और पुनर्वास की रणनीतियों को अमल में लाकर हम एक ऐसे समाज का निर्माण कर सकते हैं जो प्रत्येक बच्चे को अपनी क्षमता पूरी करने का अवसर प्रदान करे। बच्चों की भलाई को सबसे आगे रखकर और पुनर्वास एवं सहायता सेवाओं तक पहुंच प्रदान करके किशोर न्याय प्रणाली युवा अपराधियों के समग्र विकास के लिए अनुकूल वातावरण बनाने में मदद करती है।

द्विपक्षीय सहयोग के मुद्दों पर चर्चा, पांचवीं बैठक अगले महीने माले में होगी

भारत और मालदीव के बीच चौथी हाई लेवल बैठक, सैन्य कर्मियों की वापसी 10 मई को

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नई दिल्ली में बीते शुक्रवार को भारत और मालदीव दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय उच्च स्तरीय कोर ग्रुप की चौथी बैठक सम्पन्न हुई। विदेश मंत्रालय ने बताया कि बैठक में दोनों देशों ने द्विपक्षीय सहयोग से संबंधित व्यापक मुद्दों पर चर्चा हुई। इस दौरान भारत और मालदीव ने शुक्रवार को द्वीपीय देश से भारतीय सैन्यकर्मियों की वापसी की चल रही प्रक्रिया की समीक्षा की गई। गौरतलब है कि मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने अपने देश से भारतीय सैनिकों की वापसी के लिए 10 मई की समय सीमा तय की है। भारत हिंद महासागर में स्थित द्वीपसमूह में तीन विमानन प्लेटफॉर्मों का संचालन कर रहे कुछ सैन्यकर्मियों को पहले ही वापस बुला चुका है।

भारत और मालदीव ने शुक्रवार को द्वीपीय देश से भारतीय सैन्यकर्मियों की वापसी की चल रही प्रक्रिया की समीक्षा की गई।

कुछ सैनिकों की पहले ही हो चुकी वापसी, शेष पर चर्चा जारी

निवेश बढ़ाने का प्रयास और सहयोगी परियोजनाओं पर जोर

भारत ने जताई थी तीखी प्रतिक्रिया

18 जून 2020 को नेपाल ने अपने संविधान में संशोधन करके तीन रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्रों लिपुलेख, कालापानी और लिंपियाधुरा क्षेत्रों को शामिल करके देश के राजनीतिक मानचित्र को फिर से अपडेट करने की प्रक्रिया पूरी की थी। इस पर भारत ने तीखी प्रतिक्रिया दी थी। लिपुलेख, कालापानी और लिम्पियाधुरा पर भारत अपना अधिकार रखता है। नेपाल पांच भारतीय राज्यों-सिक्किम, पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के साथ 1,850 किमी से अधिक लंबी सीमा साझा करता है। दोनों देशों की सीमा मुख्य रूप से ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी और नेपाल साम्राज्य के बीच हुई 1816 की सुगौली संधि पर आधारित है। इस संधि ने दोनों देशों के बीच की सीमा को परिभाषित किया है और इसके बाद की संधियों और समझौतों ने सीमा को और अधिक विस्तार से बताया है।

नेपाल ने 100 रुपए के नोट में लिपुलेख लिंपियाधुरा, कालापानी को अपना बताया

काठमांडू। भारत का सबसे निकट का देश नेपाल फिर एक बार विवाद खड़ा करने की कोशिश में लग गया है। उसने अपने 100 रुपए के नए नोट में लिपुलेख, लिंपियाधुरा और कालापानी को दिखाएगा। ये तीनों स्थलों को लेकर उसका भारत के साथ विवाद है। भारत ने इन क्षेत्रों पर नेपाल के दावे को कृत्रिम विस्तार और अस्थिर करार दिया है। प्रधानमंत्री पुष्पकमल दहल प्रचंड की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की बैठक में नेपाल के नए मानचित्र को 100 रुपए के नए नोट पर छापने का फैसला लिया गया। इस मानचित्र में लिपुलेख, लिंपियाधुरा और कालापानी को दिखाया गया है। सरकार की प्रवक्ता रेखा शर्मा ने कहा कि कैबिनेट ने 25 अप्रैल और 2 मई को हुई बैठकों के दौरान 100 रुपए के बैंक नोट को फिर से डिजाइन करने और बैंक नोट के बैकग्राउंड में मुद्रित पुराने मानचित्र को बदलने की मंजूरी दे दी।

सैन्यकर्मियों के बदलने की चल रही प्रक्रिया

बैठक के दौरान रक्षा क्षेत्र, द्विपक्षीय व्यापार व निवेश को बढ़ाने का प्रयास और विकास सहयोग परियोजनाएं प्रमुख रहीं। विदेश मंत्रालय ने मालदीव में भारतीय सैन्य कर्मियों की बदलने की चल रही प्रक्रिया की समीक्षा किए जाने की भी पुष्टि की। बैठक में दोनों देशों ने मौजूदा द्विपक्षीय सहयोग की भी समीक्षा की।

कनाडा में निज्जर हत्याकांड के आरोपी गिरफ्तार, तस्वीरें जारी

ओटावा। खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर केस मामले में कनाडा पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों को लेकर बड़ा खुलासा किया है। पुलिस ने 3 इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने का दावा करते हुए उनके नाम और तस्वीरें भी जारी कर दिया है। भारत द्वारा नामित खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में कनाडा पुलिस ने जिन तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, उनमें से 22 वर्षीय करण बराड़, 22 वर्षीय कमलप्रीत सिंह और 28 वर्षीय करणप्रीत सिंह का नाम शामिल है। इन्हें शुक्रवार को पुलिस ने गिरफ्तार किया था।

प्याज के निर्यात पर 40% शुल्क लगाया, निर्यात पर रोक हटाई

नई दिल्ली। देश में चल रहे लोकसभा चुनावों के बीच सरकार ने शनिवार को प्याज निर्यात पर प्रतिबंध हटा लिया है। मिनिमम एक्सपोर्ट प्राइस 550 डॉलर यानी करीब 45,800 रुपए प्रति मीट्रिक टन तय कर दी। यानी जो प्याज एक्सपोर्ट किया जाएगा, उसकी कीमत मिनिमम 45,800 रुपए प्रति मीट्रिक टन होना जरूरी है। यह आदेश

आज से ही लागू हो गया है और अगले आदेश तक मान्य रहेगा। इसके अलावा सरकार ने प्याज के निर्यात पर 40% निर्यात शुल्क लगाने का भी फैसला लिया है। पिछले साल दिसंबर में जब प्याज की कीमत 70 से 80 रुपए पहुंच गई थी तब सरकार ने प्याज के एक्सपोर्ट पर बैन लगा दिया था। पिछले साल अगस्त में भारत ने 31 दिसंबर, 2023 तक प्याज पर 40 प्रतिशत निर्यात शुल्क लगाया था।

चीन को पछाड़कर विश्व का दूसरा सबसे बड़ा रोड नेटवर्क वाला देश बना भारत

***नई दिल्ली।** भारत ने रोड नेटवर्क में चीन को पछाड़ दिया है। चीन को पछाड़ कर भारत विश्व का दूसरा सबसे बड़ा रोड संपर्क वाला देश बना है। शीर्ष पर अभी यूएसए बना हुआ है। यूएसए में 68 लाख किलोमीटर तक रोड का जाल बिछा हुआ है। जबकि भारत में 63.7 लाख किलोमीटर का सड़कों का जाल बिछा हुआ है। चीन में 51.9 लाख किलोमीटर तक सड़कों का जाल है। ब्राजील में 20 लाख, रूस में 15.2 लाख, फ्रांस में 10.5 लाख, कनाडा में 10.4 लाख, आस्ट्रेलिया में 8.73 लाख किलोमीटर, मैक्सिको में 8.17 लाख किलोमीटर और साउथ अफ्रीका में 7.50 लाख किलोमीटर की सड़कें बिछी हैं। भारत में काफी तेजी से सड़कों और हाइवे का निर्माण हो रहा है। पिछले कई सालों में हाइवे और एक्सप्रेसवे खूब बने हैं।*

आरोपों के बाद दिया इस्तीफा

भारत में 25 किलो सोने की तस्करी में पकड़ी गई अफगानी डिप्लोमैट

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मुंबई में अफगानिस्तान वाणिज्यिक दूतावास की कांसुलेट जनरल जाकिया वारडाक ने इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपने ऊपर निजी मामलों का हवाला देते हुए इस्तीफा दिया है। जेनरल जाकिया वारडाक पर कथित तौर पर दुबई से 25 किलो सोने की भारत में तस्करी की कोशिश का आरोप है। मुंबई एयरपोर्ट पर भारतीय राजस्व खुफिया निदेशालय ने सोना पकड़ा था। इसकी कीमत करीब 18 करोड़ रुपए बताई जा रही है।

इस्तीफे की यह बताई वजह

जाकिया ने अपने इस्तीफे के कारणों का भी उल्लेख किया है। उन्होंने कहा है कि बीते साल से उन पर और उनके परिवार और करीबी रिश्तेदारों पर निजी हमले किए जा रहे हैं। जाकिया का कहना है कि इस तरह के आरोप लगातार उनको बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने सकारात्मक बदलाव लाने काम किया।

चंडीगढ़ पुलिस ने दो सनसनीखेज मर्डर मिस्ट्री को सुलझाने का किया

3 लड़कियों का कत्ल, 800 से पूछताछ, 100 की डीएनए जांच...14 साल बाद एक सीरियल किलर गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

चंडीगढ़ पुलिस ने एक सीरियल रेपिस्ट और किलर को गिरफ्तार करते हुए एक दो सनसनीखेज मर्डर मिस्ट्री को सुलझाने का दावा किया है। पहला, नेहा मर्डर केस 14 साल पहले हुआ था, जबकी दूसरा मनदीप मर्डर केस दो साल पहले हुआ था। इन दोनों मामलों के अलावा एक केस हिमाचल प्रदेश में भी हुआ था। हर घटना में एक ही पैटर्न पर पहले लड़कियों के साथ रेप हुआ, उसके बाद उनकी बेरहमी से हत्या कर दी गई। इन वारदातों को अंजाम देने के आरोपी मोनू कुमार अब पुलिस की गिरफ्त में है। वो बिहार का रहने वाला है, लेकिन अभी चंडीगढ़ के सेक्टर-38 के शाहपुर कालोनी में रहता है। उसके खूनी कारनामों की कहानी बहुत खौफनाक है।

डीएनए सैंपल हुआ मैच, आठ महीने की कोशिश रंग लाई

पुलिस ने क्रिमिनल बैकग्राउंड के 100 लोगों के डीएनए सैंपल लिए और फिर उन्हें जांच के लिए चंडीगढ़ की फॉरेंसिक साइंस लेब्रोटरी में भिजवा दिया। नए सिरे से की गई करीब 8 महीने की कोशिश आखिरकार तब रंग लाई, जब 100 में से एक आदमी का सैंपल मलोया मर्डर केस में मनदीप कौर की लाश से कलेक्ट किए गए सैंपल से मेल खा गया। कातिल शाहपुरा कॉलोनी निवासी मोनू कुमार 38 साल के रूप में पहचान हो चुकी थी, जो पेशे से एक टैक्सी ड्राइवर था। उसे नशे की लत थी। मोनू कुमार बिहार का रहने वाला है। 6 महीने बाद मोनू चंडीगढ़ लौटा और पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

13 मई को चौथे चरण का मतदान

भारत के चुनाव पर दुनिया की निगाहें 23 देशों के 75 पर्यवेक्षकों ने डाला डेरा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में लोकसभा चुनावों के लिए दो चरणों का मतदान हो चुका है। 13 मई को चौथे चरण का मतदान होना है। लोकसभा चुनावों का निरीक्षण करने के लिए 23 देशों के चुनाव प्रबंधन निकायों के प्रतिनिधि भारत आए हुए हैं, जो भारत की लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में एक महत्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय जुड़ाव को दर्शाता है। इस डेलीगेशन में 75 प्रतिनिधि शामिल हैं जो विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में चुनावी प्रणाली और इसके संचालन के बारे में जानकारी हासिल करने के लिए 6 राज्यों में महाराष्ट्र, गोवा, गुजरात, कर्नाटक, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में फैले हुए हैं। इसमें भूटान, मंगोलिया, ऑस्ट्रेलिया, मेडागास्कर, फिजी, किर्गिज गणराज्य, रूस, मोल्दोवा, ट्यूनीशिया, सेशेल्स, कंबोडिया, नेपाल, फिलीपींस, श्रीलंका, जिम्बाब्वे, बांग्लादेश, कजाकिस्तान, जॉर्जिया, चिली, उज्बेकिस्तान, मालदीव, पापुआ न्यू गिनी और नामीबिया जैसे देश शामिल हैं।

आज इनको संबोधित करेंगे मुख्य चुनाव आयुक्त

कार्यक्रम शनिवार को शुरू हुआ और इसका उद्देश्य भारत की चुनावी प्रणाली का व्यापक अवलोकन प्रदान करना है। इसका उद्देश्य स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए लागू की जा रही सर्वोत्तम प्रथाओं को प्रदर्शित करना है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार, चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू रविवार को इन प्रतिनिधियों को संबोधित करेंगे। इस चुनावी निगरानी मिशन में अंतर्राष्ट्रीय माहौल को और बढ़ाने इंटरनेशनल फाउंडेशन फॉर इलेक्टोरल सिस्टम्स के सदस्य और भूटान और इजराइल की मीडिया टीमें भी शामिल हैं। उनकी भागीदारी मीडिया और स्वतंत्र पर्यवेक्षकों के महत्व को उजागर करती है।

3 महिला सरपंचों को मिला सम्मान, रुचिरा बोली-भारत बदल रहा

भारत के पंचायती राज में महिलाओं के नेतृत्व की यूएन में तारीफ

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

संयुक्त राष्ट्र के एक कार्यक्रम में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा कि भारत में पंचायती राज व्यवस्था में महिलाओं का नेतृत्व बढ़ा है। कंबोज ने कहा कि भारत में ग्रामीण इलाकों में प्रशासन के लिए बनी पंचायती राज व्यवस्था पर भारत गर्व कर सकता है और इससे जमीनी स्तर पर सत्ता का विकेंद्रीकरण हुआ है। यूएन में भारत के सीपीडी57 साइड इवेंट में बोलते हुए रुचिरा कंबोज ने कहा कि भारत में जमीनी स्तर पर महिला सशक्तिकरण के परिवर्तनकारी प्रभाव हुए हैं। कंबोज ने कहा कि एक ग्राम सभा की पंचायत में सभी निवासियों की भागीदारी होती है।

भारत में लैंगिक समानता की दिशा में काफी काम हुआ

भारत की लैंगिक समानता के प्रति प्रतिबद्धता को बताते हुए संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा कि 1992 में संविधान संशोधन के साथ एक अहम मील का पत्थर हासिल किया गया, जिसके तहत स्थानीय शासन में कम से कम एक तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित की गईं। महिलाओं को प्रतिनिधित्व देने की दिशा में यह ऐतिहासिक कदम था। कंबोज ने बताया कि आज भारत में निर्वाचित कुल 31 लाख जनप्रतिनिधियों में से 14 लाख से अधिक महिलाएं हैं। यह व्यापक सामाजिक बदलाव को दर्शाता है। हालांकि नेतृत्व में महिलाओं के सामने चुनौतियां भी कम नहीं हैं।

संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में भारत की 3 महिला सरपंचों का बजा डंका

अमेरिका के न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में भारत का स्थायी मिशन और पंचायती राज मंत्रालय संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) के सहयोग से चल रहे "सतत विकास लक्ष्यों का स्थानीयकरण : भारत में स्थानीय प्रशासन में महिला नेतृत्व" विषय पर पांच दिवसीय कार्यक्रम के अंतिम दिन शुक्रवार को भारत की तीन महिला सरपंचों ने भाग लिया। उन्होंने जनसंख्या और विकास आयोग (सीपीडी57) के 57वें सत्र में अपनी बात रखी। इस कार्यक्रम में त्रिपुरा के सिपाहीजला जिला परिषद की सभाधिपति सुप्रिया दास दत्ता, आंध्र प्रदेश के पेकेरू ग्रांम पंचायत की सरपंच कुनुकु हेमा कुमारी और राजस्थान के लांबी अहीर ग्राम पंचायत की सरंपच नीरू यादव को मौका मिला है। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व केंद्रीय पंचायती राज मंत्रालय के सचिव विवेक भारद्वाज ने किया। सुप्रिया दास दत्ता ने फार्मेसी में डिप्लोमा किया है। कुनुकु हेमा कुमारी ने टेक्नोलॉजी में मास्टर डिग्री हासिल की है। नीरू यादव के पास गणित और शिक्षा में मास्टर डिग्री है। इस समय वह पीएचडी भी कर रही हैं।

अमेरिकी महिला ने 4 बच्चों को फ्रीज में बना दिया बर्फ

वाशिंगटन। अमेरिकी महिला के फ्रीजर में 4 बच्चों को जमाकर बर्फ बना दिया गया। इनमें 2 लड़के और 2 लड़कियां थीं। हालांकि महिला के खिलाफ कोई आरोप दायर नहीं किया गया। बच्चों के शरीर पन्नी में लिपटे हुए जूते के बक्सों में ठोस रूप से फ्रीज में जमे हुए थे।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109